राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात: किरण

हर खबर की खबर

नई दिल्ली, पटना एवं जबलपुर (म. प्र.) से एक साथ प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran







12 यवतमाल में शिवसेना का बड़ा शति प्रदर्शन, जितेश नावडे और......

ऑस्ट्रेलिया-बांग्लादेश सीरीज से ट्रैविस हेड और मिचेल मार्श ..... 11



वर्ष : 17 | अंक : 45 | नई दिल्ली, मंगलवार, 09 जून, 2026 | विक्रम संवत् 2083 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 43.0°C

न्यूनतम तापमान 35.0°C

राजधानी दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

| | |
|---|---|
| हां | 50% |
| नहीं | 40% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 1,56,000 |
| चांदी | 2,46,141 |
| संसेक्स | 73,524.26 |
| निफ्टी | 23,123.00 |

## संक्षिप्त खबरें

### इंडिया ब्लॉक की बैठक से पहले दिल्ली में कांग्रेस विरोधी पोस्टर

नई दिल्ली। विपक्षी ह्यइंडिया ब्लॉक की महत्वपूर्ण बैठक से ठीक पहले दिल्ली की सड़कों पर कांग्रेस पार्टी के खिलाफ बड़े पैमाने पर पोस्टर लगाए गए हैं। इन पोस्टरों में गठबंधन के प्रमुख सहयोगी दलों के नेताओं, उदयनिधि स्टालिन, शरद पवार, पी. विजयन, ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल के बयानों का उल्लेख कर कांग्रेस को धोखेबाज और अविश्वसनीय बताया गया है। सोमवार को होने वाली इंडिया ब्लॉक की बैठक से पहले अशोका रोड गोलचक्कर, रेल भवन गोलचक्कर, ली मेरिडियन गोलचक्कर समेत राजधानी के कई प्रमुख स्थानों पर ये पोस्टर नजर आए। पोस्टरों में कांग्रेस पर गठबंधन की पीठ में छुरा घोंपने का आरोप लगाया गया है। एक पोस्टर में डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन का बयान, 20 साल से ज्यादा समय तक कांग्रेस हमारी पीठ पर बैठकर आगे बढ़ती रही, और आज उन्होंने हमारी ही पीठ में छुरा घोंप दिया लिखा है। एनसीपी (शरदचंद्र पवार) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार का हवाला देते हुए एक पोस्टर में लिखा है कि ह्यराहुल गांधी में कंसीस्टेंसी की कमी है। केरल के पूर्व मुख्यमंत्री और सीपीआई(एम) नेता पी. विजयन के पोस्टर पर लिखा गया है कि राहुल गांधी एक राष्ट्रीय स्तर के नेता हैं, लेकिन फिर भी उनमें इतनी भी समझ नहीं है जितनी कांग्रेस के एक आम स्थानीय कार्यकर्ता में होती है। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी का बयान भी इन पोस्टरों में प्रमुखता से छपा है, ह्यकांग्रेस अपनी विश्वसनीयता खो रही है। हम कांग्रेस पर निर्भर नहीं रह सकते।ह्न एक अन्य पोस्टर में ममता का यह बयान है, ह्यअगर कांग्रेस गठबंधन (इंडिया ब्लॉक) नहीं चला सकती, तो मैं इसे चला सकती हूं। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के पोस्टर में लिखा है, ह्यलोग कहते हैं कि हम कांग्रेस को कमजोर कर रहे हैं। भला, मैं कांग्रेस को क्या कमजोर करूंगा ?ह्न राहुल गांधी खुद ही अकेले इस काम को बहुत अच्छे से कर रहे हैं। सभी पोस्टरों के नीचे एक ही स्लोगन छपा है कि ह्यइंडी अलायन्स वाले जो आपस में लड़ रहे हैं, वो साथ क्या लड़ेंगे! अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि इन पोस्टरों को किसने लगवाया है, लेकिन पोस्टर के जरिए ह्यइंडियाह्न ब्लॉक में शामिल दलों की एकजुटता पर सवाल उठाया गया है।

# फिलीपींस में भीषण भूकंप, आठ की मौत, सुनामी की तीन फुट ऊंची लहरें की गयीं दर्ज

प्रात: किरण, एजेंसी



मनीला। फिलीपींस में सोमवार तड़के 7.8 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप के झटके महसूस किये गये, जिससे हुए हादसों में अब तक आठ लोगों की मौत हो गयी है और 200 से ज्यादा लोग घायल हो गये हैं। देश के एक दक्षिणी शहर में कई इमारतें और एक मुख्य संपर्क पुल क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि इसके बाद उठी तीन फुट ऊंची सुनामी ने नजदीकी तटीय क्षेत्रों में दहशत फैला दी। अधिकारियों ने बताया कि इस आपदा में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गयी है और 200 से अधिक लोग घायल हुए हैं। भूकंप के झटके आने के करीब पांच घंटे बाद प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने कहा कि सुनामी का खतरा अब काफी हद तक टल गया है। फिलीपीन ज्वालामुखी और भूकंप विज्ञान संस्थान के अनुसार, सुल्तान कुदरत और सारंगनी के फिलीपीन प्रांतों में जमीन पर बने सुनामी निगरानी केंद्रों ने तीन फुट ऊंची लहरें दर्ज कीं। चेतावनी केंद्र ने हालांकि खतरे को काफी हद तक टला हुआ बताया है, लेकिन लोगों से सतर्क रहने और स्थानीय अधिकारियों की चेतावनियों पर ध्यान देने का आग्रह किया है, क्योंकि अगले कुछ घंटों तक समुद्र के जलस्तर में उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है। फिलीपींस के अलावा, इंडोनेशिया और मलेशिया के समुद्र में भी हलचल देखी गयी, हालांकि यहां छोटी लहरें दर्ज की गयीं। इस भूकंप ने दक्षिणी फिलीपींस में इमारतों और अवसरंचना को काफी नुकसान पहुंचाया है, हालांकि सुनामी से हुए नुकसान की स्थिति अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो सकी है। श्री टेरेसिटो बैकोलकोल ने कहा, यह एक बड़ा भूकंप है और बड़े नुकसान की आशंका है। सामने आये वीडियो के आधार पर हमने कुछ क्षतिग्रस्त इमारतों को पहले ही देखा है। भूकंप के तुरंत बाद फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने कहा कि आपदा राहत बल और एजेंसियां राहत कार्य के लिए पूरी तरह तैयार हैं। श्री मार्कोस ने कहा, राष्ट्रीय सरकार पूरी मुस्तैदी से काम कर रही है और हम लोगों को इस संकट में नहीं छोड़ नहीं देंगे।

# इंडिया गठबंधन ने दिल्ली में की बैठक

## मोदी सरकार पर किया प्रहार अगली बैठक अगस्त में हैदराबाद में होगी

प्रात: किरण, एजेंसी



नई दिल्ली। दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में सोमवार को इंडिया गठबंधन की बैठक का आयोजन किया गया। कांग्रेस नेताओं ने इसमें 23 राजनीतिक दलों के शामिल होने की पुष्टि की। कांग्रेस का कहना है कि अलग-अलग राजनीतिक विचारधाराओं के बावजूद विपक्षी गठबंधन एकजुट है। इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र की बीजेपी सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि सत्ताधारी सरकार में संविधान पर हमला लगातार जारी है। बीजेपी सरकार पर 'कुशासन' का आरोप लगाते हुए उन्होंने जोर दिया कि इंडिया ब्लॉक की सभी राजनीतिक पार्टियों को इसके खिलाफ एकजुट होकर लड़ना चाहिए। यह बैठक विपक्ष की एकजुटता की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है, क्योंकि गठबंधन में शामिल पार्टियां मौजूदा सरकार के खिलाफ आपसी सहयोग को मजबूत करने की कोशिश कर रही है। इस बैठक में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, ममता बनर्जी, अखिलेश यादव और उमर अब्दुल्ला, तेजस्वी यादव समेत कई बड़े नेता शामिल हुए हैं। इंडिया ब्लॉक की मीटिंग के बाद कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि वोट लूट और चुनाव में चोरी पर चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया को एक लेटर भेजने पर सहमति बनी है। यह लेटर बहुत जल्द चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया को दिया जाएगा। दूसरा, एजुकेशन मिनिस्टर के तुरंत इस्तीफे की मांग करने पर एकमत से सहमति बनी क्योंकि उन्होंने एनईईटी और सीबीएसई एग्जाम देने वाले लाखों युवाओं के साथ धोखा किया है। इंडिया ब्लॉक मीटिंग के बाद खरगे ने कहा कि केंद्र सरकार को अभी की खराब आर्थिक हालत, बेरोजगारी, महंगाई और किसानों के मुद्दे और दूसरे लोगों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के लिए तुरंत एक ऑल-पार्टी मीटिंग बुलानी चाहिए। यह तय हुआ कि सभी पार्टियां हर दो महीने में मिलेंगी। मानसून सेशन के दौरान पार्लियामेंट कोऑर्डिनेशन जारी रहेगा और विपक्ष के नेता के ऑफिस में रोज सुबह मीटिंग होंगी।कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में इंडिया ब्लॉक की मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए खड़गे ने अपनी शुरूआती टिप्पणी में कहा कि 'हमने 17 अप्रैल को लोकसभा में अपनी एकजुटता और एकता का बहुत निर्णायक रूप से प्रदर्शन किया। जब हम सभी ने मजबूती से एकजुट होकर डिलिमिटेशन पर मोदी सरकार के दुर्भावनापूर्ण बिलों को हराया। अब हमें मोदी सरकार के कुशासन के कारण देश के सामने आने वाली कई राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक और विदेश नीति चुनौतियों का सामना करने के लिए इस भावना को मजबूत और आगे बढ़ाना होगा। गठबंधन की अगली बैठक अगस्त में हैदराबाद में होगी।

# ममता बनर्जी के 28 में से 20 लोकसभा सांसद टूटे

### NDA का समर्थन करेंगे, स्पीकर को जानकारी दी; सीएम अधिकारी TMC सांसदों से मिलने पहुंचे



कोलकाता। विधायकों के बाद अब तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने भी ममता का साथ छोड़ दिया है। न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक, लोकसभा के 28 सांसदों में से 20 ने एनडीए सरकार को समर्थन देने का फैसला किया है। सांसद और TMC की पूर्व नेता काकोली घोष दस्तीदार ने भी सोमवार को यही दावा किया। उन्होंने बताया कि 20 सांसदों ने TMC को समर्थन देने की जानकारी लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को दे दी है। पत्र में TMC के बागी सांसदों से अलग बैठने की भी बात कही गई है। TMC सांसद शताब्दी रॉय के घर बागी सांसदों की बैठक चल रही है। बंगाल के सीएम शुभेंदु अधिकारी भी उनके घर सांसदों से मिलने पहुंचे हैं। इससे पहले इनमें से 11 सांसदों ने सोमवार दोपहर केंद्रीय मंत्री और BJP के बंगाल प्रभारी भूपेंद्र यादव के घर पर मीटिंग की। इस दौरान बंगाल उट शुभेंदु अधिकारी भी इनसे मिलने पहुंचे थे। लोकसभा में TMC के अभी 28 और राज्यसभा में 13 सांसद हैं। इससे पहले 3 जून को बंगाल के 80 में से 58 विधायक अलग गुट बना चुके हैं। इस गुट ने ऋतब्रत को अपना नेता बनाया है।

# मुख्यमंत्री ने दी करावल नगर विधानसभा को 138 करोड़ की सीवर विकास योजना की सौगात

- पिछले एक वर्ष में करावल नगर विधानसभा क्षेत्र को मिली 300 करोड़ के विकास कार्यों को स्वीकृति : रेखा गुप्ता

प्रात: किरण, एजेंसी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्र विकास एवं जन विश्वास को समर्पित केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर आज करावल नगर विधानसभा में प्रदेश भाजपा ने पहली जनसभा का आयोजन किया। सभा को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता एवं प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने संबोधित किया। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक एवं मंत्री कपिल मिश्रा की मौजूदगी में करावल नगर विधानसभा को 138 करोड़ रुपए की सीवर विकास योजना की सौगात दी। सांसद मनोज तिवारी, मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, विधायक अजय महावर, उत्तर पूर्वी जिला भाजपा अध्यक्ष डा. यूके चौधरी ने भी जनसभा को सम्बोधित किया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि करावल नगर क्षेत्र लंबे समय से जल निकासी, सीवर व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति और आधारभूत ढांचे से जुड़ी चुनौतियों का सामना कर रहा था। दिल्ली सरकार इन समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और आज का शिलान्यास उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पिछले एक वर्ष में करावल नगर विधानसभा क्षेत्र में 300 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों को स्वीकृति दी जा चुकी है। मुख्यमंत्री विकास निधि, विधायक निधि तथा यमुनापार विकास बोर्ड के माध्यम से क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को गति दी गई है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि क्षेत्र में 138 करोड़ की सीवर लाइन परियोजना जारी हो गई है। सोनिया विहार, मिलन गार्डन, चौहान पट्टी और सभापुर एक्सटेंशन सहित विभिन्न क्षेत्रों में सीवर लाइन बिछाने का कार्य तेजी से आगे बढ़ेगा। इसके अतिरिक्त पुरानी जलापूर्ति लाइनों को बदलने, पुराने सीवरों की मशीनों से सफाई कराने तथा पेयजल आपूर्ति को बेहतर बनाने के लिए भी लगातार कार्य किए जा रहे हैं। क्षेत्र में तीन अटल कैंटीन की शुरूआत की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त तीन आरोग्य मंदिर भी स्वीकृत किए गए हैं। सभापुर एक्सटेंशन में गलियों के निर्माण, रामपाल चौक से शिव मंदिर तक सड़क एवं नाला निर्माण तथा विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत ढांचे को मजबूत करने के कार्य भी प्रगति पर हैं। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि सिग्नेचर ब्रिज से पुश्ता मार्ग तक सड़क के चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण की दिशा में सरकार गंभीरता से कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि संबंधित एजेंसियों और आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं के समन्वय से इस परियोजना को आगे बढ़ाया जाएगा।

# ईरान और हूतियों ने इजरायल पर किया बैलिस्टिक मिसाइल हमला

प्रात: किरण, एजेंसी

तेहरान/तेल अवीव। इजरायल पर देर रात से ईरान और यमन की तरफ से हमले किए जा रहे हैं। यमन के बाद ईरान ने एक बार फिर से भारतीय समय के मुताबिक करीब 9 बजकर 45 मिनट के आसपास इजरायल की तरफ बैलिस्टिक मिसाइल हमले किए हैं। इजरायल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने इसकी जानकारी दी है। इससे पहले ईरान के बाद यमन के हूती विद्रोहियों ने भी इजरायल पर आज सुबह हमले किए थे। इजरायल डिफेंस फोर्स ने कहा है कि सोमवार तड़के यमन से इजरायल की तरफ दागी गई एक मिसाइल को रोक दिया गया है। ताजा हमलों को लेकर आईडीएफ ने कहा है कि खतरे को रोकने के लिए काम कर रहे हैं। पिछले कुछ मिनटों में होम फ्रंट कमांड ने संबंधित इलाकों में मोबाइल फोन पर सीधे शुरूआती निर्देश जारी किए। इसके लोगों से अगले निर्देश तक बंकरों में ही रहने को कहा है। इससे पहले इजरायली शहरों गुश डैन इलाके, शेफेलाह और लाचिश में सायरन बजने के आवाज सुने गये हैं। ये ताजा संघर्ष तब शुरू हुआ जब लेबनान की राजधानी बेरूत में इजरायल ने हिज्बुल्लाह के ठिकानों पर हमले किए थे और उसके बाद ईरान ने पलटवार करते हुए इजरायल में बैलिस्टिक मिसाइल हमले कर दिए। ईरान के हमले के बाद इजरायल ने भी ईरान में कम से कम तीन जगहों पर हमले किए हैं। इन हमलों से 8 अप्रैल से शुरू युद्धविराम समझौता खतरे में पड़ गया है। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी इरना ने ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के हवाले से बताया कि इससे पहले इजरायल ने रात भर बैलिस्टिक मिसाइलों का इस्तेमाल करके ईरान में सैन्य ठिकानों पर हमला किया। आईडीएफ ने पहले कहा था कि मिलिट्री इंटेलिजेंस के निर्देश पर इजरायली वायु सेना ने पश्चिमी और मध्य ईरान में ईरान के आतंकी शासन से जुड़े सैन्य ठिकानों पर हमला किया।

# विशाखापट्टनम स्टील प्लांट में हादसा, 8 मजदूरों की मौत

- 1600°c पर पिघला गर्म लोहा क्रेन से ले जा रहे थे, बैलेंस बिगड़ने से उन पर ही गिरा

प्रात: किरण, एजेंसी



आंध्र प्रदेश। के विशाखापट्टनम स्थित स्टील प्लांट में सोमवार को बड़ा हादसा हो गया। प्लांट में करीब 1600°c तापमान वाला पिघला हुआ लोहा (मोल्टन आयरन) मजदूरों पर गिर गया। हादसे में 8 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, प्लांट में क्रेन की मदद से एक बड़े बकेट में पिघला हुआ लोहा एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया जा रहा था। इसी दौरान बकेट का संतुलन बिगड़ गया और उसमें भरा गर्म लोहा नीचे काम कर रहे कर्मचारियों पर गिर गया। हादसा राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (RINL) के स्टील प्लांट में हुआ। हादसे के बाद प्लांट परिसर में अफरा-तफरी मच गई। राहत और बचाव दल ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घायलों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। अधिकारियों ने कहा कि फिलहाल हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। पता लगाया जा रहा है कि कही दुर्घटना की वजह तकनीकी खराबी या सुरक्षा मानकों में किसी तरह की चूक तो नहीं हुई। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने हादसे पर दुख जताया। वहीं गृह मंत्री वंगालपुडी अनिता ने विशाखापट्टनम के कलेक्टर और सिटी पुलिस कमिश्नर से फोन पर बात कर हादसे की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को घायलों को बेहतर इलाज दिलाने और रेस्क्यू ऑपरेशन तेज करने के निर्देश दिए।


मनी म्यूल यानी वह व्यक्ति जो अवैध रूप से प्राप्त पैसों को किसी अन्य व्यक्ति की ओर से कहीं ट्रांसफर करता है या भेजता है।

मनी म्यूल न बनें!



आपका बैंक खाता = आपकी पूंजी

- पैसे ट्रांसफर करने के लिए किसी दूसरे व्यक्ति को अपना बैंक खाता इस्तेमाल न करने दें।
- अगर कोई अन्य व्यक्ति आपके बैंक खाते के जरिए पैसा प्राप्त करता है या भेजता है तो आपको जेल हो सकती है।
- अपने बैंक खाते की जानकारी, ओटीपी या पासवर्ड किसी को न बताएं।

आपके खाते की सुरक्षा, आपकी सुरक्षा।

अवैध कमाई के जाल में न फंसें।

क्यूआर कोड स्कैन करें।

अधिक जानकारी के लिए देखें https://rbikehtahai.rbi.org.in अपनी प्रतिक्रिया देने के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर भेजें।

आधिकारिक व्हॉट्सऐप नं. 99990 41935 / 99309 91935

आरबीआई कहता है... जानकार बनिए, सतर्क रहिए!

जनहित में जारी

भारतीय रिज़र्व बैंक

RESERVE BANK OF INDIA

www.rbi.org.in

# आईआईटी रुड़की की राहत पर छात्रों ने उठाए सवाल, कहा-पात्रता कैसे होगी पूरी



**रुड़की, एजेंसी।** आईआईटी रुड़की की राहत पर छात्रों ने सवाल उठाए हैं। कहना है कि इम्प्रूवमेंट परीक्षा के बाद रिजल्ट ही नहीं आएगा तो पात्रता कैसे होगी पूरी होगी आईआईटी रुड़की ने 12वीं बोर्ड में निर्धारित न्यूनतम अंक हासिल नहीं करने वाले अभ्यर्थियों को भी फिलहाल जोसा काउंसलिंग प्रक्रिया में शामिल होने और अपनी पसंद (चॉइस) भरने की अनुमति दी है, जिससे सोशल मीडिया पर छात्रों और अभिभावकों की प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई है। छात्रों का कहना है कि यह राहत अधूरी है क्योंकि 15 जुलाई तक संशोधित स्कोर कार्ड जमा करने की शर्त व्यावहारिक नहीं है। दरअसल आईआईटी रुड़की ने हाल ही में स्पष्ट किया है कि सामान्य, ओबीसी-एनसीएल और ईडब्ल्यूएस वर्ग के जिन अभ्यर्थियों के 12वीं में 75 प्रतिशत से कम अंक हैं तथा एससी, एसटी और दिव्यांग वर्ग के जिन अभ्यर्थियों के 65 प्रतिशत से कम अंक हैं, वे फिलहाल अपनी जेईई रैंक के आधार पर सीट आवंटन प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। लेकिन उन्हें 15 जुलाई तक पात्रता पूरी करने वाला संशोधित स्कोरकार्ड जमा करना होगा। अंतिम प्रवेश इसी शर्त के पूरा होने पर निर्भर करेगा। इसके विरोध में एक्स पर छात्रों ने लिखा है कि पुनर्मूल्यांकन और इम्प्रूवमेंट परीक्षा की प्रक्रिया अभी जारी है, जबकि कुछ बोर्डों में सुधार परीक्षा जुलाई के मध्य में प्रस्तावित है। ऐसे में 15 जुलाई तक संशोधित अंकपत्र उपलब्ध होना मुश्किल है। रवि नामक एक छात्र ने लिखा कि यूपी बोर्ड ने उन्हें अंक सुधारने का कोई अवसर नहीं दिया। गलत मूल्यांकन के कारण उन्हें 72.2 प्रतिशत अंक मिले और अब उनके पास पात्रता पूरी करने का कोई रास्ता नहीं बचा है। वहीं लक्षित ने आईआईटी रुड़की और जोसा अधिकारियों से अपील करते हुए कहा कि पुनर्मूल्यांकन और सुधार परीक्षा के परिणाम 15 जुलाई के बाद आने की संभावना है, इसलिए सभी प्रभावित छात्रों को समान अवसर देने के लिए अंतिम तिथि बढ़ाई जानी चाहिए। प्रणव जैन ने अपनी प्रतिक्रिया में लिखा कि यह किसी एक वर्ग या श्रेणी का मुद्दा नहीं है, बल्कि हजारों छात्रों को प्रभावित करने वाली व्यापक समस्या है और अधिकांश छात्रों को अभी भी 75 प्रतिशत अंक की शर्त पूरी करनी है, लेकिन परिणामों में देरी उनके नियंत्रण से बाहर है। फुरकान असलम और सब्यसाची हसन जैसे कई उपयोगकर्ताओं ने भी 75 प्रतिशत बोर्ड अंक नियम पर पुनर्विचार की मांग की है। वहीं रेखा ने लिखा कि 15 जुलाई को होने वाली इम्प्रूवमेंट परीक्षा के परिणाम इतनी जल्दी जारी होना संभव नहीं है, इसलिए अंतिम तिथि अगस्त तक बढ़ाई जानी चाहिए। कुछ अभ्यर्थियों ने सामान्य, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए पात्रता सीमा 75 प्रतिशत से घटाकर 65 प्रतिशत तथा एससी, एसटी और दिव्यांग वर्ग के लिए 55 प्रतिशत करने का सुझाव भी दिया। उन्होंने कोविड काल का हवाला देते हुए कहा कि विशेष परिस्थितियों में नियमों में बदलाव पहले भी किए जा चुके हैं। प्रतिक्रियाओं से पता चलता है कि छात्रों की सबसे बड़ी चिंता 75 प्रतिशत की शर्त से अधिक 15 जुलाई की समय सीमा को लेकर है। अभ्यर्थियों का कहना है कि यदि राहत का उद्देश्य योग्य छात्रों को अवसर देना है तो उसे वास्तविक परिस्थितियों के अनुरूप भी होना चाहिए। अब सभी की निगाहें आईआईटी रुड़की और जोसा पर टिकी हैं कि वे छात्रों की इन मांगों पर कोई पुनर्विचार करते हैं या नहीं।

## ऋषिकेश के गंगा घाटों का होगा कायाकल्प, 85 करोड़ की लागत से शुरू हुआ बड़ा प्रोजेक्ट



**ऋषिकेश, एजेंसी।** विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक नगरी ऋषिकेश के गंगा घाटों का अब पूरी तरह से कायाकल्प होने जा रहा है. तीर्थयात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए त्रिवेणी घाट, दत्तात्रेय घाट और नाव घाट की 800 मीटर लंबी श्रृंखला को 2 मीटर ऊंचा करने का महा अभियान शुरू हो गया है. एकीकृत शहरी अवसंरचना विकास योजना के तहत शुरू हुए इस पहले चरण के काम पर 85 करोड़ की भारी भरकम राशि खर्च की जा रही है. इस कदम से न सिर्फ श्रद्धालुओं को हाईटेक सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि मॉनसून के दौरान तटीय इलाकों में रहने वाली आबादी को बाढ़ के खतरे से भी बड़ी राहत मिलेगी.

क्या होगा खास? अक्सर देखा जाता है कि बरसात के दिनों में गंगा का जलस्तर बढ़ने से घाट डूब जाते हैं, जिससे श्रद्धालुओं को दर्शन-पूजन और आचमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. इसी समस्या का स्थायी समाधान निकालते हुए उत्तराखंड परियोजना विकास एवं निर्माण खंड ने मौजूदा घाटों के ऊपर ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया है. इन घाटों की अधिकतम चौड़ाई 29 मीटर है. निर्माण एजेंसी को इसे 18 महीने के भीतर पूरा करने का कड़ा लक्ष्य दिया गया है.

'त्रिवेणी घाट के वर्तमान आरती स्थल को थ्री-स्टेप में री-डिजाइन किया जा रहा है. इसका सबसे बड़ा फायदा ये होगा कि सर्दियों या गर्मियों में जब गंगा का जलस्तर सामान्य से कम हो जाता है, तब भी आरती बिना किसी बाधा के सुचारू रूप से संचालित हो सकेगी. यहां श्रद्धालुओं के बैठने और सुरक्षा के बेहद पुख्ता इंतजाम होंगे. ' महिला श्रद्धालुओं के लिए बनाए जाएंगे टॉयलेट और वीआईपी चेंजिंग रूमः इसके अलावा महिला श्रद्धालुओं की गरिमा और सुविधा का विशेष ध्यान रखते हुए घाटों पर 3 आधुनिक टॉयलेट ब्लॉक एवं वीआईपी चेंजिंग रूम बनाए जाएंगे. घाटों पर गंगा सभा के लिए विशेष कार्यालय और तय मानकों के तहत व्यावसायिक गतिविधियों के लिए भी जगह चिन्हित की गई है.

## सड़क के इंतजार में पथरा गई आंखें, गर्भवती को डंडी-कंडी पर लादकर पहुंचाना पड़ा अस्पताल



**चमोली, एजेंसी।** उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं की हकीकत एक बार फिर सामने आई है. जहां चमोली जिले के देवाल विकासखंड के दूरस्थ एरेठा गांव में सड़क के अभाव में प्रसव पीड़ा से जूझ रही एक महिला को ग्रामीणों ने डंडी-कंडी के सहारे अस्पताल पहुंचाया. महिला ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देवाल में एक स्वस्थ नवजात को जन्म दिया. जच्चा और बच्चा दोनों सुरक्षित हैं, लेकिन इस घटना ने ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के दावों पर सवाल खड़े कर दिए हैं. ग्राम प्रधान राजेंद्र कुमार टम्टा के मुताबिक, एरेठा गांव, ग्राम सभा औडर का अनुसूचित जाति बाहुल्य तोक है, जहां 60 से ज्यादा परिवारों की करीब 250 आबादी निवास करती है. गांव को सड़क सुविधा से जोड़ने के लिए देवाल से पदमला-कंजेरू-एरेठा-औडर तक 8 किलोमीटर मोटर मार्ग को 15 दिसंबर 2021 को स्वीकृति मिली थी, लेकिन सालों बाद भी सड़क निर्माण कार्य धरातल पर शुरू नहीं हो सका है. गर्भवती महिला को डोली पर लादकर पैदल चले ग्रामीणः रविवार को भी एरेठा गांव की गम्मोती देवी पत्नी प्रकाश राम (उम्र 34 वर्ष) को प्रसव पीड़ा शुरू हुई. सड़क सुविधा नहीं होने के कारण ग्रामीणों ने उन्हें डंडी-कंडी के सहारे पैदल मार्ग से मुख्य सड़क तक पहुंचाया. इसके बाद वाहन की मदद से उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देवाल ले जाया गया, जहां उन्होंने नवजात को जन्म दिया. ग्रामीणों का कहना है कि प्रस्तावित सड़क का निर्माण पदमला क्षेत्र में भूमि विवाद और खेतों से सड़क गुजरने को लेकर उठी आपत्तियों के कारण अटक गया. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) ने करीब एक साल पहले दोबारा सर्वेक्षण भी किया था, लेकिन इसके बाद भी निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ सका. क्या बोले जिम्मेदार विभाग? वहीं, सड़क निर्माण को लेकर विभागीय स्तर पर भी स्थिति स्पष्ट नहीं दिख रही है. लोक निर्माण विभाग का कहना है कि अब यह कार्य पीएमजीएसवाई के माध्यम से किया जाना है. जबकि, पीएमजीएसवाई का कहना है कि वन भूमि संबंधी स्वीकृतियां और अन्य आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होने के बाद ही सड़क कटिंग का कार्य शुरू किया जा सकेगा.

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क नहीं होने से क्षेत्र के ग्रामीण आज भी आपातकालीन परिस्थितियों में भारी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं. बीमारों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं को कई किलोमीटर पैदल या डंडी-कंडी के सहारे अस्पताल पहुंचाना पड़ता है. ग्रामीणों ने शासन और प्रशासन से सड़क निर्माण की बाधाओं को दूर कर जल्द कार्य शुरू कराने की मांग की है.

## हरिद्वार से तीन साल की मासूम बच्ची किडनैप, सीसीटीवी में कैद दो संदिग्ध, जारी हुये फोटोग्राफ्स



**हरिद्वार, एजेंसी।** कनखल थाना क्षेत्र के बैरागी कैंप से तीन वर्षीय बालिका के अपहरण का सनसनीखेज मामला सामने आया है. घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है. पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बच्ची की तलाश के लिए टीमें गठित कर दी हैं. साथ ही पुलिस ने संदिग्धों के फोटो भी जारी किए हैं. जिससे जल्द से जल्द बच्ची आरोपियों को पकड़कर बच्ची की बरामदगी हो सके. पुलिस के अनुसार ठोकर नंबर 10 बैरागी कैंप से शनिवार सुबह करीब साढ़े दस बजे एक बच्ची अपने घर के पास से लापता हो गई. परिजनों द्वारा तलाश किए जाने के बावजूद बच्ची का कोई सुराग नहीं मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई. जांच के दौरान आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई. जिसमें एक महिला और एक पुरुष बच्ची को गोद में लेकर ले जाते हुए दिखाई दिए. बाद में दोनों संदिग्ध एक टेंपो में बैठकर वहां से जाते नजर आए. पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना कनखल में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है. सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं. साथ ही संभावित स्थानों पर पुलिस टीमों को रवाना किया गया है. हरिद्वार पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी को बच्ची या फुटेज में दिखाई दे रहे महिला और पुरुष के संबंध में कोई जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस को सूचित करें. हरिद्वार पुलिस ने बच्ची की सकुशल बरामदगी के लिए मीडिया से भी सूचना का व्यापक प्रचार प्रसार करने का अनुरोध किया है. पुलिस जांच में सामने आया है कि सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहे महिला और पुरुष ने बच्ची को खाने पीने की चीजों का लालच दिया. घर बाहर खेल मासूम राधिका उनके झांसे में आ गई. बताया जा रहा है कि दोनों संदिग्धों ने बस्ती से कुछ दूरी पर स्थित एक दुकान से बच्ची को बिस्किट का पैकेट भी खरीदकर दिया. खाने का सामान मिलने के कारण बच्ची न तो रोई और न ही किसी प्रकार का विरोध किया. इसी वजह से आसपास मौजूद लोगों को भी कोई शक नहीं हुआ.एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर का कहना है कि मामले के खुलासे के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं. जल्द ही बच्चे की बरामदगी कर पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा.

## मां बदरीनाथ दर्शन करने गई, बेटे ने नशेड़ी मामा के साथ मिलकर उड़ाए घर से गहने और नकदी,



**देहरादून, एजेंसी।** बदरीनाथ धाम दर्शन के लिए गई मां की गैरमौजूदगी का फायदा उठाकर बेटे ने अपने मामा के साथ मिलकर घर में रखे सोने के आभूषण और नकदी चुरा ली। ऑनलाइन जुए और नशे की लत के चलते दोनों ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने मामा-भांजे को गिरफ्तार कर लिया है। मां परिवार के साथ भगवान बदरीनाथ के दर्शन करने गई थी। उसकी गैरमौजूदगी में ऑनलाइन जुए की लत में डूबे बेटे ने नशेड़ी मामा के साथ मिलकर घर में रखे सोने के आभूषण और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए मामा-भांजे को गिरफ्तार कर किया है। आरोपियों की निशानदेही पर नकदी व गहने भी बरामद किए हैं।

रेशममाजरी पाल मोहल्ला निवासी मोनिका गोस्वामी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह परिवार के साथ बदरीनाथ धाम दर्शन के लिए गई थीं। लौटने पर अलमारी में रखे सोने के आभूषण और नकदी गायब मिले। शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक केके लुंठी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों की जांच के दौरान पुलिस को कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले। जांच आगे बढ़ने पर शक घर के ही लोगों पर गया। पुलिस ने मोनिका गोस्वामी के पुत्र चिराग बोरा और उनके भाई अमित सिंह नेगी, निवासी पाल मोहल्ला रेशममाजरी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो दोनों ने चोरी की वारदात कबूल कर ली।

कोतवाल लुंठी ने बताया कि अमित सिंह नेगी नशे का आदी है, जबकि चिराग बोरा ऑनलाइन गेमिंग और जुए की लत से परेशान था। पैसों की जरूरत पूरी करने के लिए दोनों ने परिवार के बदरीनाथ जाने का इंतजार किया और घर में रखे गहने व नकदी चुरा लिए। आरोपियों ने बताया कि चोरी की गई नकदी का बड़ा हिस्सा नशे और जुए में खर्च किया जा चुका है। कोतवाल लुंठी ने बताया कि आरोपियों की निशानदेही पर चोरी किए गए आभूषण और बची हुई नकदी बरामद कर ली है।

## घंटे भर बारिश, छह डिग्री गिरा पारा, चलेंगी तेज हवाएं, जानें 11 जून तक का मौसम अपडेट



**देहरादून, एजेंसी।** घंटे भर की बारिश से देहरादून में छह डिग्री तक पारा गिर गया। दून में 27.1 एमएम बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार 11 जून तक मौसम का मिजाज बदला रहेगा।

उत्तराखंड में बीते दो दिनों से रुक-रुक कर हो रही बारिश का सीधा असर तापमान पर पड़ा है। पर्वतीय इलाकों के साथ मैदानी क्षेत्रों में भी पारा गिरने से ठंड का अहसास होने लगा है।

आंकड़ों पर नजर डालें तो शुक्रवार सुबह करीब एक घंटे तक लगातार हुई बारिश से देहरादून का अधिकतम तापमान छह डिग्री गिरावट के साथ 29.9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं अकेले देहरादून में 27.1 एमएम बारिश दर्ज की गई।

जून की शुरुआत से ही प्रदेश भर में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। रुक-रुक कर हो रही बारिश और तेज तूफान के चलते गर्मी से लोगों को राहत मिली है। उधर, कुछ जगहों पर तेज तूफान चलने और पेड़ गिरने से यातायात भी बाधित रहा हालांकि वन विभाग ने पुलिस विभाग के सहयोग से सड़क पर गिरे पेड़ों को हटाया और यातायात को सुचारु कराया।

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन और पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम में इस तरह के बदलाव देखने को मिल रहे हैं। आने वाले दिनों की बात करें तो 11 जून तक प्रदेश भर में मौसम बदला हुआ रहेगा। पर्वतीय इलाकों के साथ मैदानी इलाकों में भी बारिश होने से तापमान सामान्य के आसपास रहने का अनुमान है। प्रदेश भर में शनिवार को भी हल्की बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार पर्वतीय जिलों के साथ मैदानी हिस्सों में भी बिजली चमकने के साथ हल्की बारिश होने का अनुमान है जबकि पर्वतीय इलाकों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

### अब इको-फ्रेंडली होगी कॉर्बेट सफारी

**रामनगर, एजेंसी।** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व (सीटीआर) को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए पार्क प्रशासन ने नई योजना बनाई है। इसके तहत जंगल सफारी करने वाले पर्यटकों को प्लास्टिक की जगह कांच की बोतलें दी जाएंगी। पार्क प्रशासन ने इसके लिए बोतल बनाने वाली मशीन का प्रस्ताव उच्चाधिकारियों को भेजा है। प्रस्ताव पास होते ही सीटीआर में इस योजना की शुरुआत की जाएगी। यह मशीन एक दिन में ढाई हजार बोतलें बना सकती है। शुरुआत में इसे ढिकाला और बिजरानी जोन में लागू करने की तैयारी है। वर्तमान में पर्यटक जंगल सफारी के दौरान प्लास्टिक की बोतलों का उपयोग करते हैं। इससे जंगल में बोतलें फेंके जाने और कूड़ा निस्तारण की समस्या बनी रहती है। नई पहल से इस समस्या का समाधान होगा और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। बोतल बनाने वाली मशीन का प्रस्ताव भेजा है। मशीन आने के बाद बोतल के उत्पादन में जितना खर्च आएगा उसके अनुसार बोतल का शुल्क तय किया जाएगा।

### संक्षिप्त समाचार

### ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी में बड़ा हादसा, करंट लगने से कर्मचारी की मौत, परिजनों का हंगामा



**नैनीताल, एजेंसी।** भीमताल ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी में दर्दनाक हादसा हो गया. जहा करंट लगने से कर्मचारी की मौत हो गई. यूनिवर्सिटी की छत की सफाई के दौरान हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से एक कर्मचारी की मौत हो गई. मृतक की पहचान ओखलकांडा निवासी तेज सिंह बोरा के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार, तेज सिंह बोरा को सुबह यूनिवर्सिटी की गीली छत पर सफाई कार्य के लिए भेजा गया था. आरोप है कि कर्मचारी को पर्याप्त सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए बिना ही छत पर काम करने के लिए लगाया गया. इसी दौरान गीली छत पर काम करते समय उनका संपर्क पास से गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाइन से हो गया, जिससे उन्हें जोरदार करंट का झटका लगा. घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई. गंभीर रूप से झुलसे कर्मचारी को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई. घटना के बाद कर्मचारी के परिजनों और स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है. उनका आरोप है कि यूनिवर्सिटी प्रशासन की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ है. उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई और मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग की है. भीमताल सीओ रविकांत सेमवाल ने बताया कि, भीमताल अस्पताल द्वारा मेमो भेजा गया था, जिसके आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की है. साथ ही इस सबूत के माध्यम से सबूत भी एकत्रित किए हैं. फिलहाल पुलिस और संबंधित विभाग मामले की जांच में जुट गए हैं. हादसे के कारणों और सुरक्षा मानकों के पालन को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं. इन सभी पहलुओं को लेकर पुलिस अब जांच कर रही है.

### खराब विदेश नीति से देश में ऊर्जा संकट बढ़ा : रावत

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी चार जून को अल्मोड़ा में रैली को संबोधित करेंगे। राहुल की रैली को लेकर कांग्रेस के नेताओं और पदाधिकारियों की बृहस्पतिवार को एक होटल में हुई बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों पर मंथन किया गया। तय हुआ अल्मोड़ा संसदीय क्षेत्र के चारों जिलों चंपावत, पिथौरागढ़, बागेश्वर और अल्मोड़ा से कार्यकर्ता रैली में जुटेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि देश आर्थिक विषमता बढ़ रही है। गरीबों की हालत खस्ता है। बेरोजगारी चरम पर है लेकिन केंद्र सरकार चहेतों को लाभ देने को सरकारी क्षेत्र का निजीकरण करने में लगी है। उन्होंने देश में बढ़ रही बेरोजगारी, आर्थिक विषमता के लिए भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया। कहा कि खराब वदेशी नीति के चलते देश में ऊर्जा संकट विकराल होता जा रहा है। परंपरागत मित्रों रूस और ईरान से तेल खरीद पर केंद्र सरकार का विवेक नहीं है। अमेरिका किस हैसियत से भारत की तेल खरीद नीति तय कर रहा। किन देशों से कब तक तेल खरीदना है का फरमान जारी कर रहा है। केंद्र सरकार ने कभी इस पर स्पष्टीकरण नहीं दिया। इस दौरान पूर्व सीएम हरीश रावत सहित अन्य का भव्य स्वागत किया गया। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष करन महरा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल, पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा, कांग्रेस नेता रणजीत रावत, विधायक मनोज तिवारी आदि िविचार रखे। संचालन कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज और नगर अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी ने किया।

### नाबालिग बेटी से दुष्कर्म का प्रयास, कोर्ट ने दोषी का सुनाई पांच साल की सजा, जुर्माना भी लगाया

**रुद्रपुर, एजेंसी।** ऊधमसिंह नगर जिले के रुद्रपुर से एक बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां अदालत ने रिश्तों को कलंकित करने वाले एक कलयुगी पिता को सलाखों के पीछे भेज दिया है. अपर सत्र न्यायाधीश संगीता आर्य की अदालत ने अपनी ही 15 वर्षीय नाबालिग सौतेली बेटी के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने वाले आरोपी को दोषी पाया है. अदालत ने उसे 5 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है और साथ ही 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है. जुर्माना न भरने पर दोषी को अतिरिक्त समय जेल में बिताना होगा. पढ़ाई के बहाने घर ले जाकर की थी घिनौनी हरकत : यह मामला वर्ष 2024 का है. रुद्रपुर के ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई थी. महिला ने बताया था कि उसके पहले पति की मृत्यु के बाद उसने दूसरी शादी की थी. दूसरे पति से भी विवाद होने के कारण उनका तलाक हो गया था, जिसके बाद महिला अपने बच्चों के साथ अलग रहकर उनका पालन-पोषण कर रही थी. 25 मार्च 2024 (होली के दिन) महिला का पूर्व पति (पीड़िता का सौतेला पिता) उसके घर आया. उसने बच्चों की पढ़ाई में मदद करने का झांसा दिया और अपनी 15 वर्षीय सौतेली बेटी को पढ़ाने के बहाने अपने साथ घर ले गया. घर पहुंचकर आरोपी ने सूनेपन का फायदा उठाया और नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया. इस संकट की घड़ी में भी नाबालिग ने हिम्मत नहीं हारी. जब आरोपी ने जबरदस्ती करने की कोशिश की, तो पीड़िता ने उसे जोरदार धक्का दे दिया. आरोपी के संभलने से पहले ही वह तुरंत कमरे से बाहर भागी और बाहर से कुंडी लगाकर आरोपी को अंदर बंद कर दिया. वहां से भागकर जब पीड़िता रास्ते से जा रही थी, तब उसे अपनी मां मिली. रोती हुई बेटी ने मां को सारी सच्चाई बताई, जिसके बाद मां तुरंत उसे लेकर थाने पहुंची और मुकदमा दर्ज कराया. पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जिसमें 5 गवाह और 12 दस्तावेजी साक्ष्य के आधार पर मामले की अंतिम सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश संगीता आर्य की अदालत में हुई. सरकारी वकील ने कोर्ट के सामने मामला मजबूती से रखा. आरोपी को सजा दिलाने के लिए अदालत में 5 गवाह और 12 पुख्ता दस्तावेजी सबूत पेश किए गए. अदालत ने माना कि आरोपी ने एक पवित्र रिश्ते को शर्मसार किया है और वह किसी भी राहत का हकदार नहीं है.

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रात:किरण
नई दिल्ली, मंगलवार, 09 जून, 2026



# दिल्ली सरकार, सीएसआईआर-सीआरआरआई और एसपीए के बीच ऐतिहासिक एमओए पर हस्ताक्षर

- अब स्मार्ट और डस्ट-फ्री बनेंगी दिल्ली की सड़कें, डिजिटल रिकॉर्ड के लिए लागू होगा रोड एसेट मैनेजमेंट सिस्टम
- केवल सड़कें बनाने तक सीमित नहीं, भविष्य की जरूरतों के मुताबिक बना रहे हैं अर्बन रोड इकोसिस्टम: सीएम रेखा गुप्ता

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने राजधानी की सड़कों को अधिक सुरक्षित, टिकाऊ, पर्यावरण-अनुकूल और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने के लिए महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। इसी के तहत सोमवार को लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीआरआरआई) और स्कूल ऑफ प्लानिंग ऐंड आर्किटेक्चर (एसपीए) के बीच ऐतिहासिक त्रिपक्षीय समझौते (मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट-एमओए) पर हस्ताक्षर किए गए। इस पहल के अंतर्गत दिल्ली की शहरी सड़कों के सौंदर्यीकरण, वैज्ञानिक पुनर्रचना और हरित विकास को बढ़ावा देने के लिए ह्यस्टैंडर्ड फ्रेमवर्क फॉर पेविंग ऐंड ग्रीनिंग ऑफ अर्बन रोडह्व लागू किया जाएगा। इस अवसर पर पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा सहित सीएसआईआर-सीआरआरआई के वैज्ञानिक, एसपीए के विशेषज्ञ और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। यह एमओए राजधानी में सड़क निर्माण, रखरखाव, रोड सेफ्टी, ग्रीनिंग, स्ट्रीटस्केप डेवलपमेंट एवं धूल प्रदूषण नियंत्रण के लिए एक मानकीकृत, वैज्ञानिक और टेक्नोलॉजी-ड्रिवन फ्रेमवर्क विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार केवल नई सड़कें बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि हम ऐसा अर्बन रोड इकोसिस्टम विकसित कर रहे हैं जो पर्यावरण-अनुकूल, सुरक्षित और भविष्य की जरूरतों के मुताबिक हो। बढ़ते ट्रैफिक, वायु प्रदूषण और जलभराव जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए अब सड़कों का रखरखाव पारंपरिक नहीं, बल्कि वैज्ञानिक और डेटा-आधारित प्रणाली से किया जाएगा। बढ़ते शहरीकरण, ट्रैफिक लोड, वायु प्रदूषण और जलभराव जैसी चुनौतियों को देखते हुए अब सड़कों की योजना और रखरखाव को पारंपरिक दृष्टिकोण से नहीं बल्कि वैज्ञानिक एवं डेटा आधारित प्रणाली से संचालित करना समय की आवश्यकता है। इस एमओए के तहत दिल्ली में पहली बार व्यापक रोड एसेट मैनेजमेंट सिस्टम (आरएएमएस) विकसित किया जाएगा। इसके माध्यम से राजधानी की सड़कों की वर्तमान स्थिति, उन पर पड़ने वाले यातायात के दबाव, उनकी संरचनात्मक क्षमता, मरम्मत की आवश्यकता और उनकी उपयोग अवधि का वैज्ञानिक आकलन किया जाएगा। इससे आंकड़ों पर आधारित योजना निर्माण को बढ़ावा मिलेगा और संभावित समस्याओं की पहले से पहचान कर समय रहते मरम्मत और रखरखाव सुनिश्चित किया जा सकेगा। इस प्रणाली के अंतर्गत सड़कों का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा, उनकी स्थिति का नियमित मूल्यांकन किया जाएगा तथा प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत और रखरखाव की योजना बनाई जाएगी। इससे सार्वजनिक संसाधनों का अधिक प्रभावी उपयोग हो सकेगा और सड़क अवसंरचना की गुणवत्ता तथा टिकाऊपन में सुधार आएगा।

# आप इंडिया गठबंधन का हिस्सा नहीं तो बैठक में शामिल होने का औचित्य नहीं- संजय सिंह

- इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल होने वाले घटक दलों को पहले देश के सामने मुद्दे स्पष्ट करने चाहिए- संजय सिंह
- तमिलनाडु में बिना विश्वास में लिए दूसरे दल को समर्थन करने से डीएमके के मन में नाराजगी स्वभाविक- संजय सिंह

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली।इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल होने को लेकर लगाई जा रही अटकलों को आम आदमी पार्टी ने एक बार फिर खारिज कर दिया। ह्यह्यआपह्वह्व के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने स्पष्ट करते हुए कहा कि जब आम आदमी पार्टी इंडिया गठबंधन का हिस्सा ही नहीं है तो बैठक में शामिल होनने का कोई औचित्य ही नहीं बनता। उन्होंने इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल होने वाले घटक दलों से मांग की कि पहले इन दलों को देश के सामने मुद्दे स्पष्ट करने चाहिए कि किन मुद्दों पर चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि तमिलनाडु में बिना विश्वास में लिए दूसरे दल को समर्थन करने से डीएमके के मन में नाराजगी होना स्वभाविक है। संजय सिंह ने कहा कि हम पहले ही कई बार स्पष्ट कर चुके हैं कि आम आदमी पार्टी अब इंडिया गठबंधन का हिस्सा नहीं है। इसलिए यह सवाल ही नहीं उठता कि पार्टी बैठक में शामिल होगी। जब पार्टी गठबंधन का हिस्सा ही नहीं है तो उस बैठक में शामिल होने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने कहा कि बैठक में शामिल होने वाली पार्टियों को पहले यह स्पष्ट करना चाहिए कि वे किन मुद्दों पर चर्चा कर रही हैं। पहले कोई मुद्दा तो देश के सामने आए। संजय सिंह ने कहा कि डीएमके गठबंधन का एक परंपरागत मित्र दल था, लेकिन उन्हें विश्वास में लिए बिना जिस तरह से अन्य दलों का समर्थन किया गया, उससे उनके मन में नाराजगी है। किसी भी राजनीतिक दल के मन में इस तरह की नाराजगी होना पूरी तरह स्वभाविक है। संजय सिंह ने इंडिया गठबंधन के नेताओं के अलग-अलग बयानों और उनके बीच आपसी लड़ाई दिखाने वाले पोस्टरों को लेकर कहा कि यह सब केवल भाजपाइयों का खेल रहता है और किसी को भी इस खेल के चक्कर में पड़ने की जरुरत नहीं है। उधर, ह्रआपह्व की वरिष्ठ नेता व मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि कांग्रेस जो भी गठबंधन करती है, उसका एकमात्र मकसद सिर्फ खुद को मजबूत करना होता है। उनका मकसद देश को मजबूत करना या देशहित नहीं है। शनिवार को भी यह देखा गया कि कांग्रेस किस तरह देश के युवाओं के खिलाफ खड़ी हो गई। जो पार्टी देश के युवाओं के खिलाफ खड़ी हो, आम आदमी पार्टी उसके साथ कैसे खड़ी हो सकती है? हम हमेशा देश के युवाओं के साथ हैं। प्रियंका कक्कड़ ने बताया कि हाल ही में तमिलनाडु में जो चुनाव संपन्न हुए हैं, उसमें कांग्रेस को अपने गठबंधन सहयोगी की पीठ में छुरा घोंपने में एक दिन भी नहीं लगा। हिमाचल प्रदेश के निकाय चुनावों में जहां कांग्रेस और भाजपा की सीधी टक्कर थी, वहां कांग्रेस का क्या हश्र हुआ, यह सबने देखा है। असम विधानसभा चुनाव में भी सीधी टक्कर के क्या नतीजे आए, यह सबके सामने है। करीब 30 साल हो गए हैं जबसे गुजरात में कांग्रेस और भाजपा के बीच मुकाबला हो रहा है और उसका क्या नतीजा निकलता है, यह भी स्पष्ट है। यह साबित हो चुका है कि सीधी टक्कर में कांग्रेस कहीं भी भाजपा को हराने में सक्षम नहीं है। प्रियंका कक्कड़ ने आगे कहा कि हम लोकसभा चुनाव के बाद से ही लगातार यह बात कह रहे हैं कि अब हम कांग्रेस के साथ कोई गठबंधन नहीं करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### महागौरी हुई गर्भवती, चिड़ियाघर में बढ़ेगा शेरों का कुनबा

नई दिल्ली। चिड़ियाघर में घूमने आने वाले दर्शकों को अगले महीने शेर के और शावक देखने को मिल सकते हैं। चिड़िया घर के 14 नंबर बाड़े में रहने वाली एशियाई शेरनी महागौरी एक बार फिर से गर्भवती है। वह इससे पहले पांच शावकों को जन्म दे चुकी है जिसमें से दो जीवित हैं। चिड़ियाघर प्रशासन ने गर्भवती शेरनी महागौरी की देख-रेख बढ़ा दी है। साथ ही चिकित्सकों की टीम उसकी निगरानी कर रही है। इस शेरनी को 2021 में चिड़ियाघर में लाया गया था। इसी शेरनी ने बीते वर्ष शावकों को जन्म दिया था, जिससे यहां 11 साल के अंतराल के बाद शेरों की संख्या बढ़ी थी। मौजूदा समय में यहां दो शावक सहित तीन जोड़े शेर हैं। बता दें कि 2021 तक सुंदरम नाम का शेर 2009 में चिड़ियाघर में पैदा हुआ था। चिड़ियाघर प्रबंधन के अधिकारियों ने कहा कि अब 17 साल का सुंदरम बूढ़ा हो गया है। ऐसे में ब्रीडिंग के लिए नए शेर-शेरनी की तलाश कर रहे हैं। शेरों की आबादी बढ़ाने के लिए चिड़ियाघर में 2021 में गुजरात के जूनागढ़ से एक नर और दो मादा शेर लाए गए थे।

### सीवर सफाई के बाद सड़क पर छोड़ा गया कचरा, यातायात प्रभावित

नई दिल्ली। जगजीत नगर क्षेत्र में सफाई के दौरान मैनहोल से निकाला गया कचरा और कीचड़ सड़क पर ही जमा कर दिया गया। इससे सड़क पर चलने वाले वाहनों की रफ्तार धीमी पड़ गई और स्थानों पर जाम जैसी स्थिति बन गई है। वाहन चालकों को गंदगी के बीच से गुजरना पड़ रहा है, जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राहगीरों का कहना है कि सीवर की सफाई करना जरूरी है, लेकिन निकाले गए कचरे को समय पर उठाना भी उतना ही आवश्यक है। सड़क पर पड़े कचरे से दुर्गंध फैल रही है और आसपास का वातावरण भी प्रभावित हो रहा है। स्थानीय निवासियों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि सफाई कार्य के बाद कचरे और गाद को तुरंत हटाने की व्यवस्था की जाए, ताकि लोगों को असुविधा का सामना न करना पड़े। लोगों ने कहा कि यदि समय रहते कचरा नहीं हटाया गया तो बारिश होने पर यह गाद दोबारा नालियों और सड़कों पर फैल जाएगी, जिससे स्थिति और खराब हो सकती है। स्थानीय निवासियों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि सफाई कार्य के बाद कचरे और गाद को तुरंत हटाने की व्यवस्था की जाए, ताकि लोगों को असुविधा का सामना न करना पड़े।

# साइबर ठगी से बचाव के लिए शाहदरा पुलिस की पहल, 250 वरिष्ठ नागरिकों को किया जागरूक

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली। साइबर अपराध के बढ़ते मामलों के बीच शाहदरा जिला पुलिस ने वरिष्ठ नागरिकों को ऑनलाइन ठगी से बचाने के लिए सोमवार को मेगा साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न इलाकों से करीब 250 वरिष्ठ नागरिकों ने हिस्सा लिया। पुलिस अधिकारियों और साइबर विशेषज्ञों ने उन्हें डिजिटल गिरफ्तारी, फर्जी बैंक कॉल, ओटीपी फ्रॉड, यूपीआई ठगी और सोशल मीडिया धोखाधड़ी जैसे नए साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में विशेष पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था, जोन-1) देवेश चंद्र श्रीवास्तव, पूर्वी रेंज के संयुक्त पुलिस आयुक्त अजीत कुमार सिंगला और शाहदरा के पुलिस उपायुक्त राजेंद्र प्रसाद मीणा मौजूद रहे। अधिकारियों ने कहा कि साइबर अपराधी लोगों के भरोसे, डर और जागरूकता की कमी का फायदा उठाकर ठगी कर रहे हैं, इसलिए सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण साइबर अपराध पर आधारित नुक्कड़ नाटक रहा। कलाकारों ने डिजिटल अरेस्ट, फर्जी पुलिस कॉल, ओटीपी ठगी, निवेश घोटाले, सोशल मीडिया पर फर्जी पहचान बनाकर ठगी और यूपीआई फ्रॉड जैसी घटनाओं का मंचन किया। इसके माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों को बताया गया कि अपराधी किस तरह लोगों को झांसे में लेकर उनके बैंक खातों से रकम उड़ा देते हैं। पुलिस ने वरिष्ठ नागरिकों को डिजिटल अरेस्ट, फर्जी पुलिस व बैंक अधिकारियों के फोन, केवाईसी अपडेट के नाम पर धोखाधड़ी, ऑनलाइन निवेश घोटालों, कॉल मर्जिंग स्कैम, जीमेल और सोशल मीडिया अकाउंट हैकिंग, फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल और यूपीआई फ्रॉड के बारे में जानकारी दी।

# नेता सदन ने कैलाश विहार में चलाया स्वच्छता अभियान, विकास कार्यों का लिया जायजा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली। सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दिल्ली नगर निगम के नेता सदन जय भगवान यादव ने सोमवार को कैलाश विहार, पंसाली (बी-ब्लॉक) में स्वच्छता अभियान एवं क्षेत्रीय निरीक्षण कार्यक्रम में भाग लेकर क्षेत्र की सफाई व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं, स्थानीय निवासियों और एमसीडी अधिकारियों के साथ क्षेत्र का व्यापक निरीक्षण किया। अभियान में सोने लाल, मंडल महामंत्री राजेश चौधरी, अजय सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सभी ने मिलकर स्वच्छता का संदेश दिया और स्थानीय लोगों को साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान जय भगवान यादव ने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था, जल निकासी, सार्वजनिक सुविधाओं तथा अन्य स्थानीय समस्याओं का अवलोकन किया। उन्होंने नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जय भगवान यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित 12 वर्षों में देश के विकास को नई दिशा दी है। गरीबों के कल्याण, महिलाओं के सशक्तिकरण, डिजिटल क्रांति, बुनियादी ढांचे के विस्तार और जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। इन्हीं जनसेवा के मूल्यों से प्रेरित होकर भाजपा कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं का समाधान करने तथा क्षेत्रीय विकास को गति देने का कार्य कर रहे हैं। स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाना एमसीडी की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

जय भगवान यादव ने कहा कि जनभागीदारी से ही स्वच्छ, सुंदर और विकसित दिल्ली का निर्माण संभव है। एमसीडी और भाजपा कार्यकर्ता जनता के सहयोग से क्षेत्र के विकास और नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं।

# लेडी हार्डिंग अस्पताल में मिलेगी रोबोटिक सर्जरी की सुविधा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली। लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज में मरीजों को जल्द रोबोटिक सर्जरी की सुविधा मिलेगी। सर्जरी के लिए रोबोट खरीद को लेकर अस्पताल प्रशासन ने कवायद शुरू कर दी है। इस साल के आखिरी तक रोबोटिक सर्जरी शुरू किए जाने की उम्मीद जताई गई है। अस्पताल के सर्जरी विभाग में निदेशक प्रोफेसर डॉ. मनोज एंडले ने बताया कि सर्जरी के लिए रोबोट खरीद संबंधी प्रक्रिया का 80-90 फीसदी कार्य पूरा हो गया है। अगले छह महीनों में अस्पताल में रोबोटिक सर्जरी की सुविधा शुरू हो जाएगी। इसके लिए अस्पताल की नई इमारत में आठवीं मंजिल पर खास ऑपरेशन थियेटर तैयार किया गया है। डॉ. मनोज एंडले ने बताया कि रोबोटिक सर्जरी के लिए अलग-अलग सर्जन को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। जब सर्जरी के लिए रोबोट उपलब्ध होगा तो उससे पहले भी एम्स दिल्ली की मदद से दोबारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। अस्पताल में मरीजों को रोबोटिक सर्जरी की सुविधा निशुल्क मिलेगी। रोबोट की मदद से कैंसर, पैंक्रियाज कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर के उपचार के लिए सर्जरी की जा सकेंगी। डॉ. मनोज ने बताया कि रोबोटिक सर्जरी का सबसे ज्यादा फायदा यह है कि सर्जरी के लिए अंग की ज्यादा चीर-फाड़ नहीं करनी पड़ती है। सर्जरी एकदम सटीक जगह पर होती है। इसमें खून का रिसाव कम होता है और मरीज तेजी से रिकवर होता है।

# नेशनल पुलिस मेमोरियल में आयोजित समारोह में आरपीएफ ने की सक्रिय भागीदारी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की ओर से जून माह के दौरान हर शनिवार और रविवार को चाणक्यपुरी स्थित नेशनल पुलिस मेमोरियल में आयोजित होने वाले समारोहों में भाग ले रहा है। इस कार्यक्रम के दूसरे दिन की शुरूआत नेशनल पुलिस मेमोरियल पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के साथ हुई। उन बहादुर पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई, जिन्होंने ड्यूटी के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया। आरपीएफ के आईजी (मुख्यालय) श्री एस. एन. चौधरी ने श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में शहीदों के परिवारों को सम्मानित किया गया, जिसके बाद बैंड डिस्प्ले, परेड और रिट्रीट समारोह आयोजित किए गए। ये आयोजन शहीद नायकों के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और उनकी याद को समर्पित थे। इस अवसर पर, वेस्टर्न रेलवे के पूर्व नायक, स्वर्गीय मांजी जेके परिवार को ड्यूटी के दौरान उनके अनुकरणीय बलिदान के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में गरिमापूर्ण भागीदारी देखी गई और देश की सेवा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले पुलिसकर्मियों के साहस और समर्पण का सम्मान करने के प्रति आरपीएफ की प्रतिबद्धता को दोहराया गया।

### रेलवे ने की तुरंत कार्रवाई उत्तर रेलवे ने दी जानकारी

नई दिल्ली। छह जून को दिल्ली श्री माता वैष्णो देवी स्पेशल ट्रेन के एक स्लीपर कोच में लुधियाना में क्रैक डेवलप होने के बाद तुरंत सुधारात्मक और कठोर कदम उठाए गए। यह जानकारी उत्तर रेलवे ने दी। सभी आईसीएफ कोचों के लिए सेफ्टी ड्राइव चलाया गया है, जिसमें कोच के संवेदनशील एरिया में जंग, क्षरण पर विशेष बल दिया गया है। सभी कोचों की अगले एक सप्ताह के अंदर जांच की जाएगी। जिनमें अत्यधिक क्षरण है, उसे हटाया जाएगा। मुख्यालय, वर्कशॉप तथा मंडल के अधिकारी इनका सुपर चेक करेंगे। इससे संबंधित जानकारीयुक्त वीडियो क्षेत्रीय रेलवे द्वारा जारी किया गया है। उपकरणों के प्रयोग जैसे इंडोस्कोपी कैमरा, अल्ट्रासोनिक थिकनेस गेज आदि को संवेदनशील एरिया को जांचने के लिए उपयोग में लाया जाएगा। पीरियॉडिक ओवरहॉलिंग करने वाले सभी वर्कशॉप का अगले एक माह में ऑडिट किया जाएगा। स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोटोकॉल को सरलीकृत किया जा रहा है ताकि उच्च क्षरण या ऐसे कोच जिनमें बहुत ज्यादा मरम्मत की लागत है, वैसे कोचों को अपेक्षाकृत तेजी से निरस्त किया जा सके।

# भीषण गर्मी में राहत देने के लिए पर्यावरण-अनुकूल कूलिंग जोन की पहल

- प्राकृतिक वेंटिलेशन, खस स्क्रीन और मिस्ट कूलिंग सिस्टम से सुसज्जित हैं ये नए कूलिंग जोन
- राजधानी के नागरिकों के लिए राहत का भरोसेमंद केंद्र बन रहे हैं कूलिंग जोन: सीएम रेखा गुप्ता

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली। राजधानी में बढ़ती गर्मी और हीटवेव की चुनौती से नागरिकों को सुरक्षित रखने के लिए दिल्ली सरकार हीट एक्शन प्लान के तहत कई प्रभावी कदम उठा रही है। इसी क्रम में बाहरी-उत्तरी जिला प्रशासन ने सीड्स एनजीओ के सहयोग से बवाना में एक अभिनव और पर्यावरण-अनुकूल बांस से बना कूलिंग जोन स्थापित किया है, जो वर्तमान हीटवेव के दौरान लोगों को राहत प्रदान कर रहा है। मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता का कहना है कि लोगों को राहत देने वाले ऐसे पर्यावरण अनुकूल कूलिंग जोन दिल्ली के अन्य क्षेत्रों में भी स्थापित किए जाएंगे। वर्तमान में बवाना और अलीपुर में दो कूलिंग जोन संचालित हैं और नागरिकों को उनकी सेवाएं मिल रही हैं। इसके अतिरिक्त तीन और कूलिंग जोन विकसित किए जा रहे हैं, जिन पर कार्य प्रारंभ हो चुका है। इनमें से एक कूलिंग जोन जिला उपायुक्त (डीसी) कार्यालय के सामने स्थापित किया जा रहा है। यह पहल दिल्ली सरकार की उस सोच का हिस्सा है, जिसके तहत पर्यावरण-अनुकूल, टिकाऊ और जलवायु-अनुकूल सार्वजनिक सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। इन कूलिंग जोन का उद्देश्य विशेष रूप से समाज के कमजोर और संवेदनशील वर्गों, निर्माण श्रमिकों, दिहाड़ी मजदूरों, रिक्शा चालकों, ड्राइवरों, रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं और खुले में काम करने वाले अन्य नागरिकों को अत्यधिक गर्मी के दुष्प्रभावों से बचाना है। इन कूलिंग जोन का निर्माण मुख्य रूप से बांस से किया गया है, जिससे पर्यावरण पर न्यूनतम प्रभाव पड़ता है और यह एक टिकाऊ संरचना के रूप में कार्य करता है। इसमें खस (वेटिवर घास) की स्क्रीन और मिस्ट आधारित कूलिंग सिस्टम लगाया गया है, जो प्राकृतिक रूप से आसपास के तापमान को कम करता है और लोगों को अधिक आरामदायक वातावरण उपलब्ध कराता है। कूलिंग जोन में प्राकृतिक वेंटिलेशन की विशेष व्यवस्था की गई है। इसके लिए रणनीतिक रूप से डिजाइन किए गए एग्जॉस्ट वेंट और वायु सकुर्लेशन रूट बनाए गए हैं, जिससे लगातार हवा का प्रवाह बना रहता है। पूरी संरचना को इस प्रकार विकसित किया गया है कि यह कम से कम गर्मी को अवशोषित करे और अधिकतम शीतलता और आराम प्रदान कर सके। नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कूलिंग जोन में ठंडे पीने के पानी, ओआरएस पैकेट, अग्निशामक यंत्र, हीटवेव से बचाव और जागरूकता संबंधी सूचना, शिक्षा एवं संचार (आईईसी) सामग्री और पर्याप्त बैठने और विश्राम की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि कूलिंग जोन को लोगों से अत्यंत सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। श्रमिकों, ड्राइवरों और अन्य मेहनतकश नागरिकों के लिए यह एक ऐसे भरोसेमंद स्थान के रूप में उभर रहा है, जहां वे दिनभर की गर्मी और थकान के बीच अस्थायी रूप से आराम कर सकते हैं। यह पहल न केवल तत्काल राहत प्रदान कर रही है, बल्कि भविष्य की जलवायु चुनौतियों से निपटने के लिए नवाचार आधारित समाधान विकसित करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। दिल्ली सरकार कमजोर और संवेदनशील वर्गों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी ऐसे नवाचारपूर्ण और जलवायु-अनुकूल उपायों को बढ़ावा देती रहेगी। दिल्ली में चल रही भीषण गर्मी को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें, स्वयं को हाइड्रेट रखें, दोपहर के समय लंबे समय तक सीधे सूर्य के संपर्क में आने से बचें तथा हीट एक्शन प्लान के तहत स्थापित कूलिंग जोन और अन्य सार्वजनिक राहत सुविधाओं का अधिकतम उपयोग करें। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण दिल्ली सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और सरकार गर्मी के मौसम में लोगों को राहत प्रदान करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।

# इंडिया गठबंधन ने दिल्ली में की बैठक

- मोदी सरकार पर किया प्रहार अगली बैठक अगस्त में हैदराबाद में होगी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में सोमवार को इंडिया गठबंधन की बैठक का आयोजन किया गया। कांग्रेस नेताओं ने इसमें 23 राजनीतिक दलों के शामिल होने की पुष्टि की। कांग्रेस का कहना है कि अलग-अलग राजनीतिक विचारधाराओं के बावजूद विपक्षी गठबंधन एकजुट है। इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र की बीजेपी सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि सत्ताधारी सरकार में संविधान पर हमला लगातार जारी है। बीजेपी सरकार पर ह्यकुशासनह्व का आरोप लगाते हुए उन्होंने जोर दिया कि इंडिया ब्लॉक की सभी राजनीतिक पार्टियों को इसके खिलाफ एकजुट होकर लड़ना चाहिए। यह बैठक विपक्ष की एकजुटता की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है, क्योंकि गठबंधन में शामिल पार्टियां मौजूदा सरकार के खिलाफ आपसी सहयोग को मजबूत करने की कोशिश कर रही है। इस बैठक में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, ममता बनर्जी, अखिलेश यादव और उमर अब्दुल्ला, तेजस्वी यादव समेत कई बड़े नेता शामिल हुए हैं। इंडिया ब्लॉक की मीटिंग के बाद कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि वोट लूट और चुनाव में चोरी पर चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया को एक लेटर भेजने पर सहमति बनी है। यह लेटर बहुत जल्द चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया को दिया जाएगा। दूसरा, एजुकेशन मिनिस्टर के तुरंत इस्तीफे की मांग करने पर एकमत से सहमति बनी क्योंकि उन्होंने एनईईटी और सीबीएसई एग्जाम देने वाले लाखों युवाओं के साथ धोखा किया है। इंडिया ब्लॉक मीटिंग के बाद खरगे ने कहा कि केंद्र सरकार को अभी की खराब आर्थिक हालत, बेरोजगारी, महंगाई और किसानों के मुद्दे और दूसरे लोगों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के लिए तुरंत एक ऑल-पार्टी मीटिंग

# मेयर ने किया खिचड़ीपुर-पटपड़गंज वार्डों का निरीक्षण

- नागरिक सुविधाओं, शिक्षा एवं स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली। मेयर प्रवेश वाही ने आज वार्ड 167 खिचड़ीपुर एवं वार्ड 168 पटपड़गंज का निरीक्षण कर क्षेत्र में उपलब्ध नागरिक सुविधाओं, शिक्षा, स्वच्छता एवं आधारभूत ढांचे की समीक्षा की। इस अवसर पर संबंधित वार्ड के पार्षद देवेंद्र कुमार एवं रेणु चौधरी, अतिरिक्त आयुक्त पंकज नरेश अग्रवाल, उपायुक्त शाहदरा दक्षिण वैरोकपम पुंशीबा सिंह तथा अन्य वरिष्ठ निगम अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान मेयर प्रवेश वाही ने खिचड़ीपुर स्थित ब्लॉक-8 में वरिष्ठ नागरिक केंद्र का दौरा किया। समीपवर्ती पार्क का निरीक्षण कर सिंचाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए छोटा मोटर पंप लगाने को कहा। एक अन्य पार्क में सुरक्षा एवं सौंदर्यीकरण के दृष्टिगत प्रवेश द्वार लगाने तथा चारदीवारी के निर्माण के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए गए। मेयर ने क्षेत्र में स्थित सुलभ शौचालय का निरीक्षण करते हुए पाया कि उसके बाहर अतिक्रमण किया गया है। उन्होंने संबंधित विभागों को तत्काल प्रभाव से अतिक्रमण हटाने तथा आम नागरिकों की सुविधा सुनिश्चित करने को कहा। इसके उपरांत निगम विद्यालय का दौरा कर विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने विद्यालय में पेयजल, पंखों, बेंचों, शौचालयों एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों को सभी व्यवस्थाओं को समयबद्ध रूप से दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

# वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम : डॉ. मोनिका पंत

- सूरजमल विहार के सी ब्लॉक शिव मंदिर पार्क में स्वच्छता अभियान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




नई दिल्ली। सूरजमल विहार स्थित सी ब्लॉक शिव मंदिर पार्क में डिप्टी मेयर डॉ. मोनिका पंत के नेतृत्व में विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाहदरा साउथ जोन उपायुक्त, सहायक आयुक्त, सैनिटेशन सुपरिटेंडेंट, उद्यान विभाग के संबंधित अधिकारी तथा पर्यावरण सहायक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पार्क एवं आसपास के क्षेत्र में व्यापक सफाई अभियान चलाया गया तथा स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण बनाए रखने के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। डिप्टी मेयर डॉ. मोनिका पंत ने नागरिकों से भी अपने आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री के प्रेरणादायी अभियान ह्यएक पेड़ मा के नामह्व के अंतर्गत डॉ. मोनिका पंत एवं शाहदरा साउथ जोन उपायुक्त ने पार्क परिसर में वृक्षारोपण भी किया। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है तथा प्रत्येक नागरिक को अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। डिप्टी मेयर डॉ. मोनिका पंत ने कहा कि स्वच्छता और हरियाली, दोनों ही एक स्वस्थ एवं विकसित दिल्ली की आधारशिला हैं। नगर निगम निरंतर ऐसे जनहितकारी अभियानों के माध्यम से दिल्ली को स्वच्छ, सुंदर एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# निगम के प्राथमिक विद्यालयों में इनडोर खेल सुविधाएं विकसित होंगी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम के स्कूलों में छात्रों के लिए खेल सुविधाओं को विकसित किया जाएगा। इसके तहत निगम के प्राथमिक विद्यालयों में इनडोर खेल के उपकरणों को लगाया जाएगा। साथ ही, निगम के शिक्षा विभाग ने कई स्कूलों में अतिरिक्त क्लासरूम बढ़ाने का भी फैसला लिया है। कुछ स्कूलों में क्लासरूम बढ़ा दिए गए हैं। निगम की शिक्षा समिति के अध्यक्ष योगेश वर्मा ने बताया कि निगम के प्राथमिक विद्यालयों में कई इनडोर खेल सुविधाएं तैयार होंगी। कई अभिभावकों ने शिक्षकों से इन सुविधाओं को लेकर चर्चा की थी। कुछ स्कूलों में बच्चों के लिए कैरम, टेबल टेनिस जैसे खेलों के उपकरण लगा दिए गए हैं। इसे और बढ़ाया जाएगा। कुछ स्कूलों में मरम्मत कार्यों को लेकर भी शिक्षकों ने मांग की है। इसे देखते हुए सभी स्कूलों का आकलन किया जा रहा है। स्कूलों की दीवारों के मरम्मत कार्यों के साथ शौचालयों के रखरखाव के कार्यों को मंजूरी दी गई है। छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के तहत जागरूक करने के लिए स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद कार्यशालाओं का भी आयोजन होगा।

# कांग्रेस का गठबंधन करने के पीछे मुख्य मकसद देश को मजबूत करना नहीं, बल्कि खुद को मजबूत करना है- प्रियंका कक्कड़

- आम आदमी पार्टी का देश के युवाओं के खिलाफ खड़ी कांग्रेस के साथ गठबंधन करने का कोई सवाल ही नहीं है- प्रियंका कक्कड़

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली। इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल होने को लेकर लगाई जा रही अटकलों को आम आदमी पार्टी ने एक बार फिर खारिज कर दिया। ह्यह्यआपह्वह्व के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने स्पष्ट करते हुए कहा कि जब आम आदमी पार्टी इंडिया गठबंधन का हिस्सा ही नहीं है तो बैठक में शामिल होनने का कोई औचित्य ही नहीं बनता। उन्होंने इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल होने वाले घटक दलों से मांग की कि पहले इन दलों को देश के सामने मुद्दे स्पष्ट करने चाहिए कि किन मुद्दों पर चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि तमिलनाडु में बिना विश्वास में लिए दूसरे दल को समर्थन करने से डीएमके के मन में नाराजगी होना स्वभाविक है। संजय सिंह ने कहा कि हम पहले ही कई बार स्पष्ट कर चुके हैं कि आम आदमी पार्टी अब इंडिया गठबंधन का हिस्सा नहीं है। इसलिए यह सवाल ही नहीं उठता कि पार्टी बैठक में शामिल होगी। जब पार्टी गठबंधन का हिस्सा ही नहीं है तो उस बैठक में शामिल होने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने कहा कि बैठक में शामिल होने वाली पार्टियों को पहले यह स्पष्ट करना चाहिए कि वे किन मुद्दों पर चर्चा कर रही हैं। पहले कोई मुद्दा तो देश के सामने आए। संजय सिंह ने कहा कि डीएमके गठबंधन का एक परंपरागत मित्र दल था, लेकिन उन्हें विश्वास में लिए बिना जिस तरह से अन्य दलों का समर्थन किया गया, उससे उनके मन में नाराजगी है। किसी भी राजनीतिक दल के मन में इस तरह की नाराजगी होना पूरी तरह स्वभाविक है। संजय सिंह ने इंडिया गठबंधन के नेताओं के अलग-अलग बयानों और उनके बीच आपसी लड़ाई दिखाने वाले पोस्टरों को लेकर कहा कि यह सब केवल भाजपाइयों का खेल रहता है और किसी को भी इस खेल के चक्कर में पड़ने की जरुरत नहीं है। उधर, ह्रआपह्व की वरिष्ठ नेता व मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि कांग्रेस जो भी गठबंधन करती है, उसका एकमात्र मकसद सिर्फ खुद को मजबूत करना होता है। उनका मकसद देश को मजबूत करना या देशहित नहीं है। शनिवार को भी यह देखा गया कि कांग्रेस किस तरह देश के युवाओं के खिलाफ खड़ी हो गई। जो पार्टी देश के युवाओं के खिलाफ खड़ी हो, आम आदमी पार्टी उसके साथ कैसे खड़ी हो सकती है? हम हमेशा देश के युवाओं के साथ हैं। प्रियंका कक्कड़ ने बताया कि हाल ही में तमिलनाडु में जो चुनाव संपन्न हुए हैं, उसमें कांग्रेस को अपने गठबंधन सहयोगी की पीठ में छुरा घोंपने में एक दिन भी नहीं लगा। हिमाचल प्रदेश के निकाय चुनावों में जहां कांग्रेस और भाजपा की सीधी टक्कर थी, वहां कांग्रेस का क्या हश्र हुआ, यह सबने देखा है। असम विधानसभा चुनाव में भी सीधी टक्कर के क्या नतीजे आए, यह सबके सामने है। करीब 30 साल हो गए हैं जबसे गुजरात में कांग्रेस और भाजपा के बीच मुकाबला हो रहा है और उसका क्या नतीजा निकलता है, यह भी स्पष्ट है। यह साबित हो चुका है कि सीधी टक्कर में कांग्रेस कहीं भी भाजपा को हराने में सक्षम नहीं है। प्रियंका कक्कड़ ने आगे कहा कि हम लोकसभा चुनाव के बाद से ही लगातार यह बात कह रहे हैं कि अब हम कांग्रेस के साथ कोई गठबंधन नहीं करेंगे। कांग्रेस ने पूरी बेशर्मी से दिल्ली में चुनाव सिर्फ आम आदमी पार्टी को हराने के लिए लड़ा था और उनके दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष ने इस बात को खुलकर स्वीकार भी किया था। कांग्रेस के एक बड़े नेता ने दिल्ली चुनाव के बाद बकायदा प्रेस वार्ता करके यह बताया था कि 2025 में कांग्रेस का जीरो, 2020 के जीरो से कैसे बेहतर है। इसलिए अब कांग्रेस के साथ किसी भी गठबंधन का कोई सवाल ही पैदा नहीं होता।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, मंगलवार, 09 जून, 2026

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली-एनसीआर में फिर सताएगी भीषण गर्मी

नई दिल्ली। जून के पिछले हफ्ते में आई आंधी-तूफान और बारिश के कारण मौसम खुशनुमा हो गया था, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से बड़ी राहत मिली थी। हालांकि, दिल्ली-एनसीआर के निवासियों को एक बार फिर सूरज की तपिश और चिलचिलाती धूप का सामना करना पड़ेगा। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, इस हफ्ते राजधानी और आसपास के इलाकों में तापमान का ग्राफ तेजी से बढ़ने वाला है। सोमवार से आसमान पूरी तरह साफ रहेगा, जिससे गर्मी का कहर और अधिक बढ़ जाएगा। मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली-एनसीआर में 8 जून से गर्मी का नया दौर शुरू होने जा रहा है। इस पूरे हफ्ते लोगों को तेज गर्म हवाओं और लू (हीटवेव) के थपेड़े झेलने पड़ेंगे। इस दौरान दिन का अधिकतम तापमान 41 से 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की आशंका जताई गई है, जबकि न्यूनतम तापमान 27 से 29 सेल्सियस के आसपास दर्ज किया जा सकता है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अब न केवल दिन के समय भीषण गर्मी रहेगी, बल्कि रातें भी लोगों को तपाने वाली हैं। पिछले दिनों हुई आंधी और बारिश का असर अब पूरी तरह खत्म हो चुका है और मौसम शुष्क होने के कारण उमस भरी गर्मी लोगों की परेशानियां बढ़ाएगी। दिल्ली के विभिन्न इलाकों (उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम) में आंशिक रूप से बादल छाए रहने और दोपहर या शाम के समय गरज-चमक की स्थिति बनने की संभावना है। इस दौरान 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज सतही हवाएं भी चल सकती हैं, लेकिन बारिश को लेकर कोई बड़ा अलर्ट जारी नहीं किया गया है। गौरतलब है कि 11 से 13 जून के आसपास एक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से कहीं-कहीं हल्की बारिश और आंधी आ सकती है, जिससे तापमान में मामूली गिरावट दर्ज होगी। इसके बाद, दिल्ली-एनसीआर में लोगों को राहत देने वाला दक्षिण-पश्चिम मानसून 25 से 30 जून के आसपास दस्तक दे सकता है। फिलहाल मानसून आने से पहले केवल छिटपुट प्री-मानसून गतिविधियां ही देखने को मिलेंगी। दूसरी ओर, वायु गुणवत्ता सूचकांक वर्तमान में 50 से 100 के बीच यानी मध्यम स्तर पर बना हुआ है, लेकिन उड़ती धूल और बढ़ती गर्मी के कारण सांस के मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। लू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को दोपहर 12 बजे से 4 बजे के बीच बेवजह घर से बाहर न निकलने, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और बुजुर्गों व बच्चों का विशेष ख्याल रखने की सलाह दी है।

### जामिया प्रोफेसर को मिला डेंटल एजुकेटर पुरस्कार

नई दिल्ली। जामिया मिल्लिया इस्लामिया के फैकल्टी ऑफ डेंटिस्ट्री में प्रोफेसर डॉ. अमन चौधरी को उत्कृष्ट डेंटल एजुकेटर पुरस्कार-2026 से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें फोरेंसिक ओडोंटोलॉजी, दंत शिक्षा, शोध और मेंटरशिप में योगदान के लिए दिया गया है। विभाग डीन डॉ. नदीम यूनुस ने कहा कि यह पुरस्कार फैकल्टी की बढ़ती शैक्षणिक और शोध उत्कृष्टता को दर्शाता है। जामिया के अनुसार डॉ. अमन और उनकी टीम डेंटल एंथ्रोपोलॉजी, डेंटल प्रोफाइलिंग, ओरल व पैरा-ओरल संरचनाओं से जुड़ी अन्य फोरेंसिक जांच में डेंटल साइंस के इस्तेमाल पर ध्यान केंद्रित करती है।

### जामिया को मिला फिट इंडिया गोल्ड पुरस्कार

नई दिल्ली। जामिया मिल्लिया इस्लामिया को भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय से फिट इंडिया गोल्ड एफईआरएन रिकग्निशन पुरस्कार मिला है। यह सम्मान स्वस्थ, हरित और वाहन-मुक्त परिसर को बढ़ावा देने व फिट इंडिया अभियान के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए विश्वविद्यालय के प्रयासों के लिए दिया गया है। केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने पुरस्कार विश्वविद्यालय द्वारा नामित लाइब्रेरियन डॉ. विकास सीतारामजी नागराले को दिया। विश्वविद्यालय के अनुसार जामिया कुलपति प्रोफेसर मजहर आसिफ और रजिस्ट्रार प्रोफेसर मो. महताब आलम रिजवी के दूरदर्शी और प्रेरणादायक नेतृत्व में फिट इंडिया अभियान को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की गई हैं। इसमें प्रत्येक रविवार को साइकिलिंग जैसी गतिविधियां शामिल हैं।

# वोटर लिस्ट एसआईआर से निपटने के लिए कांग्रेस पूरी तरह से तैयार : देवेन्द्र यादव

● हर स्तर पर सतर्क रहकर लोकतंत्र और वोट देने के अधिकार की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ेगी कांग्रेस : काजी निजामुद्दीन

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



नई दिल्ली। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के बीएलए-1 और बीएलए-2 वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिविजन यानी एसआईआर से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इसका मकसद यह पक्का करना है कि भाजपा के दबाव में चुनाव आयोग द्वारा वैध वोटरों के नाम न हटाए जाएं और वोटों की चोरी न हो।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दिल्ली प्रभारी काजी निजामुद्दीन के साथ मिलकर ज़िला-वार बीएलए-2 ट्रेनिंग कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

यह कार्यक्रम बदरपुर में ज़िला अध्यक्ष हर्ष चौधरी द्वारा शिव मंदिर भारत घर, तुगलकाबाद एक्सटेंशन में और महरौली ज़िले में ज़िला अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा ने अग्रसेन वाटिका में आयोजित किए थे। बीएलए-2 ट्रेनिंग प्रोग्राम में शामिल होने वाले अन्य प्रमुख लोगों में तस्वीर सोलंकी, राजेश गढ़, रमेश कुमार, डॉ. योगानंद शास्त्री, प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष पुष्पा सिंह, विजय लोचव, प्रवीण राणा, डॉ. नरेंद्र नाथ, मीर सिंह, चौधरी शिशपाल, गौरी शंकर, अरविंद तंवर, प्रेम गुप्ता, अशोक बघेल, दीपक सिंह, अर्जुन बडाना, जय प्रकाश, ब्लॉक अध्यक्ष, बीएलए-1 और बीएलए-2 शामिल थे।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि शनिवार को हुई ट्रेनिंग वर्कशॉप में बीएलए-1 वॉलंटियर्स को ट्रेनिंग दी गई, जो आगे चलकर दिल्ली के हर बूथ पर बीएलए-2 वॉलंटियर्स को ट्रेनिंग देंगे। इसकी शुरूआत आज हर ज़िले में हो गई है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली कांग्रेस के कार्यकर्ता चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने और हर वैध नागरिक के वोट देने के अधिकार की रक्षा करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करेंगे।

काजी निजामुद्दीन ने कहा कि कांग्रेस पार्टी यह पक्का करेगी कि एसआईआर प्रक्रिया के नाम पर किसी भी हालत में दलितों, अल्पसंख्यकों, गरीबों और पुनर्वास कॉलोनियों में रहने वाले लोगों के वोट न काटे जाएं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हर स्तर पर सतर्क रहकर लोकतंत्र और वोट देने के अधिकार की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ेगी। इस कवायद के तहत कांग्रेस कार्यकर्ता घर-घर जाकर यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी वैध मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल हों। वोटर लिस्ट को लेकर देवेंद्र यादव का बीजेपी पर हमला उन्होंने आगे कहा, मतदाता सूची में नाम हटाने या जोड़ने की जिम्मेदारी बीजेपी पर है, क्योंकि 2014 से केंद्र में उनकी ही सरकार है. यादव ने ये सवाल उठाते हुए पूछा, 2002 में दिल्ली की आबादी सिर्फ 1.39 करोड़ थी, और जबकि अब मतदाताओं की संख्या 1.55 करोड़ हो गई है. आयोग के पास ऐसा कौन सा फॉर्मूला है जो 2002 की सूची से 2025 की तुलना करके यह काम करेगा?

# आईजीआई एयरपोर्ट पर 15.38 किलो हाइड्रोपोनिक गांजे के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



नई दिल्ली। इंदिरा गांधी हवाई अड्डे पर एक बार फिर तस्करों के मंसूबों को कस्टम विभाग ने नाकाम कर दिया है। कस्टम विभाग ने हाइड्रोपोनिक गांजे की तस्करी के बड़े प्रयास को विफल कर दिया है। अधिकारियों ने गीजरों में छिपाए गए 15.38 किलोग्राम नशीले पदार्थ जब्त किए हैं। विशेष जानकारी और प्रोफाइलिंग के आधार पर नई दिल्ली स्थित आईजीआई हवाई अड्डे के सीमा शुल्क अधिकारियों ने भारत में बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थों की तस्करी के प्रयास को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया। कस्टम विभाग के अनुसार, 7 जून (रविवार) को फ्लाइट नंबर डी7-182 से कुआलालंपुर से आ रहे दो यात्रियों को ग्रीन चैनल पार करने के बाद रोका गया। निगरानी और जांच के दौरान अधिकारियों ने पाया कि यात्री अपने चेक-इन बैगेज के अलावा दो बिल्कुल नए गीजर भी ले जा रहे थे। संदिग्धों से लगातार पूछताछ और उनके मोबाइल फोन की गहन जांच के दौरान अधिकारियों को गीजरों के अंदर छिपी सामग्री के बारे में गहरा संदेह हुआ। इसलिए, उपकरणों का एक्स-रे परीक्षण किया गया, जिससे उनके आंतरिक ढांचे में गुप्त पदार्थ छिपाए जाने की संभावना का संकेत मिला। इसके बाद दोनों गीजरों को खोलने पता चला कि चीजों को छुपाने के लिए कितनी व्यवस्था की गई थी। सीमा शुल्क अधिकारियों ने उपकरणों के अंदर चालाकी से छिपाए गए 145 वैक्यूम-सील्ड पैकेट बरामद किए। बरामद पैकेटों की जांच में एक हरे पत्तेदार पदार्थ का पता चला, जिस पर हाइड्रोपोनिक वीड (गांजा) होने का संदेह है। बरामद मादक पदार्थ का कुल वजन 15.38 किलोग्राम पाया गया। जब्त किए गए प्रतिबंधित पदार्थ का अनुमानित अवैध बाजार मूल्य लगभग 5.38 रुपये करोड़ है। बरामद मादक पदार्थ को एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के प्रावधानों के तहत जब्त कर लिया गया है और दोनों यात्रियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आगे की जांच की जा रही है। इसके पहले आईजीआई हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने 48 करोड़ के मादक पदार्थ के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया था। बैंकॉक की फ्लाइट (एआई-2356) से आ रहे दो थाईलैंड के यात्रियों को सीमा शुल्क ग्रीन चैनल पार करने के बाद रोका। जांच के दौरान हाइड्रोपोनिक वीड (गांजा) होने के संदेह वाले छह (6) वैक्यूम सील्ड पैकेट बरामद हुए। लगभग 29 किलोग्राम वजन के चार पैकेट एक यात्री के सामान से बरामद किए गए, जबकि लगभग 19 किलोग्राम वजन के दो पैकेट दूसरे यात्री के सामान से बरामद किए गए थे।

# दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र और सीबीएसई को जारी किया नोटिस

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 12वीं की परीक्षा में डिजिटल इवैल्यूएशन सिस्टम (ओएसएम) में हुई गड़बड़ियों की स्वतंत्र जांच की मांग को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार और सीबीएसई को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई 12 जून 2026 को तय की है। कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट ने यह कदम उठाया। याचिका में आरोप लगाया गया है कि ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) सिस्टम में आई तकनीकी खामियों और गड़बड़ियों के कारण हजारों छात्रों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई छात्रों की आंसर स्क्रिप्ट गायब बताई जा रही हैं, कुछ धुंधली हैं, तो कुछ की गलत तरीके से जांच की गई है। एनएसयूआई ने याचिका में मांग की है कि डिजिटल मूल्यांकन प्रक्रिया में हुई सभी गड़बड़ियों की स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराई जाए। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त सुरक्षा उपाय, प्रोटोकॉल और दिशा-निर्देश तैयार किए जाएं। याचिका में सीबीएसई को उन सभी छात्रों को कंपेन्सेटरी मार्क्स देने का भी निर्देश देने की अपील की गई है जिनकी उत्तर पुस्तिकाएं प्रभावित हुई हैं। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि डिजिटल मूल्यांकन सिस्टम में बार-बार आने वाली समस्याएं छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही हैं। कई अभिभावकों और छात्रों ने शिकायत की है कि अंकों में बेतरतीबी, स्क्रिप्ट लापता होना और गलत मूल्यांकन जैसी समस्याएं आम हो गई हैं। एनएसयूआई ने सीबीएसई पर आरोप लगाया कि बोर्ड इन शिकायतों को गंभीरता से नहीं ले रहा है। एनएसयूआई ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल माध्यमों का उपयोग बढ़ रहा है लेकिन इसके साथ ही मजबूत सुरक्षा व्यवस्था और बैकअप प्लान भी जरूरी है।

## साइबर धोखाधड़ी गिरोह के दो आरोपी राजस्थान से गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली। सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट की साइबर पुलिस ने साइबर धोखाधड़ी के एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो प्रमुख सदस्यों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों ने पूछताछ के दौरान धोखाधड़ी से जुड़े 30 बैंक खातों के नेटवर्क का खुलासा किया। पुलिस को एक शिकायतकर्ता ने बताया कि 22 अप्रैल को उनका मोबाइल फोन अचानक बंद हो गया, स्क्रीन पूरी तरह से काली हो गई और डिवाइस असामान्य रूप से गर्म हो गया। कुछ समय बाद, जब फोन सामान्य रूप से चलने लगा तो उन्होंने देखा कि उनकी सहमति के बिना उनके बैंक खाते से 95,000 की राशि डेबिट कर दी गई थी। इसके बाद 23 अप्रैल को शिकायतकर्ता ने पाया कि उसी खाते से किसी अज्ञात स्रोत के माध्यम से 96,000 का एक और अनधिकृत लेनदेन किया गया था। उनके खाते से धोखाधड़ी से निकाली गई कुल राशि 1 लाख 91 हजार रुपये थी।

# खरगे, राहुल ने सुराज हेगड़े के निधन पर जताया शोक

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पार्टी के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पार्टी के युवा सचिव सुराज हेगड़े के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। श्री खरगे ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्ल पर अपने शोक संदेश में कहा कि सचिव के रूप में पार्टी की सेवा करने वाले युवा और प्रतिभाशाली नेता सुराज हेगड़े के असामयिक निधन से वह स्तब्ध और दुखी हैं। उन्होंने कहा कि श्री हेगड़े उनके परिवार के बेहद करीब थे और वह उन्हें किशोरावस्था से जानते थे। एक समर्पित नेता के रूप में उन्होंने अपने करियर को आगे बढ़ाया और युवा कांग्रेस के प्रभारी के रूप में तथा कांग्रेस सचिव के तौर पर अपने समर्पण का परिचय अत्यंत संतोषजनक ढ़ंग दे दिया। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि श्री हेगड़े ने युवा कांग्रेस में महत्वपूर्ण योगदान दिया तथा वरिष्ठ कांग्रेस नेता देवराज उर्स की विरासत और मूल्यों को पूरी निष्ठा से आगे बढ़ाया। उन्होंने शोक संतप्त परिवार, मित्रों और समर्थकों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए परिजनों को यह अपूरणीय क्षति सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। श्री गांधी ने कहा कि श्री हेगड़े के निधन से उन्हें गहरा दुख पहुंचा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सचिव और युवा कांग्रेस के पूर्व प्रभारी के रूप में श्री हेगड़े ने पार्टी के आदर्शों में गहरी आस्था के साथ काम किया। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस उनके लिए केवल एक जिम्मेदारी नहीं थी, बल्कि उन्होंने ऐसे अनेक युवाओं का मार्गदर्शन किया जो आज न्याय और लोकतंत्र के प्रति कांग्रेस की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्री हेगड़े का निधन कांग्रेस परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने दिवंगत नेता के परिवार, सहयोगियों और सभी कांग्रेस कार्यकताओं के प्रति संवेदना व्यक्त की, जिनके जीवन को उन्होंने प्रभावित किया। पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि श्री हेगड़े का निधन कांग्रेस परिवार के सभी सदस्यों के लिए बड़ी क्षति है।

## दिल्ली हवाई अड्डे पर एयर इंडिया के विमानों से सीढ़ी टकराने की घटना की जांच शुरू

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रविवार शाम तेज आंधी के बीच एयर इंडिया के विमानों से लोहे की सीढ़ी टकराने की घटना की जांच नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने शुरू कर दी है। हवाई अड्डे पर रविवार शाम अचानक मौसम बदल गया और भारी बारिश के तेज आंधी शुरू हो गयी। इस दौरान टर्मिनल-2 के ह्यबेह्ल में इंडिगो की ग्राउंड हैंडलिंग टीम की एक लोहे की सीढ़ी (स्टेप लैडर) तेज हवाओं के साथ खुद-ब-खुद आगे बढ़ने लगी और इससे पहले कि उसे काबू किया जाता, एयर इंडिया की तीन विमानों टकरा गयी। इस घटना में विमानों को नुकसान पहुंचा है। सूत्रों ने बताया कि घटना शाम करीब 4.30 बजे की है।

# लक्ष्मी नगर में मोबाइल चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली जिले की लक्ष्मी नगर थाना पुलिस ने एक मोबाइल चोरी के मामले का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया मोबाइल फोन भी बरामद किया है। यह कार्रवाई तकनीकी जांच, सीसीटीवी विश्लेषण और सतत निगरानी के आधार पर की गई। घटना 4 जून 2026 की है, जब लक्ष्मी नगर क्षेत्र में एक घर से सैमसंग गैलेक्सी मोबाइल फोन चोरी होने की शिकायत दर्ज की गई थी। इस संबंध में ई-एफआईआर दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की धारा 305 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की। मामले की जांच के लिए लक्ष्मी नगर थाना पुलिस ने एक विशेष टीम का गठन किया। इस टीम में हेड कांस्टेबल रहीस, हेड कांस्टेबल मनोज, हेड कांस्टेबल वसीम अकरम, हेड कांस्टेबल रविकांत और कांस्टेबल देवी शामिल थे। टीम ने एसएचओ लक्ष्मी नगर के नेतृत्व और एसीपी प्रीत विहार के समग्र मार्गदर्शन में जांच को आगे बढ़ाया। जांच के दौरान पुलिस टीम ने घटनास्थल और उसके आसपास के लगभग 20 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को बारीकी से खंगाला। फुटेज के विश्लेषण के साथ-साथ तकनीकी सर्विलांस और स्थानीय स्तर पर सूचना एकत्र करने का काम भी लगातार जारी रखा गया। इन प्रयासों के आधार पर संदिग्ध की पहचान की गई। काफी मेहनत और सतत निगरानी के बाद पुलिस ने आरोपी की पहचान मोहम्मद इस्तिखार (40 वर्ष) के रूप में की, जो किशन कुंज झुग्गी, लक्ष्मी नगर, दिल्ली का निवासी है। पहचान के बाद पुलिस ने उसे दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया और पूछताछ शुरू की। पूछताछ के दौरान आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया मोबाइल फोन बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी से पूछताछ में चोरी से संबंधित कई अहम जानकारियां भी सामने आई हैं। प्रारंभिक जांच में यह भी पता चला है कि आरोपी पहले भी एक अन्य चोरी के मामले में शामिल रह चुका है, जिसकी जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि आरोपी पेशे से पेंटर है और अनपढ़ है। उसकी आपराधिक गतिविधियों, संभावित सहयोगियों और अन्य मामलों में संलिप्तता की गहन जांच की जा रही है।

# इंडिया गठबंधन की बैठक शुरू, भाजपा से मुकाबले की रणनीति पर होगी चर्चा

नई दिल्ली। विपक्षी इंडिया गठबंधन के घटक दलों की बैठक सोमवार को शुरू हो गई, जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से मुकाबला करने और एकजुट होकर आगे बढ़ने की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। राष्ट्रीय राजधानी के ह्यकॉन्स्टीट्यूशन क्लबह्ल में हो रही इस बैठक में कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, वर्तमान अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, तृणमूल कांग्रेस की ममता बनर्जी, समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के तेजस्वी यादव और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शप) समेत 20 से अधिक दलों के प्रमुख नेता भाग ले रहे हैं। शिवसेना (उबाठा) के उद्धव ठाकरे इस बैठक में डिजिटल माध्यम से जुड़े हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने रविवार को कहा था कि 23 राजनीतिक दलों ने ह्यइंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंसह्ल (इंडिया) की बैठक में भागीदारी की पुष्टि की है। रमेश ने कहा था कि कुछ राजनीतिक दलों ने अपने-अपने कारणों से इस विशेष बैठक में शामिल होने में असमर्थता जताई है। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) और आम आदमी पार्टी (आप) बैठक में शामिल नहीं हैं। आप पहले ही सार्वजनिक रूप से इस गठबंधन से दूरी बना चुकी है जबकि द्रमुक ने तमिलनाडु में कांग्रेस द्वारा उससे संबंध तोड़कर टीवीके-नीत सरकार में शामिल होने के बाद बैठक का बहिष्कार करने की घोषणा की है। गठबंधन भविष्य की रणनीति पर विचार-विमर्श करेगा और राज्यों के आगामी चुनावों तथा 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले राष्ट्रीय मुद्दों पर मोदी सरकार का मुकाबला करने के लिए एकजुट मोर्चा के रूप में खुद को पेश करने का प्रयास करेगा। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की हालिया हार ने भी विपक्षी गठबंधन को देश में भाजपा के बढ़ते प्रभाव का मुकाबला करने के लिए एकजुट होने को मजबूर किया है।

# साकेत में इमारत गिरने के मामले में सुप्रीम कोर्ट में स्टेट्स रिपोर्ट दाखिल एमसीडी पर लापरवाही का आरोप

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली के साकेत इलाके में इमारत गिरने के मामले में सुप्रीम कोर्ट में स्टेट्स रिपोर्ट दाखिल हुई है। अवैध निर्माण को लेकर एमिकस क्यूरी ने रिपोर्ट दाखिल की है। रिपोर्ट में दिल्ली नगर निगम पर लगातार अनदेखी और लापरवाही का आरोप लगाया गया है। इसके साथ ही बिल्डिंग कानूनों के उल्लंघन पर सख्त एक्शन की मांग की गई है।स्टेटस रिपोर्ट में दिल्ली में अवैध निमार्णों के विरुद्ध व्यापक कार्रवाई, भवन दुर्घटना की जवाबदेही तय करने, दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करने तथा मृतकों के परिजनों को मुआवजा दिलाने की मांग की गई है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त एमिकस क्यूरी का कहना है कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की लापरवाही की वजह से दिल्ली के साकेत इलाके में बिल्डिंग गिरी, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई। रिपोर्ट में एमिकस ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की कि दिल्ली की बाकी सभी इमारतों का भी संरचनात्मक ऑडिट कराया जाए। कोर्ट एमसीडी से जवाब-तलब करे कि यह अवैध इमारत इतने सालों तक कैसे बनती रही। जिम्मेदार अधिकारियों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई हो। पीड़ित परिवारों को मुआवजे और कार्रवाई की पूरी रिपोर्ट कोर्ट में दी जाए। 30 मई को साकेत मेट्रो स्टेशन के पास सैदुलाजाब इलाके में बिल्डिंग गिर गई थी। घटना के बाद इलाके में भारी भीड़ और दहशत का माहौल बन गया था। दिल्ली फायर सर्विस को शाम करीब 7:44 बजे कॉल मिली थी, जिसके बाद तुरंत फायर टेंडर घटनास्थल पर भेजे गए। इसके बाद राहत और बचाव कार्य तेजी से शुरू किया गया। आसपास के लोगों को तुरंत सुरक्षित दूरी पर हटाया गया ताकि बचाव कार्य में किसी तरह की बाधा न आए। मलबे को हटाने के लिए मशीनों और हाथों दोनों का इस्तेमाल किया गया था। बिल्डिंग पास की एक कैंटीन पर गिरी, जहां कई लोग खाना खा रहे थे। इस घटना में छह लोगों की मौत हो गई थी और कई लोग घायल हुए थे। इस मामले में पुलिस ने गैर-इरादतन हत्या समेत कई गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। इसके साथ ही 71 वर्षीय मकान मालिक करमबीर सेजवाल को गिरफ्तार किया गया है।

## प्रवर्तन निदेशालय ने 142 करोड़ रुपये के सीमा पार ड्रग मनी लॉन्ड्रिंग मामले में की छापेमारी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का एक दल सोमवार को मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में मिजोरम-म्यांमार सीमा, त्रिपुरा-बंगलादेश सीमा और पश्चिम बंगाल में चार जगहों पर तलाशी ले रहे हैं। ईडी का यह मामला नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी), अगरतला जोनल इकाई द्वारा दर्ज किये गये एक मामले पर आधारित है। इसमें 21 अगस्त, 2025 को त्रिपुरा में 49.101 किलोग्राम मेथामफेटामाइन और 40 ग्राम हेरोइन जब्त की गयी थी। त्रिपुरा में जिन जगहों पर तलाशी ली जा रही है, वे बंगलादेश सीमा से सिर्फ 200 मीटर दूर हैं, जबकि मिजोरम में तलाशी वाली जगह म्यांमार सीमा से लगभग 500 मीटर दूर है। जांच में एक संगठित क्रॉस-बॉर्डर सिंडिकेट का पता चला है, जो मिजोरम के चम्फाई-जोखावथर सेक्टर के जरिये म्यांमार से मेथामफेटामाइन लाता था और त्रिपुरा में इसे लेने वालों तक पहुंचाता था।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर खराब मौसम के बीच एयर इंडिया के तीन विमान क्षतिग्रस्त

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई) पर पार्क किए गए एयर इंडिया के तीन विमानों के क्षतिग्रस्त होने के बाद जांच शुरू कर दी गई है। यह घटना उस समय हुई जब अचानक खराब मौसम के कारण ग्राउंड सपोर्ट उपकरण अपनी जगह से खिसक गए और विमानों से टकरा गए। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डीआईएएल) के अनुसार, यह घटना रविवार को टर्मिनल-2 पर भारी बारिश और तेज हवाओं के चलते घटी, जिसके कारण पार्क किए गए विमानों के पास रखे ग्राउंड हैंडलिंग उपकरण अपनी जगह से हट गए और एयर इंडिया के तीन नैरो-बॉडी विमानों से टकरा गए। घटना के बाद तीनों विमानों को एहतियातन सेवा से हटा दिया गया है। अब इनकी विस्तृत जांच और मरम्मत की जाएगी ताकि उनकी सुरक्षा और तकनीकी स्थिति का आकलन किया जा सके। डीआईएएल ने बताया कि जो उपकरण अपनी जगह से खिसके थे, वे एयर इंडिया इंजीनियरिंग सर्विसेज और इंडिगो की ग्राउंड हैंडलिंग सेवाओं से संबंधित थे। एयरपोर्ट अधिकारियों के अनुसार, मौसम की स्थिति अचानक और अप्रत्याशित रूप से खराब हो गई थी। उन्होंने कहा कि एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) की ओर से न तो एयरपोर्ट ऑपरेटर को और न ही एयरलाइंस को मौसम में इस अचानक बदलाव की कोई अग्रिम चेतावनी मिली थी। हालांकि, इस खबर को लिखे जाने तक एयर इंडिया ने इस घटना पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, खराब मौसम के कारण किसी अन्य ऑपरेटर का एक विमान भी प्रभावित हुआ है। हालांकि, इसके बारे में विस्तृत जानकारी अभी सामने नहीं आई है। जानकारी के अनुसार, प्रभावित तीन विमानों में से दो विमानों के जल्द ही परिचालन में लौटने की संभावना है, जबकि तीसरे विमान की मरम्मत में अधिक समय लग सकता है। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब अचानक मौसम खराब होने, तेज बारिश और आंधी जैसी परिस्थितियों के कारण विमानन संचालन पर लगातार दबाव बढ़ रहा है। दिल्ली-एनसीआर में रविवार को मौसम ने अचानक करवट ली और कई इलाकों में तेज बारिश हुई। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के आसपास के क्षेत्रों में भी बारिश का असर साफ तौर पर देखा गया

# सशक्त संगठन और सक्रिय कार्यकर्ता ही प्रदान करते हैं लोकतंत्र को मजबूती : गजेन्द्र यादव

● महरौली विधानसभा में बीएलए-2 कार्यकताओं की बैठक

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




नई दिल्ली। महरौली विधानसभा में आगामी एसआईआर प्रक्रिया के सफल संचालन एवं संगठनात्मक तैयारियों को लेकर बूथ लेवल एजेंट (बीएलए-2) बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से जिला नेतृत्व की ओर से उपस्थित गजेन्द्र यादव ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती, मतदाता सत्यापन अभियान तथा बूथ स्तर पर कार्यकताओं की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। बैठक में महरौली विधानसभा के तीनों मंडलों झ लाडो सराय, वसंत कुंज एवं महरौली से बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने भाग लिया। इस मौके पर कार्यकताओं को आगामी एसआईआर प्रक्रिया, मतदाता सत्यापन, संगठनात्मक दायित्वों तथा भविष्य की कार्ययोजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। एडवोकेट राहुल यादव ने बूथ स्तर पर किए जाने वाले कार्यों की जानकारी प्रदान की तथा कार्यकताओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया। पवन चौधरी ने बैठक का संचालन किया। बैठक में मंडल अध्यक्ष अजीत डबास, मनीष शर्मा तथा जिला स्तर से सुनील घावरी भी उपस्थित रहे। विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा कि लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति बूथ स्तर के कार्यकताओं में निहित है। उन्होंने सभी कार्यकताओं से संगठन द्वारा सौंपे गए दायित्वों का पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ निर्वहन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सशक्त संगठन और सक्रिय कार्यकर्ता ही लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करते हैं।

## बिहार के पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश की पुनर्नियुक्ति के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में पीआईएल दायर

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली। बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश की पुनर्नियुक्ति को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। याचिका में मुख्य सवाल यह उठाया गया है कि क्या कोई व्यक्ति, जो बिहार विधानमंडल के किसी भी सदन का सदस्य नहीं है, संविधान के अनुच्छेद 164(4) के तहत दी गई छह माह की अवधि समाप्त होने के बाद पुनः मंत्री पद पर नियुक्त किया जा सकता है। याचिकाकर्ता ने दीपक प्रकाश की मंत्री पद पर निरंतरता को असंवैधानिक बताते हुए उनकी नियुक्ति रद्द करने की मांग की है। याचिका में दलील दी गई है कि अनुच्छेद 164(4) के अंतर्गत गैर-विधायक को मंत्री बनाए जाने की छह महीने की संवैधानिक छूट केवल एक बार ही उपलब्ध है। इसका बार-बार इस्तेमाल इस्तीफा देकर, मंत्रिमंडल पुनर्गठन या पुनर्नियुक्ति के माध्यम से नहीं किया जा सकता। याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि अनुच्छेद

# एनसीआर में अगले तीन दिन झुलसाएगी गर्मी

● 11 जून से बदलेगा मौसम; आंधी-तूफान और बारिश से मिलेगी राहत

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में मौसम का मिजाज लगातार बदलता हुआ नजर आएगा। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के पूवार्नुमान के अनुसार आगामी तीन दिनों तक लोगों को भीषण गर्मी, तेज धूप और गर्म हवाओं का सामना करना पड़ेगा। इस दौरान अधिकतम तापमान 42 से 43 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रहेगा। हालांकि 11 जून से मौसम एक बार फिर करवट लेगा और आंधी-तूफान के साथ बारिश होने की संभावना है, जिससे तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की जाएगी। मौसम विभाग द्वारा जारी पूवार्नुमान के मुताबिक 8 जून को एनसीआर में आसमान मुख्य रूप से साफ रहेगा। इस दिन अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने इस दिन के लिए कोई चेतावनी जारी नहीं की है। 9 जून को गर्मी और अधिक बढ़ने की संभावना है। अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान जताया गया है। इस दौरान दिन के समय तेज सतही हवाएं चल सकती हैं। इसके बावजूद मौसम विभाग ने किसी विशेष चेतावनी की आवश्यकता नहीं बताई है। 10 जून को भी मौसम लगभग इसी तरह बना रहेगा। अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। दिन के समय तेज हवाएं चलने की संभावना बनी रहेगी। इसके बाद 11 जून से मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। मौसम विभाग के अनुसार, इस दिन गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। अधिकतम तापमान घटकर 41 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। 12 जून को बारिश और तूफानी गतिविधियां और प्रभावी हो सकती हैं। इस दिन अधिकतम तापमान में बड़ी गिरावट दर्ज होने की संभावना है और यह 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है, जबकि न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहेगा।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

गुरुग्राम-फरीदाबाद

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, मंगलवार, 09 जून, 2026

# केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का गुरुग्राम दौरा पर

● सड़क सुरक्षा प्रोजेक्ट्स की करेंगे समीक्षा; आधुनिक उपकरणों का होगा लाइव डेमो

प्रात: किरण संवाददाता



गुरुग्राम। में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी उद्योग विहार फेज-1 स्थित ह्यफिएम आरएंडडी और ग्लोबल इनोवेशन सेंटरह्न (FIEM) का दौरा करेंगे। उनका यह दौरा देश में सड़क सुरक्षा को मजबूत करने और उन्नत वाहन तकनीकों की समीक्षा करने के उद्देश्य से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। केंद्रीय मंत्री एसपी इन्फोसिटी में स्थित इस वैश्विक अनुसंधान केंद्र का बारीकी से निरीक्षण करेंगे। इस दौरान कंपनी के विशेषज्ञ और इंजीनियर उन्हें भविष्य की ऑटोमोटिव लाइट प्रणालियों, स्मार्ट सेंसर और आधुनिक सड़क सुरक्षा उपकरणों के बारे में लाइव डेमो देंगे। दुर्घटनाएं कम करने पर रहेगा जोर नितिन गडकरी लगातार देश में सड़क दुर्घटनाओं और मृत्यु दर को कम करने के लिए ऑटोमोटिव उद्योग से उन्नत सुरक्षा मानकों को अपनाने की अपील करते रहे हैं। इस दौरे के दौरान वे रात के समय होने वाले हादसों को रोकने के लिए विकसित की जा रही एंटी-ग्लेयर (चकाचौंध रोकने वाली) और ह्यस्मार्ट विजनह्न लाइट तकनीकों की समीक्षा करेंगे। इंडस्ट्रीज के अधिकारियों में उत्साह सड़क परिवहन मंत्री के आगमन को लेकर ऑटो कंपोनेंट निर्माण क्षेत्र और इंडस्ट्रीज के अधिकारियों में उत्साह है। माना जा रहा है कि इस दौरे के बाद सरकार भारतीय वाहनों में अंतरराष्ट्रीय स्तर के सुरक्षा फीचर्स को अनिवार्य करने की दिशा में नए कदम उठा सकती है। इस उच्च स्तरीय दौरे को देखते हुए कार्यक्रम स्थल और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं।

## फरीदाबाद की नीमका जेल में कैदी ने किया सुसाइड

● मेडिकल वार्ड के बाथरूम में लगाया फंदा, 16 केस दर्ज; 3 दिन से एडमिट था

प्रात: किरण संवाददाता



फरीदाबाद । की नीमका जिला जेल में सोमवार तड़के एक बंदी द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान गाजीपुर निवासी ऋतिक उर्फ रंकित भड़ाना (25) के रूप में हुई है। वह पिछले करीब 11 महीने से विभिन्न आपराधिक मामलों में जेल में बंद था। घटना के बाद जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बादशाह खान सिविल अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। जेल के अस्पताल में था 3 दिनों से एडमिट जेल सूत्रों के अनुसार ऋतिक उर्फ रंकित के खिलाफ मारपीट, हत्या के प्रयास समेत करीब 16 आपराधिक मामले दर्ज थे। पिछले कुछ दिनों से उसकी तबीयत खराब चल रही थी, जिसके चलते उसे जेल परिसर स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रविवार और सोमवार की दरमियानी रात उसने अस्पताल के बाथरूम में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि जब जेल स्टाफ ने जब उसे उसके बेड पर नहीं देखा, तो उसकी तलाश शुरू की गई। इसी दौरान अस्पताल के बाथरूम में वह फंदे से लटका मिला। कर्मचारियों ने तत्काल अधिकारियों को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही जेल डिप्टी साजिद खान मौके पर पहुंचे और उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया। परिजनों ने जेल डिप्टी पर लगाए आरोप मृतक के भाई राजेश ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उसके भाई को जेल के अंदर प्रताड़ित किया जाता था। उनका आरोप है कि जेल डिप्टी साजिद खान द्वारा अक्सर उसके साथ मारपीट की जाती थी। जिसके कारण वह मानसिक रूप से परेशान था और उसने यह कदम उठाया। वहीं जेल डिप्टी साजिद खान ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उन्होंने कहा कि जेल में सभी बंदियों के साथ समान व्यवहार किया जाता है और ऋतिक पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव में था। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी।

## गुरुग्राम में लग्जरी फ्लैट्स के सामने कूड़े का पहाड

### मैनेजमेंट प्लांट में डाला कचरा, द्वारका-एक्सप्रेसवे RWA विरोध में उतरी

प्रात: किरण संवाददाता



गुरुग्राम। में द्वारका एक्सप्रेसवे के किनारे स्थित करोड़ों रुपए के आलीशान फ्लैट्स अब कूड़े के बदबूदार पहाड़ की साए में आ गए हैं। सेक्टर-102 में बने कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन (C&D) वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट में मलबे और कचरे का अंबार इस कदर बढ़ चुका है कि इसकी तुलना बंधवाड़ी लैंडफिल साइट से होने लगी है। इस कचरे के पहाड़ के खिलाफ द्वारका एक्सप्रेसवे की रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (RWA) ने मोर्चा खोल दिया है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने नगर निगम और संबंधित अधिकारियों को शिकायत का पत्र भेजकर कचरा प्रबंधन करने वाली निजी कंपनी की लापरवाही और नियमों के उल्लंघन की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। साथ ही जांच पूरी होने तक किसी भी तरह की पेमेंट नहीं करने की मांग की है। रेजिडेंट्स का आरोप है कि कंस्ट्रक्शन वेस्ट को प्रोसेस करने के वैज्ञानिक तरीकों को पूरी तरह नजरअंदाज किया जा रहा है। डंपिंग साइट को चारों तरफ से ढकने और धूल को दबाने के लिए पानी के छिड़काव जैसे जरूरी कदम भी नहीं उठाए जा रहे हैं। करोड़ों के प्रीमियम फ्लैट्स के सामने कंक्रीट और कचरे का यह टापू गुरुग्राम के विकास दावों पर एक बड़ा सवालिया निशान खड़ा करता है। द्वारका एक्सप्रेस की सोसाइटियों में रहने वाले परेशान सेक्टर-102 में स्थित यह सी एंड डी वेस्ट प्लांट शुरूआत में केवल तीन एकड़ भूमि पर शुरू किया गया था, लेकिन समय के साथ प्रबंधन की लापरवाही के कारण अब यह कचरा छह एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैल चुका है। द्वारका एक्सप्रेसवे के पास स्थित लग्जरी सोसाइटियों के लोग, जिन्होंने पांच-पांच करोड़ रुपए खर्च करके अपने सपनों का घर खरीदा था, आज खिड़कियां खोलने से भी कतरा रहे हैं। यहां रहने वाले लोगों का कहना है कि इतने महंगे फ्लैटों के सामने कचरे का यह दृश्य और इससे उठने वाली दुर्गंध उनके स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन गई है। द्वारका एक्सप्रेसवे के आरडब्ल्यूए पदाधिकारी बी. सरीन ने आरोप लगाया कि है कि इस प्लांट की स्थिति धीरे-धीरे गुरुग्राम के कुख्यात बंधवाड़ी कचरा प्लांट जैसी होती जा रही है हवा के साथ उड़ने वाली मलबे की धूल और कचरे की सड़न ने पूरे इलाके के पर्यावरण को प्रदूषित कर दिया है। बच्चों और बुजुर्गों में सांस की बीमारियां बढ़ने का खतरा पैदा हो गया है। आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों का कहना है कि यदि इसे तुरंत नहीं रोका गया, तो यह क्षेत्र पूरी तरह रहने लायक नहीं बचेगा

## फरीदाबादः महिला आयोग की बैठक में हंगामा, दो पक्ष भिड़े

फरीदाबाद। फरीदाबाद में सोमवार को महिला आयोग की जनसुनवाई के दौरान दो पक्षों में हाथापाई की नौबत आ गई। दोनों पक्ष आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया के सामने ही एक दूसरे को धक्का मारते हुए नजर आए। जिसके बाद एकदम से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जिसके बाद मौके पर संबंधित थाने की पुलिस को बुलाकर एक शख्स को लेकर जाया गया। धक्का-मुक्की की इस घटना का एक वीडियों भी सामने आया है। सेंट्रल थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। फरीदाबाद के नंबर 5 के रहने वाले मन्नु ने जानकारी देते हुए बताया कि उसकी बहन प्रीती को दिल्ली द्वारिका के रहने वाले गुरप्रीत ने शादी का झांसा देकर अपने जाल में फंसा लिया। कई सालों तक वह उसको बहकाता रहा, इस दौरान उसने उसकी बहन से कई तोले सोना कब्जा लिया। पीडिता ने महिला आयोग को बताया कि साल 2021 में उसने विदेश जाने के लिए वीजा लिए अप्लाई किया था। लेकिन वो रिजेक्ट हो गया, जिसके बाद उसकी बात किसी के द्वारा गुरूप्रीत से हुई। इसके बाद उनकी लगातार बात होती रही और इसके बाद नवंबर 2022 में गुरप्रीत ने उसको शादी के लिए बोल दिया। पीडिता का कहना है कि उसने अपने तलाक के बारे में उसी समय गुरप्रीत को बता दिया था। पीडिता ने कहा कि दिसंबर 2024 तक गुरप्रीत और परिवार के लोगों को मेरी और उसकी शादी को लेकर कोई दिक्कत नही थी। लेकिन इसके बाद इन्होंने शादी करने से मना कर दिया। आरोप है कि इस दौरान गुरूप्रीत ने उससे कई तोला सोना भी ले लिया और अब ना शादी कर रहे और ना ही सोना वापस किया जा रहा है। जनसुनवाई के दौरान गुरप्रीत के चाचा ने गुरमीत ने लडकी के भाई के कंधे पर हाथ से थपकी देकर देख लेने की बात कही। जिसके बाद दोनों तरफ से एक दूसरे के साथ धक्का-मुक्की करने की कोशिश शुरू हो गयी। पूरी बैठक में अचानक से हंगामा हो गया। इसके बाद तुरंत पुलिस ने दोनों पक्षों को अलग-अलग किया। सेंट्रल थाना पुलिस गुरप्रीत के चाचा गुरमीत को पकडकर थाने ले गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## हरियाणा पुलिस में 37 इंस्पेक्टरों का ट्रांसफर

● फरीदाबाद, गुरुग्राम और करनाल में बड़ा फेरबदल; कई अधिकारियों की CID-IRB में नियुक्ति

प्रात: किरण संवाददाता



गुरुग्राम। हरियाणा पुलिस में बड़े प्रशासनिक फेरबदल के तहत पुलिस मुख्यालय ने 37 इंस्पेक्टरों के तबादला आदेश जारी किए हैं। दो अलग-अलग आदेशों के जरिए 23 और 14 इंस्पेक्टरों को विभिन्न जिलों और विशेष यूनिटों में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभी तबादले तत्काल प्रभाव से लागू कर दिए गए हैं। पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी आदेशों में गुरुग्राम, फरीदाबाद, सोनीपत, यमुनानगर, करनाल, कुरुक्षेत्र, पानीपत, झज्जर, नूंह और पंचकूला समेत कई जिलों के अधिकारियों को नई तैनाती दी गई है। इसके अलावा सीआईडी, एचएसएनसीबी, पुलिस ट्रेनिंग सेंटर सुनारिया, रेलवे पुलिस और आईआरबी जैसी यूनिटों में भी अधिकारियों की नियुक्तियां की गई हैं। पहले आदेश में 23 इंस्पेक्टरों के तबादले किए गए हैं। इनमें रमेश कुमार को गुरुग्राम से चरखी दादरी, देवेंद्र को गुरुग्राम से झज्जर, संतोष कुमार को गुरुग्राम से सिरसा, महाबीर को फरीदाबाद से हिसार और श्री भगवान को फरीदाबाद से यमुनानगर भेजा गया है। वहीं करनाल से नसीब सिंह को यमुनानगर, संदीप को कैथल और गौरव पूनिया को फरीदाबाद में तैनाती दी गई है। दूसरे आदेश में 14 इंस्पेक्टरों के तबादले किए गए हैं। अवतार सिंह को गुरुग्राम से चरखी दादरी, रवि कुमार को गुरुग्राम से सोनीपत, जसवंत सिंह और बलराज यादव को गुरुग्राम से झज्जर भेजा गया है। फरीदाबाद से दर्पण कुमार को कैथल, जबकि झज्जर से अजय मलिक और सोमबीर को गुरुग्राम में नियुक्त किया गया है। सोनीपत से धीरज कुमार को झज्जर और अजय धनखड़ को हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (HSNCB) भेजा गया है। यमुनानगर से जसमेर गुलिया को सोनीपत तथा रविकांत को पंचकूला में तैनाती मिली है। कुरुक्षेत्र से बलजीत सिंह को पंचकूला भेजा गया है, जबकि पानीपत से विजय और फूल कुमार को गुरुग्राम में नियुक्त किया गया है।

## फरीदाबाद : खुले मैदान में मिले शव की हुई पहचान, दोस्त की तलाश

फरीदाबाद। गाजीपुर के इलाके में शनिवार को मिले किशोर के शव की पहचान हो गई है। पुलिस के मुताबिक मृतक का नाम आकाश (15) है, जो अपने दोस्त के घर जाने के लिए निकला था और इसके बाद उसका कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस अब दोस्त की तलाश कर रही है। डबुआ थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक आकाश नंगला एंक्लेव का रहने वाला है। शुक्रवार को वह अपने दोस्त रोहित के घर गया था, लेकिन छह जून की सुबह उसका शव गाजीपुर इलाके में उडिया कालोनी के खेतों में मिला था। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि किशोर के गले पर सफेद गमछा कसकर बंधा हुआ था और गर्दन पर दबाव के निशान थे। चेहरे पर खून लगा हुआ था, जिससे प्रथम नजर में गला घोंटकर हत्या किए जाने की आशंका बनी। घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए और शव को पोस्टमार्टम के लिए ईएसआइसी अस्पताल के शवगृह में रखवाया। आसपास के लोगों से पूछताछ और विभिन्न थाना क्षेत्रों में सूचना देने के बावजूद मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी। बाद में विभिन्न मीडिया प्लेटफॉर्म पर खबर देखकर स्वजन थाने पहुंचे और शव की पहचान आकाश के रूप में की। उन्होंने पुलिस को बताया कि आकाश अपने दोस्त रोहित के साथ गया था और उसके बाद वापस नहीं लौटा। इसी आधार पर पुलिस अब रोहित की तलाश कर रही है। डबुआ थाना इंचार्ज संग्राम सिंह दहिया ने बताया कि हत्या के पीछे की परिस्थितियों का पता रोहित से पूछताछ के बाद चल सकता है। फिलहाल मुकदमा दर्ज कर सभी पहलुओं से जांच की जा रही है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज समेत अन्य साक्ष्यों को भी खंगाला जा रहा है।

## हरियाणा में बदला मौसम, नारनौल में बारिश :तेज हवा चल रही, लोगों को मिली गर्मी से राहत

प्रात: किरण संवाददाता




गुरुग्राम। हरियाणा में तीन दिन तक आंधी और बारिश का दौर रहा। मगर, रविवार को गर्मी ने फिर रफ्तार पकड़ ली। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (HAU) हिसार के कृषि मौसम विज्ञान विभाग ने 12 जून तक प्रदेश में मौसम आमतौर पर शुष्क और गर्म रहने का पूवार्नुमान जारी किया है। मगर, नारनौल में सोमवार की शाम करीब सवा पांच बजे अचानक मौसम बदल गया। तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई। इससे लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत जरूर मिली। उधर, मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के औसत अधिकतम तापमान में 0.4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई। सबसे अधिक तापमान 43.6 डिग्री सेल्सियस रोहतक में रिकॉर्ड किया गया, जबकि हिसार 42.4 डिग्री, नूंह और सिरसा 41.4 डिग्री तथा अंबाला 41.2 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे गर्म जिलों में शामिल रहे। मौसम विभाग ने सोमवार को महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, भिवानी और चरखी दादरी जिलों में अलग-अलग स्थानों पर हीट वेव (लू) चलने का अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अगले चार दिनों में अधिकतम तापमान 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है, जिससे गर्मी का असर और तेज होगा। मौसम विभाग के अनुसार, 8 से 10 जून तक प्रदेश में मौसम मुख्य रूप से शुष्क रहेगा। इसके बाद 11 से 13 जून के बीच मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। इस दौरान प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। 11 से 13 जून के दौरान कई स्थानों पर गरज-चमक के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। साथ ही बिजली गिरने और धूलभरी हवाएं चलने की भी संभावना जताई गई है। कृषि मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि दिन के तापमान में बढ़ोतरी होगी, जबकि रात के तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं होगा। उन्होंने किसानों और आम लोगों को दोपहर के समय धूप से बचने, पर्याप्त पानी पीने और लू से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी है।

## जनसुनवाई में आई 32 समस्याएं निगम ने मांगी रिपोट

प्रात: किरण संवाददाता

फरीदाबाद। नगर निगम फरीदाबाद की ओर से आयोजित जनसुनवाई शिविर में सोमवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 32 शिकायतें पहुंचीं। जनसुनवाई की अध्यक्षता मेयर प्रवीण बत्रा जोशी ने की। शिविर में पेयजल आपूर्ति, सफाई व्यवस्था, गली निर्माण, पार्कों के रखरखाव और प्रॉपर्टी आईडी से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। मेयर प्रवीण बत्रा जोशी ने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का समाधान नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। शिविर का उद्देश्य लोगों को अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के सामने रखने का अवसर देना और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत को लंबित न रखा जाए और तय समय सीमा के भीतर उसका निस्तारण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायत का समाधान होने के बाद संबंधित व्यक्ति को फोन कर इसकी जानकारी अवश्य दी जाए। उन्होंने कहा कि जब भी किसी शिकायत के समाधान के लिए अधिकारी मौके पर जाएं, तो शिकायतकर्ता को भी बुलाया जाए ताकि मौके पर ही समाधान की पुष्टि हो सके। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और लोगों का विश्वास भी मजबूत होगा। जनसुनवाई के दौरान सैनिक कॉलोनी और अरावली विहार क्षेत्र के निवासियों ने पेयजल आपूर्ति में आ रही समस्याओं को उठाया। वहीं सेक्टर-22 और 23 स्थित दीनदयाल पार्क में साफ-सफाई और पौधों के रखरखाव को लेकर शिकायतें दर्ज कराई गईं। इसके अलावा वार्ड-3 की बाबा हिरदे राम कॉलोनी में गलियों के पुनर्निर्माण, सैनिक कॉलोनी के खाली प्लॉटों में जमा कूड़े-कचरे की सफाई, वार्ड-11 में गली निर्माण, झाड़सैंतली गांव में वाल्मीकि चौपाल के सौंदर्यीकरण तथा टैक्स और प्रॉपर्टी आईडी से संबंधित कई मामले भी जनसुनवाई में पहुंचे। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

## फरीदाबाद जेल में कैदी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

फरीदाबाद। जिला नीमका जेल में सोमवार तडके एक बंदी द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान गाजीपुर निवासी ऋतिक उर्फ रंकित भड़ाना (25) के रूप में हुई है। वह पिछले करीब 11 महीने से विभिन्न आपराधिक मामलों में जेल में बंद था। घटना के बाद जेल प्रशासन में हडकंप मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बादशाह खान सिविल अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। जेल सूत्रों के अनुसार ऋतिक उर्फ रंकित के खिलाफ मारपीट, हत्या के प्रयास समेत करीब 16 आपराधिक मामले दर्ज थे। पिछले कुछ दिनों से उसकी तबीयत खराब चल रही थी, जिसके चलते उसे जेल परिसर स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रविवार और सोमवार की मध्य रात्रि उसने अस्पताल के बाथरूम में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि जब जेल स्टाफ ने उसे उसके बेड पर नहीं देखा, तो उसकी तलाश शुरू की गई। इसी दौरान अस्पताल के बाथरूम में वह फंदे से लटका मिला। कर्मचारियों ने तत्काल अधिकारियों को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही जेल डिप्टी साजिद खान मौके पर पहुंचे और उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया। मृतक के भाई राजेश ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उसके भाई को जेल के अंदर प्रताड़ित किया जाता था।

## ताऊ देवीलाल टाउन पार्क में आधुनिक एस्पिरेशनल टॉयलेट का उद्घाटन

पलवल। ताऊ देवीलाल टाउन पार्क में 30 लाख रुपये की लागत से बने आधुनिक एस्पिरेशनल टॉयलेट का सोमवार को उद्घाटन किया गया। इस सुविधा से पार्क में आने वाले लोगों को स्वच्छ, सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण में बेहतर सार्वजनिक सुविधाएं मिल सकेंगी। महिलाओं, पुरुषों, ट्रांसजेंडर और दिव्यांगजनों के लिए अलग-अलग व्यवस्थाओं के साथ इसे समावेशी शहरी विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने नगर परिषद पलवल के वार्ड नंबर-12 स्थित ताऊ देवीलाल टाउन पार्क में इस आधुनिक सार्वजनिक सुविधा का उद्घाटन किया। यह परियोजना भारत सरकार और हरियाणा सरकार के संयुक्त वित्तीय सहयोग से स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के तहत तैयार की गई है। इसका निर्माण आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया गया है। उद्घाटन के दौरान गौरव गौतम ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल शौचालयों का निर्माण करना नहीं, बल्कि ऐसी सुविधाएं विकसित करना है जो स्वच्छता, सुरक्षा, सुविधा और सम्मान के उच्च मानकों पर खरी उतरें। उन्होंने कहा कि महिलाओं, बच्चों, ट्रांसजेंडर समुदाय और दिव्यांगजनों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इस परिसर को तैयार किया गया है।

## फरीदाबाद में किशोर के शव की हुई पहचान

● घर से दोस्त से मिलने निकला था; अगले दिन खेतों में मिली डेडबॉडी



फरीदाबाद जिले में डबुआ थाना क्षेत्र के गाजीपुर के इलाके में शनिवार (6 जून) मिले किशोर के शव की पहचान हो गई है। पुलिस के मुताबिक मृतक का नाम आकाश (15) है जो अपने दोस्त के घर जाने के लिए निकला था और इसके बाद उसका कोई सुराग नही लगा। पुलिस अब दोस्त की तलाश कर रही है। डबुआ थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक आकाश नंगला एंक्लेव का रहने वाला है। शुक्रवार को वह अपने दोस्त रोहित के घर गया था, लेकिन 6 जून की सुबह उसका शव गाजीपुर इलाके में उड़िया कालोनी के खेतों में मिला था। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि किशोर के गले पर सफेद गमछा कसकर बंधा हुआ था और गर्दन पर दबाव के निशान थे। चेहरे पर खून लगा हुआ था, जिससे प्रथम नजर में गला घोंटकर हत्या किए जाने की आशंका बनी। घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए और शव को पोस्टमार्टम के लिए ईएसआइसी अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया। शुरूआत में आसपास के लोगों से पूछताछ और विभिन्न थाना क्षेत्रों में सूचना देने के बावजूद मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी। बाद में विभिन्न मीडिया प्लेटफॉर्म पर खबर देखकर स्वजन थाने पहुंचे और शव की पहचान आकाश के रूप में कउन्होंने पुलिस को बताया कि आकाश अपने दोस्त रोहित के साथ गया था और उसके बाद वापस नहीं लौटा। इसी आधार पर पुलिस अब रोहित की तलाश कर रही है। डबुआ थाना इंचार्ज संग्राम सिंह दहिया ने बताया कि हत्या के पीछे की परिस्थितियों का पता रोहित से पूछताछ के बाद चल सकता है। फिलहाल मुकदमा दर्ज कर सभी पहलुओं से जांच की जा रही है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज समेत अन्य साक्ष्यों को भी खंगाला जा रहा है।

## फरीदाबाद महिला आयोग की बैठक में हंगामा

● सुनवाई के दौरान 2 पक्षों में धक्का-मुक्की; पुलिस ने अलग किया, 3 को थाने ले गई

प्रात: किरण संवाददाता



फरीदाबाद। में महिला आयोग की जनसुनवाई के दौरान दो पक्षों में हाथापाई की नौबत आ गई। दोनों पक्ष आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया के सामने ही एक दूसरे को धक्का मारते हुए नजर आए। जिसके बाद एकदम से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जिसके बाद मौके पर संबंधित थाने की पुलिस को बुलाकर एक शख्स को लेकर जाया गया। धक्का-मुक्की की इस घटना का एक वीडियों भी सामने आया है। सेंट्रल थाना पुलिस मालमे की जांच कर रही है। वहीं कुरुक्षेत्र में अस्पताल निरीक्षण के दौरान की गई टिप्पणी पर नर्सों द्वारा पेनडाउन स्ट्राइक कर माफी की मांग किए जाने पर रेनू भाटिया ने साफ कहा कि वह माफी नहीं मांगेंगी। उनका कहना है कि अस्पताल में एक बच्ची के साथ हुई घिनौनी घटना बेहद गंभीर मामला है और उस दौरान नर्सों की मौजूदगी नहीं होना कई सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि जो कार्रवाई की गई है, वह जरूरी थी और इसी के तहत तीन नर्सों को हटाने के आदेश भी दिए गए हैं। रेनू भाटिया ने कहा कि अगर ऐसी घटना किसी और के परिवार के साथ होती तो वह भी कार्रवाई की मांग करते। उन्होंने दोहराया कि माफी का कोई सवाल नहीं उठता। ये लोग सरकारी नौकरी का फायदा उठा रही हैं। फरीदाबाद के नंबर 5 के रहने वाले मनु ने जानकारी देते हुए बताया कि उसकी बहन प्रीती को दिल्ली द्वारिका के रहने वाले गुरप्रीत ने शादी का झांसा देकर अपने जाल में फंसा लिया। कई सालों तक वह उसको बहकाता रहा, इस दौरान उसने उसकी बहन से कई तोले सोना कब्जा लिया। पीडिता ने महिला आयोग को बताया कि साल 2021 में उसने विदेश जाने के लिए वीजा लिए अप्लाई किया था। लेकिन वो रिजेक्ट हो गया, जिसके बाद उसकी बात किसी के द्वारा गुरूप्रीत से हुई। इसके बाद उनकी लगातार बात होती रही और इसके बाद नवंबर 2022 में गुरप्रीत ने उसको शादी के लिए बोल दिया। पीडिता का कहना है कि उसने अपने तलाक के बारे में उसी समय गुरप्रीत को बता दिया था। पीडिता ने कहा कि दिसंबर 2024 तक गुरप्रीत और परिवार के लोगों को मेरी और उसकी शादी को लेकर कोई दिक्कत नही थी। लेकिन इसके बाद इन्होंने शादी करने से मना कर दिया। आरोप है कि इस दौरान गुरूप्रीत ने उससे कई तोला सोना भी ले लिया और अब ना शादी कर रहे और ना ही सोना वापस किया जा रहा है। जनसुनवाई के दौरान गुरप्रीत के चाचा गुरमीत ने लड़की के भाई के कंधे पर हाथ से थपकी देकर देख लेने की बात कही। २

## ओरिस ग्रुप ने विश्व पर्यावरण दिवस पर गुरुग्राम स्थित अपनी आवासीय एवं वाणिज्यिक परियोजनाओं में पौधारोपण अभियान चलाया

प्रात: किरण संवाददाता



गुरुग्राम। ओरिस ग्रुप ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुग्राम स्थित अपनी आवासीय और वाणिज्यिक परियोजनाओं में पौधारोपण अभियान का आयोजन किया। यह पहल पर्यावरण संरक्षण और हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई। अभियान के तहत कर्मचारियों, निवासियों और व्यावसायिक साझेदारों की सहभागिता से विभिन्न परियोजना स्थलों पर 500 पौधे लगाए गए। इस अभियान का उद्देश्य परियोजनाओं के आसपास हरियाली बढ़ाना और लोगों को प्रकृति के संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। यह पहल ओरिस ग्रुप के उन निरंतर प्रयासों का हिस्सा है, जिनके माध्यम से कंपनी अपने प्रोजेक्ट्स में अधिक हरित क्षेत्र विकसित कर बेहतर जीवनशैली के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा दे रही है। इस अवसर पर विक्रमजीत सिंह, हेड ह्न फैसिलिटीज, ओरिस ग्रुप ने कहा, हम मानते हैं कि पर्यावरण की देखभाल करना हम सभी की जिम्मेदारी है। गुरुग्राम में आयोजित इस पौधारोपण अभियान के माध्यम से हम अपने आसपास के वातावरण को अधिक हरित बनाने और लोगों को इस प्रयास में सहभागी बनने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। पौधे लगाने जैसे छोटे कदम भविष्य को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं अभियान के दौरान लगाए गए पौधों में स्थानीय प्रजातियों को प्राथमिकता दी गई, जो क्षेत्र की जलवायु के अनुकूल हैं और प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत बनाने में सहायक हैं। अभियान में शामिल लोगों ने इन पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का भी संकल्प लिया। विश्व पर्यावरण दिवस हमें प्रकृति की रक्षा के लिए सामूहिक प्रयासों की याद दिलाता है। ऐसे अभियानों के माध्यम से ओरिस ग्रुप स्वच्छ, हरित और बेहतर जीवन-स्थल विकसित करने की अपनी प्रतिबद्धता को लगातार आगे बढ़ा रहा है। ओरिस ग्रुप देश की अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपमेंट कंपनियों में से एक है, जिसने विभिन्न परिसंपत्ति वर्गों में कई प्रतिष्ठित परियोजनाओं का विकास किया है। समूह अब तक 1.1 करोड़ वर्ग फुट से अधिक क्षेत्र का विकास कर चुका है, जबकि 2 करोड़ वर्ग फुट से अधिक क्षेत्र वर्तमान में विकासाधीन है। आवासीय, रिटेल, हॉस्पिटैलिटी, वर्कस्पेस और एस्टेट्स जैसे विविध क्षेत्रों में मजबूत उपस्थिति रखने वाला ओरिस ग्रुप एनसीआर के प्रमुख माइक्रो-मार्केट्स में विशाल भूमि बैंक के साथ कार्यरत है। कंपनी ऐसे प्रोजेक्ट्स विकसित करती है जो डिजाइन, गुणवत्ता, निष्पादन और आधुनिक सामुदायिक जीवन के नए मानक स्थापित करते हैं। वर्ष 2023 में मोस्ट एडमायर्ड रियल एस्टेट डेवलपर ऑफ द ईयरह्न के सम्मान से सम्मानित ओरिस ग्रुप उत्कृष्टता, विश्वास और नवाचार के माध्यम से आधुनिक भारत के भविष्य को आकार देने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है।

सम्पादकीय

# समूचे संसार को निगलता अहंकार का दावानल

डॉ. रवीन्द्र अरजरिया

देश - दुनिया के सामने अस्थिरता का परिदृश्य नित नये रंग दिखा रहा है। ईरान जैसे छोटे से देश के सामने अमेरिका जैसी महाशक्ति का घुटने टेकने की स्थिति का निर्मित होना, पाकिस्तान द्वारा परमाणु हथियारों की धमकी देना, डीप स्टेट के षडयंत्र से अनेक देशों में सत्ता परिवर्तन होना, बढती आबादी के मध्य आर्थिक मंदी का दौर लाना, पर्यावरण की कीमत पर भौतिक सुविधायें जुटाना, निजी स्वार्थों के लिए राष्ट्रहितों को तिलांजलि देना, नियम-कानून-कायदों पर शक्तिशालियों का पूरी तरह कब्जा होना, आतंक के सहारे साम्राज्य स्थापित करना, मानव पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता का हावी होना, अकर्मण्यता का बोलबाला होना, तुष्टीकरण की तलवार से प्रतिभाओं को मौथला करना जैसे अनेक बिन्दु समूचे संसार में दावानल की तरह विकराल होते जा रहे हैं। सत्ता के लालच में हाशिये के बाहर पहुंच चुके आदर्श आज अपनी बेबसी पर जार-जार रो रहे हैं। मृगमारीचिका के पीछे छुपे वर्चस्व वाले अहंकारी लक्ष्य को प्राप्त करने की होड में अब देशों, प्रदेशों, सम्प्रदायों, जातियों, नस्लों, क्षेत्रों आदि के मध्य जंग छिड चुकी है। चारों ओर अस्थिरता, असुरक्षा और अशान्ति का वातावरण निर्मित हो चुका है। इस दौर को लेकर भविष्यवक्तओं ने बहुत पहले ही सचेत कर दिया था। उन्नीसवीं सदी में ही अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक पण्डित श्रीराम शर्मा आचार्य ने इक्कीसवीं सदी को उज्जवल भविष्य के रूप में रेखांकित करते हुए आने वाले झंझावातों की पहले से ही चेतावनी दे दी थी। पराविज्ञान की चरमसीमा पर पहुंच चुके देवऋषियों के अनुसंधानों को जीवन में उतारने की पर बल दिया था। हम बदलेंगे, युग बदलेगा का नारा दिया था। जय गुरुदेव, सतयुग आयेगा का जयघोष करने वाले संत ने भी उपचाररहित बीमारियों के फैलने, अन्न के लिए तरसने, शाकाहार लेने जैसी अनेक घोषणायें की थीं। बीमारियों वाली घोषणा ने कोरोना काल में अपनी उपस्थित दर्ज करवा दी थी। ऐसे ही जनसंख्या के अनियंत्रित विस्तार पर खाद्यान्न की किल्लत, मांसाहार के दुष्प्रभाव आदि को भी समझा जा सकता है। लगभग छः सौ वर्ष पूर्व हमारे ही देश के उडीसा राज्य के महान संत स्वामी अच्युतानन्द दास ने भविष्य मालिका नामक ग्रन्थ में देश के वर्तमान हालातों को पूर्व में ही लिख दिया था। उडिया भाषा में लिखे गये शब्दों की सार्थकता अब शतप्रतिशत सत्य होती दिख रही है। उन्होंने वैश्विक परिस्थितियों से लेकर भारतवर्ष का अपने ही अलग हुए हिस्से के साथ विकराल युद्ध की स्थितियों तक को विवेचित किया है। तेल के खेल और धन के बल जैसी व्याख्यायें भी इसी ग्रन्थ में उल्लेखित है। प्रकृति के विनाशकारी परिवर्तन से आने वाली आपदाओं की संख्या में अप्रत्याशित बढोत्तरी होने, कृत्रिम विषाणुओं को हथियार बनाकर शत्रुओं पर प्रहार करने, वैश्विक सिद्धान्तों-आदर्शों-मान्यताओं पर स्वार्थ का कब्जा होने तथा दैत्यों के आतंक से जनमानस के पीडित होने जैसी अनेक घटनाओं का उडिया ग्रन्थ में उल्लेख मिलता है। भविष्य मालिका में लिखा है कि भारत से एक आध्यात्मिक शक्ति का उदय होगा जो पूरी दुनिया में शांति स्थापित करेगी। इसी तरह बुल्गारिया देश की निवासिनी बाबा वेंगा की 12 वर्ष में तूफानी चपेट के कारण नेत्रों की रोशनी चली जाने के बाद उन्हें भविष्य देख पाने की रहस्यमयी शक्ति का अचानक अनुभव हुआ था। यद्यपि उन्होंने स्पष्ट भविष्यवाणियां नहीं की थी परन्तु संकेतों में व्यक्त की गई भावी घटनायें अतीत में सत्य प्रमाणित होती चली गईं। वर्तमान स्थितियों को लेकर संघर्षात्मक संकेत, रक्तरंजित क्रान्ति, आतंकी गतिविधियों, वैश्विक मंदी सहित सूक्ष्म के द्वारा विशाल के सामने डटे रहने जैसी व्याख्यायें उनकी रचनाओं में स्पष्ट रूप प्रस्तुत की गई हैं। उन्होंने राजनैतिक अस्थिरता, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, शक्तियों के टकराव, दो भागों में विभाजित होती दुनिया में छिडने वाले तीसरे विश्वयुद्ध का भयावह शब्द चित्र खींचा है। एलियंस की ओर संकेत करते हुए अंतरिक्ष से किसी अज्ञात वस्तु या सभ्यता का पृथ्वी के साथ सम्पर्क स्थापित करने की घटना का उल्लेख करने वाली बाबा वेंगा ने सनातनी सूर्य के प्रकाश से आलौकित होती धरा पर प्रेम की वर्षा जैसे वर्णन करके अनेक संभावनायें व्यक्त की हैं।

# पर्यावरण संरक्षणः सनातनवादी विकास बनाम भौतिकवादी विकास विनाश

जब हम इसके मूल कारणों का गहन अध्ययन और विश्लेषण करें। ह्लमानव सभ्यताह्न और ह्लविकासह्न आदिकाल से एक दूसरे के अभिन्न पूरक रहे हैं। सनातन धर्म में विकास और भौतिकवादी विकास दो अलग-अलग अवधारणाएं हैं। भारतीय सनातन परम्परा, भौतिक विकास को कभी नहीं नकारती किन्तु उसे जीवन का अंतिम लक्ष्य मानने के स्थान पर आध्यात्मिक उत्थान का माध्यम मानती है। प्रस्तुत लेख में विकास की इन्ही अवधारणाओं का संक्षेप में विवेचन करते हुए यह प्रयास किया गया है कि पर्यावरण प्रदूषण की मूल जननी कहीं न कहीं अनियंत्रित भौतिकवादी विकास ही है। साथ ही, यह लेख भारत की प्राचीन संस्कृति, परम्पराओं, संस्कारों, पारिवारिक मूल्यों एवं रीति-रिवाजों की महत्ता को रेखांकित करते हुए सतत एवं संतुलित विकास की दिशा में उनके योगदान को प्रस्तुत करता है। आशा है कि यह लेख पर्यावरण प्रदूषण के प्रति जनसामान्य में जागरूकता उत्पन्न करने के साथ-साथ इसके निवारण हेतु व्यक्तिगत एवं सामाजिक स्तर पर अपनाए जा सकने वाले उपायों पर सार्थक चिंतन को भी प्रेरित करेगा। सनातनवादी विकासः पर्यावरण का शाब्दिक अर्थ है कि चारों ओर से वरण अथवा आवरण अथवा भरण करना।





डॉ. भारत प्रकाश सुनेजा
लेखक

आज सम्पूर्ण विश्व पर्यावरण प्रदूषण जैसी गंभीर और चुनौतीपूर्ण समस्या से जूझ रहा है। हमारे चारों ओर ऐसे अनेक तत्व और गतिविधियाँ दिखाई देती हैं, जो प्रदूषण फैलाने के साथ-साथ प्रकृति के सुंदर संतुलन को भी निरंतर बिगाड़ रहे हैं। दुर्भाग्यवश, इन समस्याओं की रोकथाम हेतु किए जा रहे प्रयास अत्यंत सीमित प्रतीत होते हैं। जिस प्रकार किसी भी गंभीर रोग का उपचार उसके मूल कारणों को समझे बिना संभव नहीं होता, उसी प्रकार पर्यावरण प्रदूषण रूपी इस विकराल समस्या का समाधान भी तभी संभव है, जब हम इसके मूल कारणों का गहन अध्ययन और विश्लेषण करें। मानव सभ्यता और विकास आदिकाल से एक दूसरे के अभिन्न पूरक रहे हैं। सनातन धर्म में विकास और भौतिकवादी विकास दो अलग-अलग अवधारणाएं हैं। भारतीय सनातन परम्परा, भौतिक विकास को कभी नहीं नकारती किन्तु उसे जीवन का अंतिम लक्ष्य मानने के स्थान पर आध्यात्मिक उत्थान का माध्यम मानती है। प्रस्तुत लेख में विकास की इन्ही अवधारणाओं का संक्षेप में विवेचन करते हुए यह प्रयास किया गया है कि पर्यावरण प्रदूषण की मूल जननी कहीं न कहीं अनियंत्रित भौतिकवादी विकास ही है। साथ ही, यह लेख भारत की प्राचीन संस्कृति, परम्पराओं, संस्कारों, पारिवारिक मूल्यों एवं रीति-रिवाजों की महत्ता को रेखांकित करते हुए सतत एवं संतुलित विकास की दिशा में उनके योगदान को प्रस्तुत करता है। आशा है कि यह लेख पर्यावरण प्रदूषण के प्रति जनसामान्य में जागरूकता उत्पन्न करने के साथ-साथ इसके निवारण हेतु व्यक्तिगत एवं सामाजिक स्तर पर अपनाए जा सकने वाले उपायों पर सार्थक चिंतन को भी प्रेरित करेगा। सनातनवादी विकासः पर्यावरण का शाब्दिक अर्थ है कि चारों ओर से वरण अथवा आवरण अथवा भरण करना। वैदिक विचारधारा के अनुसार, पंचमहाभूत (पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश) ही जीवन का आधार है जो सह-अस्तित्व का भाव लिए समस्त जीवों की आवश्यकताओं की पूर्ती करते हुए, सम्पूर्ण जैव मंडल को एक सुदृढ़ सुरक्षा कवच भी प्रदान करते हैं। वेदों में पर्यावरण को निर्जीव या भोग्य वस्तु नहीं अपितु ईश्वर का साक्षात रूप एवं प्राणदाता माना गया है। जैसा कि अथर्ववेद में वर्णित श्लोक माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याःह्व में पृथ्वी को माता और स्वयं को इसके पुत्र का दर्जा दिया गया है, साथ ही आकाश को पिता की संज्ञा दी गयी है। यह श्लोक पृथ्वी के साथ भावनात्मक और आध्यात्मिक सम्बन्ध स्थापित करता है इस प्रकार वेदों में पर्यावरण संरक्षण और संतुलन के लिए प्रकृति के प्रति असीम सम्मान एवं श्रृद्धा व्यक्त की गयी है। किन्तु हम प्रकृति से प्राप्त संरक्षण और सुरक्षा को तथाकथित विकास की आड़ में निरंतर नष्ट करने में लगे हुए हैं। सनातनवादी विकास, प्रकृति का शोषण नहीं, बल्कि उसके साथ सामंजस्य बिठाने पर जोर देता है। सनातन संस्कृति यह सिखाती है कि भौतिक विकास बुरा नहीं है, लेकिन उस विकास में संयम और नैतिकता (धर्म) का होना अनिवार्य है। बिना धर्म के भौतिकवादी विकास विनाश का कारण बनता है। भौतिकवादी विकासः हम सभी के लिए यह गौरव का विषय है कि विगत कुछ सदियों में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में मानव ने अभूतपूर्व प्रगति करते हुए विकास के अनेक नए आयाम स्थापित किए हैं और उद्देश्य मात्र यह रहा कि कैसे मानव जीवन को सुविधाजनक एवं विलासिता पूर्ण बनाया जावे। किंतु विडम्बना यह रही कि इस लक्ष्य को अर्जित करने की चाह में हम आँखे मूँदे, विकास की इस अंधी दौड़ में शामिल हो बैठे। हमने दिन प्रतिदिन शोधित, नवीनतम तकनीक को तथाकथित विकास का एक सरल माध्यम बना डाला। लेकिन यह सब करते समय, उससे होने वाले प्रदूषण, ग्लोबल वॉर्मिंग, पारिस्थितिक असंतुलन जैसे सम्भावित गम्भीर दुष्परिणामों को नजरंदाज किया। हमने प्रकृति द्वारा प्रदत्त बहुमूल्य संसाधनों का बेतहाशा दोहन किया किंतु इस प्रक्रिया में अपनी जीवनदायिनी धरती माँ की पीड़ा को अनुभव करने का प्रयास नहीं किया। परिणामस्वरूप आज सम्पूर्ण विश्व प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं की गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा है, और मानव सभ्यता स्वयं को इनके समक्ष असहाय अनुभव कर रही है। संभवतः यही कारण है कि भौतिकवादी त्वरित विकास की इस निरंतर दौड़ में विकास शब्द के साथ अनजाने में विनाश शब्द भी जुड़ता चला गया सारांशः परिवर्तन की इस प्रक्रिया में यदि कोई कमी रही तो वह यह है कि हम सनातनवादी से भौतिकवादी होते चले गए। हमने भौतिकवादी होने की चाह में अपनी पुरातन सांस्कृतिक एवं वैदिक विरासत, उत्तम जीवन शैली, परिवार एवं संस्कारों, मूल्यों आदि को कहीं दरकिनार कर दिया। परिणाम स्वरुप समाज के हर वर्ग ने, उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों में मानवता, ईमानदारी, गुणवत्ता जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं से समझौता करना आरम्भ कर दिया। जिसकी परिणिति के, आज आप और हम सभी साक्षी हैं। सारांशतः इसी पीड़ा को व्यक्त करती निम्न पंक्तियाँ हैं :विकास की अंधी दौड़ों में, हम संस्कारों को छोड़ रहे। उड़ने की इक चाहत में, रिश्ते-नाते सब तोड़ रहे ।यों रोक नदी धारा को और काट धरा के वृक्षों को, कुल कायनात को नाप रहे, मंगल पर जीवन खोज रहे ।पर जीवनदाई माँ वसुधा का, दामन ही हम निचोड़ रहे ।है वक़्त अभी भी लौट चलो, लौटा दो सब इस धरती को,जिसे छीन, सभी हम दौड़ रहे।।सुबह का भूला यदि शाम को घर लौट आए तो उसे भूला नहीं कहते। अतः अभी भी वक्त है कि हम समय रहते अपनी त्रुटियों को पहचानें और समाज के प्रत्येक क्षेत्र में उनका समुचित समाधान खोजने का सम्मिलित प्रयास करें यथा, शिक्षा, कार्य-क्षेत्र, घर, परिवार, समाज आदि, तो निस्संदेह हम समग्र और चिरस्थायी विकास की ओर बढ़ पाएँगे एवं इस धरती और इसके पर्यावरण को विनाश से बचा पाएंगे।

# राजनीति का बदलता स्वरूप - जब विचारधारा इंसानियत पर भारी पड़ने लगे

जिनमें राजनीति का विशेष स्थान है। राजनीति का मूल उद्देश्य समाज और राज्य के हित में ऐसी व्यवस्था स्थापित करना था जिससे न्याय, समानता, सुरक्षा और विकास सुनिश्चित हो सके। प्राचीन भारतीय चिंतन में राजनीति को राजधर्म का अंग माना गया, जिसका केंद्र बिंदु जनकल्याण था। किन्तु वर्तमान समय में राजनीति का स्वरूप तेजी से बदलता दिखाई दे रहा है। अब राजनीति केवल शासन चलाने का माध्यम नहीं रह गई है, बल्कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अपनी पैठ बना चुकी है। स्थिति यह है कि परिवारों से लेकर मित्रताओं तक, कार्यालयों से लेकर सामाजिक संगठनों तक, और यहां तक कि न्याय तथा शिक्षा जैसी संस्थाओं तक राजनीतिक सोच और राजनीतिक पक्षधरता का प्रभाव दिखाई देने लगा है। समस्या राजनीति के अस्तित्व में नहीं है। समस्या तब उत्पन्न होती है जब राजनीति विचारों के स्तर से निकलकर व्यक्ति के चरित्र का स्थायी हिस्सा बन जाती है। जब कोई व्यक्ति स्वयं को किसी विचारधारा, दल या नेता से इस सीमा तक जोड़ लेता है कि वह सत्य, न्याय और मानवता से अधिक महत्व अपने राजनीतिक पक्ष को देने लगे, तब राजनीति समाज के लिए विषधर का रूप धारण कर लेती है।






जितेन्द्र कुमार सिन्हा
लेखक

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। उसका जीवन केवल उसके व्यक्तिगत अस्तित्व तक सीमित नहीं होता है, बल्कि परिवार, समाज, राष्ट्र और सम्पूर्ण मानवता से जुड़ा होता है। इन्हीं संबंधों और व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए विभिन्न प्रकार की नीतियाँ और व्यवस्थाएँ विकसित हुईं, जिनमें राजनीति का विशेष स्थान है। राजनीति का मूल उद्देश्य समाज और राज्य के हित में ऐसी व्यवस्था स्थापित करना था जिससे न्याय, समानता, सुरक्षा और विकास सुनिश्चित हो सके। प्राचीन भारतीय चिंतन में राजनीति को राजधर्म का अंग माना गया, जिसका केंद्र बिंदु जनकल्याण था। किन्तु वर्तमान समय में राजनीति का स्वरूप तेजी से बदलता दिखाई दे रहा है। अब राजनीति केवल शासन चलाने का माध्यम नहीं रह गई है, बल्कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अपनी पैठ बना चुकी है। स्थिति यह है कि परिवारों से लेकर मित्रताओं तक, कार्यालयों से लेकर सामाजिक संगठनों तक, और यहां तक कि न्याय तथा शिक्षा जैसी संस्थाओं तक राजनीतिक सोच और राजनीतिक पक्षधरता का प्रभाव दिखाई देने लगा है। समस्या राजनीति के अस्तित्व में नहीं है। समस्या तब उत्पन्न होती है जब राजनीति विचारों के स्तर से निकलकर व्यक्ति के चरित्र का स्थायी हिस्सा बन जाती है। जब कोई व्यक्ति स्वयं को किसी विचारधारा, दल या नेता से इस सीमा तक जोड़ लेता है कि वह सत्य, न्याय और मानवता से अधिक महत्व अपने राजनीतिक पक्ष को देने लगे, तब राजनीति समाज के लिए विषधर का रूप धारण कर लेती है। आज यही स्थिति हमारे सामने खड़ी है। राजनीति शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है- राज और नीति। अर्थात राज्य को चलाने की नीति। इसका उद्देश्य समाज को दिशा देना, संसाधनों का न्यायपूर्ण वितरण करना और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करना था। भारतीय इतिहास में ऐसे अनेक उदाहरण मिलते हैं जहाँ राजनीति जनसेवा का पर्याय थी। राजा को प्रजा का पालक माना जाता था। कौटिल्य के अर्थशास्त्र से लेकर महात्मा गांधी के विचारों तक राजनीति का मूल आधार लोककल्याण ही रहा। महात्मा गांधी ने कहा था कि ह्लराजनीति धर्म से अलग नहीं हो सकती, क्योंकि धर्म का अर्थ मानवता और नैतिकता है।ह्व लेकिन आज राजनीति का अर्थ बदल चुका है। अब राजनीति का संबंध अक्सर सत्ता, प्रभाव, प्रचार और व्यक्तिगत हितों से जोड़कर देखा जाने लगा है। राजनीतिक दलों का समर्थन करना या किसी विचारधारा से सहमत होना लोकतंत्र का स्वाभाविक हिस्सा है, लेकिन जब यह समर्थन अंधभक्ति में बदल जाता है, तब समस्या शुरू होती है। आज कई लोग सत्य और असत्य का निर्णय तथ्यों के आधार पर नहीं, बल्कि इस आधार पर करते हैं कि बात उनके पसंदीदा नेता या दल के पक्ष में है या विरोध में। लोकतंत्र में विभिन्न विचारधाराओं का होना आवश्यक है। विविधता लोकतंत्र की शक्ति है। लेकिन जब विचारधारा व्यक्ति की पहचान बन जाती है, तब वह अन्य सभी मानवीय गुणों पर हावी होने लगती है। आज व्यक्ति का मूल्यांकन उसके चरित्र, ईमानदारी, परिश्रम और व्यवहार से कम तथा उसकी राजनीतिक निष्ठा से अधिक किया जाने लगा है। यदि कोई व्यक्ति आपके राजनीतिक विचारों से सहमत है, तो वह अच्छा माना जाता है। यदि असहमत है, तो उसकी हर अच्छाई भी संदेह के घेरे में आ जाती है। यह प्रवृत्ति समाज के लिए अत्यंत खतरनाक है क्योंकि इससे व्यक्ति स्वतंत्र सोचने की क्षमता खो देता है। वह यह नहीं सोचता कि क्या सही है और क्या गलत। वह केवल यह सोचता है कि उसके पक्ष ने क्या कहा है। सभ्यता का विकास सत्य की खोज के कारण हुआ है। वैज्ञानिक खोजों से लेकर सामाजिक सुधारों तक, हर परिवर्तन सत्य को स्वीकार करने की क्षमता के कारण संभव हुआ। लेकिन वर्तमान समय में सत्य स्वयं संकट में दिखाई देता है। अब सत्य का मूल्य उसकी वास्तविकता से नहीं, बल्कि उसके राजनीतिक उपयोग से तय किया जाता है। यदि कोई तथ्य हमारे पक्ष में हो तो वह सत्य है। यदि वही तथ्य विरोधी पक्ष के पक्ष में चला जाए तो वह झूठ, षड्यंत्र या प्रचार बन जाता है। यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। क्योंकि जब समाज सत्य से दूर होने लगता है, तब न्याय कमजोर पड़ जाता है और विवेक समाप्त होने लगता है। सत्य को स्वीकार करने का साहस लोकतंत्र की सबसे बड़ी आवश्यकता है। लेकिन आज सत्य से अधिक महत्वपूर्ण राजनीतिक सुविधा बन गई है। कभी परिवार वह स्थान था जहाँ विभिन्न विचारों के लोग भी प्रेमपूर्वक रहते थे। मतभेद होते थे, लेकिन मनभेद नहीं होते थे। आज स्थिति बदल रही है। राजनीतिक बहसें परिवारों को विभाजित कर रही हैं। मित्रताएँ टूट रही हैं। रिश्तेदारों के बीच दूरी बढ़ रही है। सोशल मीडिया ने इस प्रवृत्ति को और तेज कर दिया है। एक पोस्ट, एक टिप्पणी या एक राजनीतिक मतभेद वर्षों पुराने संबंधों को समाप्त कर देता है। लोग अब यह नहीं देखते कि सामने वाला व्यक्ति वर्षों से उनका मित्र या परिजन है। वे केवल यह देखते हैं कि उसकी राजनीतिक सोच क्या है। यह स्थिति सामाजिक ताने-बाने को कमजोर कर रही है। समाज केवल विचारों से नहीं, बल्कि संबंधों से बनता है। जब संबंध कमजोर पड़ते हैं, तब समाज भी कमजोर हो जाता है।

# जब खाकी की गोद में खिली ममता की कली तब एक लावारिस बच्ची को मिला जीवन

कांतिलाल मांडोत

भारतीय समाज में पुलिस की पहचान प्रायः अनुशासन, कानून व्यवस्था और अपराध नियंत्रण से जुड़ी रही है। आम नागरिक के मन में खाकी वर्दी का नाम आते ही एक गंभीर छवि उभरती है। कई लोग पुलिस को देखकर सहज नहीं हो पाते और उनके मन में भय या संकोच का भाव आ जाता है। लेकिन खाकी का एक दूसरा चेहरा भी है जो संवेदनाओं से भरा हुआ है। यह चेहरा तब दिखाई देता है जब पुलिस केवल कानून की रक्षक नहीं बल्कि मानवता की संरक्षक बन जाती है। सूरत के पांडेसरा पुलिस थाने में घटी एक घटना ने यह साबित कर दिया कि खाकी के भीतर भी एक धड़कता हुआ दिल होता है जो जरूरतमंदों के लिए ममता और करुणा का अथाह सागर समेटे रहता है।एक नवजात बच्ची जिसे जन्म देने वालों ने दुनिया की भीड़ में अकेला छोड़ दिया था वह शायद अपने जीवन की सबसे बड़ी त्रासदी का सामना कर रही थी। सड़क किनारे लावारिस हालत में मिली यह मासूम न तो अपने माता-पिता को जानती थी और न ही उसे यह पता था कि उसका भविष्य क्या होगा। लेकिन नियति ने उसके लिए कुछ और ही तय कर रखा था। उसे ऐसे लोगों का साथ मिलने वाला था जो उसके अपने नहीं थे फिर भी उससे कहीं अधिक अपने बन गए। जब पुलिस को इस नवजात बच्ची के मिलने की सूचना मिली तो उसे तत्काल सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। बच्ची की तबीयत नाजुक थी इसलिए उसके उपचार और देखभाल की व्यवस्था की गई। करीब तेरह दिनों तक उसका इलाज चलता रहा। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने केवल अपने कर्तव्य का पालन नहीं किया बल्कि एक परिवार की तरह उसकी देखभाल की। विशेष रूप से महिला पुलिसकर्मियों ने उसे अपनी बेटी की तरह दुलारा। कोई उसे गोद में लेकर सुलाता तो कोई उसके लिए चिंतित रहती। उसकी छोटी-सी मुस्कान उनके चेहरे पर खुशी ले आती और उसकी तकलीफ उन्हें बेचैन कर देती। पुलिस ने बच्ची के परिजनों की तलाश के लिए हरसंभव प्रयास किए। आसपास के क्षेत्रों में जानकारी जुटाई गई। विभिन्न माध्यमों से उसके माता-पिता या रिश्तेदारों का पता लगाने की कोशिश की गई। लेकिन जब सभी प्रयास असफल हो गए तब यह स्पष्ट हो गया कि इस मासूम को उसके अपने ही छोड़ चुके हैं। ऐसे समय में पुलिस ने केवल संवेदना व्यक्त करके अपने हाथ नहीं झाड़े बल्कि उसे अपनाने का निर्णय लिया। यही वह क्षण था जिसने इस पूरी घटना को असाधारण बना दिया। बच्ची के स्वस्थ होने के बाद पांडेसरा पुलिस थाने में उसका छठ्ठी समारोह आयोजित किया गया। सामान्यतः पुलिस थाने की कल्पना शिकायतों और कानूनी प्रक्रियाओं से जुड़े स्थान के रूप में की जाती है लेकिन उस दिन वहां का दृश्य बिल्कुल अलग था। पूरा थाना फूलों और तोरणों से सजा हुआ था। वातावरण में उत्सव की खुशी थी। वैदिक मंत्रों की गूंज सुनाई दे रही थी। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो किसी परिवार में नई संतान के आगमन का उत्सव मनाया जा रहा हो। सबसे भावुक क्षण तब आया जब इस नवजात बच्ची का नामकरण किया गया। पुलिस परिवार ने उसे प्यार और स्नेह के साथ ह्लकशिशह्व नाम दिया। यह नाम केवल एक पहचान नहीं था बल्कि उस अपनत्व का प्रतीक था जो उसे पुलिसकर्मियों से मिला। महिला पुलिसकर्मियों ने उसे गोद में लेकर लोरियां गाईं। उनके चेहरे पर मातृत्व की वही चमक थी जो किसी मां के चेहरे पर अपनी संतान को देखकर दिखाई देती है। वहां उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति की आंखें नम थीं क्योंकि वे एक ऐसी कहानी के साक्षी बन रहे थे जिसमें मानवता ने रिश्तों की सभी सीमाओं को पार कर लिया था। यह घटना हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि परिवार केवल रक्त संबंधों से नहीं बनते। कई बार स्नेह और जिम्मेदारी के धागे ऐसे रिश्ते बुन देते हैं जो जन्म के रिश्तों से भी अधिक मजबूत होते हैं। कशिश को जन्म देने वालों ने भले ही उसे छोड़ दिया हो लेकिन उसे अपनाने वालों ने यह साबित कर दिया कि दुनिया में अभी भी संवेदनशील लोग मौजूद हैं जो किसी अजनबी के जीवन में रोशनी भर सकते हैं।

# सुरक्षित मातृत्व की ओर भारत की यात्रा का गतिवर्द्धन



जगत प्रकाश नड्डा

हर सुरक्षित गर्भ राष्ट्र की अपनी महिलाओं के लिए प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करता है। हमारे देश के हर साल लगभग 2.9 करोड़ गर्भधारण होते हैं। इस बड़े पैमाने पर सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित करने के लिए मजबूत स्वास्थ्य तंत्रों, निरंतर राजनीतिक प्रतिबद्धता, समय पर हस्तक्षेप और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक न्यायसंगत पहुंच की जरूरत है। पिछले दशक में देश में मातृत्व से संबंधित मौतों में उल्लेखनीय कमी आई है। यह सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ी सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक है। इस प्रगति का आधार मातृत्व स्वास्थ्य में निरंतर निवेश, सेवा डिलीवरी प्रणालियों का सुदृढ़ीकरण और सामुदायिक भागीदारी है। हमने यह सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रतिबद्धता रखी है कि हर महिला को उसकी समूची गर्भावस्था के दौरान गुणवत्तापूर्ण देखभाल मिल सके। इस कायाकल्प के केंद्र में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) है। यह अभियान पिछले 10 वर्षों से देश भर में सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा दे रहा है। पीएमएसएमए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी की कल्पना है जिसे 9 जून 2016 को शुरू किया गया था। यह सभी गर्भवती महिलाओं को गर्भ की दूसरी और तीसरी तिमाही के दौरान हर महीने के नौवें दिन मुफ्त सुनिश्चित, समग्र और गुणवत्तापूर्ण प्रसवपूर्व देखभाल सेवाएं मुहैया कराने का राष्ट्रव्यापी अभियान है। यहां हर माह के नौवें दिन के चयन का एक गहरा महत्व है। गर्भावस्था नौ बेशकीमती महीनों की यात्रा है। इनमें से हर माह नई उम्मीद, अनुमान और जिम्मेदारी लेकर आता है। हर महीने का नौवां दिन मातृ स्वास्थ्य को समर्पित कर पीएमएसएमए यह याद दिलाता है कि प्रत्येक गर्भावस्था स्वस्थ शिशु के सुरक्षित आगमन तक सभी नौ महीनों में निरंतर देखभाल, निगरानी और सहायता की हकदार है। मातृ स्वास्थ्य का सबसे महत्वपूर्ण सबक यह है कि कोई भी गर्भावस्था जोखिम से पूरी तरह मुक्त नहीं होती। आज सामान्य दिखाई देने वाली गर्भावस्था में कल गंभीर जटिलताएं विकसित हो सकती हैं। पीएमएसएमए में यह स्वीकार किया गया है कि कोई भी गर्भावस्था बिना किसी चेतावनी के उच्च जोखिम वाली बन जा सकती है। लिहाजा, इस अभियान में जोखिमों की जल्दी पहचान कर उनकी नजदीकी निगरानी तथा समय पर निर्देशन और प्रबंधन सुनिश्चित करने का सरल लेकिन परिवर्तनकारी दृष्टिकोण अपनाया गया है। उच्च जोखिम वाली हर चिह्नित गर्भावस्था माता की जान बचाने तथा समयपूर्व प्रसव, शिशु में जटिलताओं या जीवन पर्यंत विकलांगता को रोकने का एक अवसर है। इस अभियान में जटिलताओं के उपचार के बजाय उनकी रोकथाम पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इस तरह इसने भारत के मातृ स्वास्थ्य देखभाल तंत्र को मजबूत कर करोड़ों महिलाओं के लिए गर्भावस्था को सुरक्षित बनाया है। पीएमएसएमए की प्रमुख विशेषताओं में से एक निर्धारित दिन को संस्थागत रूप देकर विशेषज्ञ के नेतृत्व में प्रसवपूर्व सेवा सुनिश्चित करना है। इससे देश भर में मातृ स्वास्थ्य सेवाओं में अनुमानेयता, जवाबदेही और निरंतरता आई है। इस अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की लगभग 25 उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था स्थितियों के लिए जांच की जाती है। इनमें खून की गंभीर कमी, उच्च रक्तचाप, गर्भकालीन मधुमेह, संक्रमण और अन्य ऐसी जटिलताओं की जांच शामिल है जिनके पता नहीं चलने पर माता और शिशु का जीवन जोखिम में पड़ सकता है। चूंकि इस बात के साक्ष्य सामने आए कि गर्भधारण के ज्यादा जोखिम वाले मामलों में पीएमएसएमए के तहत किसी विशेषज्ञ/चिकित्सक द्वारा नियमित प्रसव पूर्व जांच के बाद भी निरंतर निगरानी की आवश्यकता होती है, इसलिए भारत सरकार ने 2022 में विस्तारित पीएमएसएमए (इ-पीएमएसएमए) की शुरूआत करके इस कार्यक्रम को और अधिक बेहतर बनाया है। ई-पीएमएसएमए के तहत, ज्यादा जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को नियमित पीएमएसएमए जाँच के अलावा अतिरिक्त चिकित्सीय सलाह (फॉलो-अप विज़िट) की सुविधा भी मिलती हैं, ताकि सुरक्षित डिलीवरी तक समय पर देखभाल सुनिश्चित की जा सके। इस पहल के अंतर्गत उच्च जोखिम वाली गर्भधारण की नाम-आधारित ट्रैकिंग शुरू की गई है और प्रसव के बाद 45 दिन तक फॉलो-अप परामर्श के लिए इसे बेहतर किया गया है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि कमजोर स्थिति वाली महिलाओं को गर्भावस्था और प्रसव के तुरंत बाद की कुछ अवधि के दौरान निरंतर देखभाल मिलती रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### अयोध्या में पुलिस मुठभेड़ में इनामी बदमाश मारा गया

लखनऊ। अयोध्या में उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के साथ हुई मुठभेड़ में इनामी बदमाश मारा गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार रविवार देर रात हुई इस मुठभेड़ में गोरखपुर के विधनापार निवासी भानु प्रताप सिंह (38) घायल हो गया और उसे उपचार के लिए अयोध्या मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। उसने बताया कि सिंह के खिलाफ 40 मुकदमे दर्ज हैं। एसटीएफ के अपर पुलिस महानिदेशक अमिताभ यश ने बताया कि भानु प्रताप पर आजमगढ़ पुलिस ने एक लाख रुपये, आंबेडकर नगर पुलिस ने 50 हजार और गोरखपुर पुलिस ने 15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस की ओर से जारी बयान में कहा गया कि रविवार देर रात एसटीएफ की प्रयागराज इकाई को भानु प्रताप सिंह के बारे में सूचना मिली थी और जब उसे रोकने की कोशिश की तो बदमाश ने गोलीबारी शुरू कर दी। इसमें कहा गया कि पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी मौत हो गई। बयान में कहा गया कि भानु प्रताप सिंह के खिलाफ हत्या, लूट और रंगदारी जैसी गंभीर धाराओं में 40 मुकदमे दर्ज हैं।

### अमेठी में बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

अमेठी। उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले में सोमवार सुबह अज्ञात हमलावरों ने 75 वर्षीय एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना जगदीशपुर थाना क्षेत्र के लोदियावा गांव की है। पुलिस के अनुसार, हीरालाल द्विवेदी (75) सुबह शौच के लिए बाहर गए थे। इसी दौरान लखनऊ-सुल्तानपुर राजमार्ग के पास अज्ञात लोगों ने उन पर कथित तौर पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। उसने बताया कि उन्हें कई गोलियां लगीं। परिजन उन्हें तत्काल जगदीशपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि घटना की सूचना हीरालाल के भतीजे जितेंद्र कुमार द्विवेदी ने डायल-112 पर दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मुसाफिरखाना के पुलिस क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है। सिंह ने कहा, घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया है। साथ ही हमलावरों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस की गई टीम का गठन किया गया है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस हत्या की वजह पता लगाने का प्रयास कर रही है।

### 27 साल पुराने मुकदमे का हुआ निपटारा, दोषी बुजुर्ग को मिली अदालत उठने तक खड़े रहने की सजा

बागपत। बागपत की एक अदालत ने करीब 27 वर्ष पुराने आपराधिक मामले का निस्तारण करते हुए 65 वर्षीय दोषी को अदालत की कार्यवाही समाप्त होने तक वहां खड़े रहने की सजा सुनाई और उस पर एक हजार रुपये का जुमार्ना लगाया। अभियोजन अधिकारी अभिराम गौतम ने सोमवार को बताया कि सरूरपुर कलां गांव निवासी धारा सिंह ने 26 जून 1999 को गांव के ही राजेंद्र समेत तीन लोगों के खिलाफ गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए बागपत कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। जांच के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र अदालत में दाखिल कर दिया था। राजेंद्र के खिलाफ मामला मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनीन्द्रपाल सिंह की अदालत में विचाराधीन था। लंबे समय तक अदालत में पेश नहीं होने पर उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया गया। बाद में कुर्की नोटिस और कुर्की वारंट भी जारी किए गए। शनिवार को राजेंद्र ने अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। उसने अदालत को बताया कि वह आर्थिक रूप से कमजोर है तथा वृद्धावस्था और बीमारी के कारण नियमित रूप से अदालत में उपस्थित नहीं हो सका। आरोपी ने स्वेच्छा से अपना अपराध स्वीकार करते हुए मामले का निस्तारण कम से कम जुमार्ने के साथ करने का अनुरोध किया। सुनवाई के बाद अदालत ने राजेंद्र को उस दिन की कार्यवाही समाप्त होते तक अदालत में उपस्थित रहने की सजा सुनाई और कुल एक हजार रुपये का जुमार्ना लगाया। इसमें गाली-गलौज के जुर्म में 300 रुपये तथा धमकी देने के जुर्म में 700 रुपये का जुमार्ना शामिल है। अदालत ने आदेश दिया कि जुमार्ना जमा नहीं करने की स्थिति में दोषी को 10 दिन का कारावास भुगतना होगा। अभियोजन अधिकारी के अनुसार, राजेंद्र ने निर्धारित जुमार्ना जमा कर दिया और सजा की अवधि पूरी होने के बाद अपने घर लौट गया।

# युवाओं से सीएम योगी का आह्वान, पर्यटन नहीं, सीखने के भाव से प्रकृति को जानें

प्रात: किरण संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों के नाम अपने संदेश में कहा है कि सनातन संस्कृति में प्रकृति के प्रत्येक जीव को सृष्टि का अभिन्न अंग माना गया है। जैव विविधता के संरक्षण का प्रयास तभी सफल होगा, जब जन भागीदारी बढ़ेगी। उन्होंने अपील की कि जब भी प्रकृति के बीच जाने का अवसर मिले, तो केवल पर्यटक बनकर नहीं, बल्कि जिज्ञासु विद्यार्थी की भांति उस स्थल को परखें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रदेशवासियों के नाम एक संदेश जारी किया। उन्होंने कहा, वर्षा ऋतु में अलग-अलग कीट-पतंगों की आवाज, गर्मियों की रातों में जुगनुओं की चमक, भोर में गौरैयों की चहचहाहट और पेड़ों पर मैनाओं का कलश्व, जो पहले दैनिक जीवन का हिस्सा थे, आल शहरों में लगभग दुर्लभ हो चुके हैं। इनकी लुप्तप्रायः स्थिति चिंताजनक है और जीवन के लिए खतरे का सूचक। उन्होंने कहा, आधुनिकता आवश्यक है, परंतु प्रकृति से विमुख होकर नहीं। जीव-जंतु प्रकृति के सौष्ठव का प्रतीक मात्र नहीं, अपितु स्वस्थ पर्यावरण का श्रृंगार हैं। प्रकृति का संतुलन भी छोटे-छोटे जीव-जंतुओं से बना रहता है। फसल उत्पादन से लेकर खाद्य श्रृंखला तक, प्रकृति के वृहत्तर चक्र में प्रत्येक जीव की महत्वपूर्ण भूमिका है। अपने संदेश में सीएम योगी ने कहा, सनातन संस्कृति में प्रकृति के प्रत्येक जीव को सृष्टि का अभिन्न अंग माना गया है। त्रिलोक में अजेय माने जाने वाले दशानन का संहार करने वाली प्रभु श्रीराम की सेना में वानर से लेकर ऋक्ष, जटायु और नन्ही गिलहरी तक का योगदान था। मह मानव, प्रकृति तथा विभिन्न जीव-जंतुओं के परस्पर आश्रित रहने का परिचायक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 9 वर्ष पूर्व जब हमने कार्यभार संभाला था, तब पर्यावरण संरक्षण को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल किया गया था। वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन के सतत प्रयासों का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश में बाघों, तेंदुओं और राज्य पक्षी सारस की संख्या में निरंतर वृद्धि हुई। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित आर्द्रभूमियों की रामसर सूची में प्रदेश के 13 स्थलों ने जगह बनाई है। एक समय जिन जीवों और पक्षियों को उत्तर प्रदेश से विलुप्त माना जा रहा था, वे अब फिर से दिखाई देने लगे हैं। तराई के घास के मैदानों में अत्यंत दुर्लभ बर्डन्स बैबलर पक्षी वर्षों बाद दिखाई दिया। दुधवा टाइगर रिजर्व में पेंटेड कीलबैंक नामक दुर्लभसर्प की मौजूदगी 117 वर्ष बाद दर्ज की गई। उन्होंने कहा, जैव विविधता के संरक्षण का प्रयास तभी सफल होगा, जब जन भागीदारी बढ़ेगी। मैं सभी से, विशेषकर युवाओं से आग्रह करता हूं कि जब भी प्रकृति के बीच जाने का अवसर मिले, तो केवल पर्यटक बनकर नहीं, बल्कि जिज्ञासु विद्यार्थी की भांति उस स्थल को परखें। प्रकृति का जीवंत संसार आपको इसके अनछुए रूपों से भी परिचित करा सकता है। अपने अनुभवों को ब्लॉग और आलेखों के माध्यम से साझा करें। ग्रीष्मावकाश के दौरान बच्चे इन्हें अपने स्कूली प्रोजेक्ट का विषय बनाएं। प्रकृति के प्रति जागरूकता और अपनापन ही हमारी जैव विविधता के सबसे बड़े संरक्षक हैं।

# दुधवा बफर जोन में तेंदुए का हमला सात वर्षीय बालक की मौत

प्रात: किरण संवाददाता



लखीमपुर खीरी, 08 जून (वेब वार्ता)। दुधवा बफर जोन के धौरहरा वन रेंज क्षेत्र में तेंदुए के हमले में सात वर्षीय एक बालक की मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, ईसानगर थाना क्षेत्र के लालजीपुरवा गांव का निवासी शुभम (सात वर्ष) रविवार शाम अपने पिता के साथ खेत की सिंचाई के लिए जा रहा था। इसी दौरान एक तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया। बालक के पिता और आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाकर बच्चे को बचाया तथा तेंदुए को भगा दिया। हमले में शुभम गंभीर रूप से घायल हो चुका था। उसे तत्काल खमरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। दुधवा बफर जोन की उपनिदेशक कीर्ति चौधरी ने घटना की पुष्टि करते हुए बालक की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में वन विभाग की टीमों को तैनात किया गया है तथा तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरे और कैमरे लगाए गए हैं। मामले की विस्तृत जांच की जा रही है और रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वन विभाग के आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष दुधवा बफर जोन में बाघ प्रजाति के वन्यजीवों के हमलों में यह सातवीं मानव मृत्यु है। इनमें तेंदुए के हमलों में छह तथा बाघ के हमले में एक व्यक्ति की जान गई है। तेंदुए के हमलों में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल भी हुए हैं। घटना के बाद उपजिलाधिकारी (एसडीएम) मनोज तिवारी ने मौके का दौरा कर ग्रामीणों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है और लोगों को शाम तथा रात के समय अकेले बाहर न निकलने की सलाह दी गई है। बालक की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने लालजीपुरवा गांव के निकट खमरिया-ईसानगर मार्ग पर प्रदर्शन कर तेंदुए को शीघ्र पकड़ने की मांग की। सूचना मिलने पर धौरहरा के पुलिस उपाधीक्षक शमशेर बहादुर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को शांत कराया। धौरहरा से भाजपा विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने भी घटनास्थल पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि वन विभाग आवश्यक कार्रवाई करेगा तथा तेंदुए को जल्द पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने अपना विरोध प्रदर्शन समाप्त कर दिया और परिजनों ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सौंप दिया।

## शाहजहांपुर के रोजा रेलवे स्टेशन पर नरमू पदाधिकारियों ने वेंडरों को पीटा



शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के रोजा रेलवे स्टेशन पर रविवार रात नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन (नरमू) के पदाधिकारियों ने आलम नगर स्टेशन पर लोको पायलट से कथित मारपीट के विरोध में प्रदर्शन कर कुछ वेंडरों को ट्रेन से उतार कर पीटा। मारपीट का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। नरमू के शाखा सचिव अमित भागवत मिश्रा ने सोमवार को बताया कि लोको पायलट राजेंद्र कुमार ट्रेन संख्या (15119) वाराणसी-देहरादून एक्सप्रेस पर लखनऊ से मुरादाबाद के लिए ड्यूटी कर रहे थे। आलमनगर स्टेशन पर ट्रेन के ठहराव के दौरान शौचालय जाने के ट्रेन के कोच में चढ़ने का प्रयास करने पर डिब्बे में मौजूद अनाधिकृत वेंडरों से उनका विवाद हो गया। वेंडरों ने उनके साथ अभद्रता करते हुए मारपीट की जिससे वह घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घटना के बाद जीआरपी लोको पायलट तथा एक वेंडर को पूछताछ के लिए थाने ले गई। आलमनगर की घटना की जानकारी मिलने पर नरमू पदाधिकारियों ने रोजा जंक्शन सहित मार्ग के अन्य स्टेशनों पर भी विरोध प्रदर्शन किया। जीआरपी थाना प्रभारी रामाकर यादव ने सोमवार को बताया कि लोको पायलट से कथित मारपीट की घटना के विरोध में नरमू पदाधिकारी रोजा रेलवे स्टेशन पर वाराणसी-देहरादून एक्सप्रेस ट्रेन के रुकते ही नरमू के पदाधिकारियों ने दो व्यक्तियों को ट्रेन से उतारकर उनके साथ मार पीट की। राजकीय रेलवे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण किया। इस दौरान ट्रेन को करीब 20 मिनट बाद आगे के लिए रवाना किया गया । उन्होंने बताया कि मारपीट का एक वीडियो संज्ञान में आया है जिसकी जांच कर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# अमेठी में अज्ञात हमलावरों ने की बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

प्रात: किरण संवाददाता




अमेठी। उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले में जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक बुजुर्ग की हत्या से दहशत फैल गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सोमवार सुबह नेशनल हाईवे के पास अज्ञात हमलावरों ने 75 साल के एक बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या की। फिलहाल, पुलिस इस मामले में आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। जानकारी सामने आई कि जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत लोढ़ियांवा गांव में करीब 75 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति सुबह शौच के लिए निकले थे, तभी उन पर हमला हुआ। घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। वहीं, बुजुर्ग को गोली मारने की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही परिवार के लोग घटनास्थल पर पहुंचे और बुजुर्ग को अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस हत्या की घटना के बाद पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बुजुर्ग के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अमेठी के सीओ अतुल कुमार सिंह ने बताया, अमेठी जिले के जगदीशपुर थाने के तहत आने वाले लुधियावा गांव के रहने वाले जितेंद्र कुमार द्विवेदी को सूचना मिली कि उनके ताऊ हीरालाल द्विवेदी सुबह शौच के लिए बाहर गए थे, तभी किसी अज्ञात व्यक्ति ने कथित तौर पर गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। सूचना मिलने पर जगदीशपुर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उन्होंने बताया कि इस हत्याकांड में परिवार की शिकायत के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। इससे पहले, उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले के संडीला थाना क्षेत्र में ऑनर किलिंग का एक सनसनीखेज मामला सामने आया। कथित तौर पर बिना बताए घर से जाने से नाराज पिता और भाइयों ने मिलकर 19 वर्षीय लड़की की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। इतना ही नहीं, मामले को छुपाने के लिए आरोपियों ने कथित तौर पर मृतका के शव पर सांप के काटने और आत्महत्या के फर्जी निशान बनाए व पुलिस को सूचना दिए बिना शव का अंतिम संस्कार कर उसे जलाकर साक्ष्य नष्ट कर दिए। संडीला पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतका के पिता और दो भाइयों सहित कुल 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## अयोध्या में 1.90 लाख के इनामी भानु प्रताप सिंह का एनकाउंटर, इलाज के दौरान हुई मौत

अयोध्या। उत्तर प्रदेश की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने अयोध्या में एक कुख्यात अपराधी का एनकाउंटर किया है। अधिकारियों ने बताया कि कुख्यात अपराधी पर 1.90 लाख रुपए का इनाम घोषित था। फिलहाल, पुलिस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है। अपराधी की पहचान भानु प्रताप सिंह उर्फ बबलू के रूप में की गई। वह गोरखपुर जिले के थाना बेलघाट इलाके के विधनापार गांव का रहने वाला था। अधिकारियों ने बताया कि अयोध्या के महाराजगंज थाना में क्षेत्र ऐमी घाट पुल के पास रात करीब 11 बजे एसटीएफ ने कुख्यात अपराधी की घेराबंदी की। वह एक मोटरसाइकिल से भागने की कोशिश कर रहा था। इस दौरान उसने एसटीएफ टीम पर फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। एसटीएफ ने बताया कि मुठभेड़ में घायल होने के बाद भानु प्रताप सिंह को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। एसटीएफ के अनुसार, उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जिलों में अपराधी के खिलाफ लगभग 40 गंभीर मुकदमे दर्ज थे। वह लगातार फरार चल रहा था। उस पर आजमगढ़ पुलिस ने 1 लाख रुपए, अंबेडकरनगर पुलिस ने 50 हजार रुपए, गोरखपुर पुलिस ने 25 हजार रुपए और बस्ती पुलिस ने 15 हजार रुपए का इनाम रखा था। इससे पहले, सीतापुर में पुलिस और एसओजी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया। उनके पास से ऑडी व सियाज कार समेत लगभग 77 लाख रुपए की कीमत का चोरी का माल बरामद किया। आरोपियों की पहचान योगेंद्र चौहान और धर्मराज के रूप में हुई। एएसपी दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह ने बताया कि अभियुक्त योगेंद्र थाना सदरपुर का मजारिया हिस्ट्रीशीटर भी है। साथ ही थाना महमूदाबाद पर पंजीकृत मुकदमे में वांछित अभियुक्त है। इसके विरुद्ध पूर्व में भी जनपद के विभिन्न थानों में करीब दो दर्जन से अधिक गंभीर अपराधों में अभियोग पंजीकृत है। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि उन्होंने करीब 15-20 दिन पहले ग्राम अलबदा के एक घर का ताला तोड़कर जेवरात चुराए थे। इसके अलावा 10-12 दिन पहले उन्होंने मनवा गांव के एक घर से 15 हजार नगद और पायल चोरी की थी व बची हुई ज्वेलरी को बेचने के लिए चोरी-छिपे लखनऊ जा रहे थे। चोरी करने के लिए लग्जरी गाड़ियों का इस्तेमाल करते थे।

# सेवा, सुशासन, सुरक्षा और विश्वास के पुनर्जागरण की गौरवगाथा सीएम योगी-धामी ने मोदी सरकार के 12 साल को सराहा

प्रात: किरण संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्षों को गरीब, वंचित और अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के जीवन में सम्मान, सुरक्षा और आत्मविश्वास के पुनर्जागरण का स्वर्णिम काल बताया। उन्होंने कहा कि जनधन, उज्ज्वला, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास, जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं ने करोड़ों परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाते हुए ॒अंत्योदय से विकसित भारत के संकल्प को साकार करने का मार्ग प्रशस्त किया है। सीएम योगी ने कहा कि यह 12 वर्षों की यात्रा केवल योजनाओं के क्रियान्वयन की नहीं, बल्कि उन करोड़ों परिवारों के सशक्तिकरण की कहानी है, जिन्हें पहली बार शासन की संवेदनशीलता और विकास का प्रत्यक्ष लाभ मिला। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब-कल्याण के 12 वर्ष भारत के करोड़ों वंचित परिवारों के जीवन में सम्मान, सुरक्षा और विश्वास के पुनर्जागरण की गौरवगाथा हैं। अंत्योदय को समर्पित इन युगांतरकारी वर्षों में गरीब-कल्याण केवल शासन की प्राथमिकता नहीं, बल्कि उसका संस्कार बना। जन धन योजना ने बैंकिंग सेवाओं के द्वार खोले, उज्ज्वला योजना ने मातृशक्ति को धुएं से मुक्ति दिलाई, स्वच्छ भारत मिशन ने गरिमा का संरक्षण किया, जल जीवन मिशन ने घर-घर तक जीवनधारा पहुंचाई और प्रधानमंत्री आवास योजना ने लाखों परिवारों को पक्की छत का विश्वास दिया। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण ने पारदर्शिता को सशक्त किया, आयुष्मान भारत ने स्वास्थ्य सुरक्षा का कवच प्रदान किया और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं ने करोड़ों परिवारों के जीवन में नया आत्मविश्वास जगाया ॒ उन्होंने आगे लिखा कि ॒विकसित भारत॒ की आधारशिला को मजबूत करती यह 12 वर्षों की यात्रा केवल योजनाओं की नहीं, बल्कि उन घरों की यात्रा है, जहां पहली बार सुविधाएं पहुंचीं, उन परिवारों की यात्रा है, जिन्हें पहली बार लगा कि सरकार उनके द्वार तक पहुंची है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब और वंचित के जीवन में आशा, अवसर और आत्मविश्वास का नया अध्याय लिखते इन ऐतिहासिक 12 वर्षों के लिए प्रधानमंत्री का हार्दिक आभार। वहीं, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को केंद्र में रखकर देश में विकास की एक नई धारा प्रवाहित हुई है। अंत्योदय के मंत्र के साथ करोड़ों गरीब, वंचित और जरूरतमंद परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। जनधन खाते, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, हर घर जल, स्वच्छ भारत मिशन और पीएम आवास योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं ने गरीब, वंचित और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सम्मान, सुरक्षा और आत्मविश्वास देने का कार्य किया है। गरीब कल्याण और जनभागीदारी के इस संकल्प के साथ आज देश विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर है। हमारी डबल इंजन सरकार उत्तराखंड में भी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

# यूपी कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा में सुरक्षा के कड़े इंतजाम, अभ्यर्थियों ने व्यवस्था को सराहा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस रिक्रूटमेंट एवं प्रमोशन बोर्ड की ओर से पूरे उत्तर प्रदेश में कॉन्स्टेबल के 32,679 पदों के लिए 8, 9 और 10 जून को लिखित परीक्षा आयोजित किया जा रहा है। परीक्षा निष्पक्ष और सुचारू रूप से संपन्न होने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी की जा रही है। लखनऊ के हजरतगंज स्थित नेशनल पीजी कॉलेज सेंटर पर उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश समेत पड़ोसी राज्यों के उम्मीदवार परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा में देने आए एक अभ्यर्थी ने कहा कि मैं पिछले तीन वर्ष से तैयारी कर रहा हूं। परीक्षा केंद्र पर इंतजाम अच्छे हैं और सीसीटीवी कैमरे लगाना एक अच्छा कदम है। एक और अभ्यर्थी ने कहा कि मैं दो वर्ष से तैयारी कर रहा हूं। अमेठी प्रशासन की ओर से पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए पूरी तरह तैयारी की गई है। 12 केंद्रों पर लगभग 28,000 उम्मीदवार परीक्षा देंगे। परीक्षा में शामिल होने वाले सभी उम्मीदवारों के लिए शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, पारदर्शी और नकल-मुक्त परीक्षा प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। वाराणसी के 50 केंद्रों पर दो पालियों में पुलिस भर्ती परीक्षा आयोजित की जा रही है। इसमें लगभग 1,32,192 उम्मीदवारों के शामिल होने की उम्मीद है। गोरखपुर में 44 केंद्र बनाए गए हैं। इस परीक्षा में कुल 1,16,784 उम्मीदवार शामिल होंगे। वाराणसी में परीक्षा देने आए एक अभ्यर्थी ने कहा कि परीक्षा में बहुत ज्यादा कॉम्पिटिशन है और उम्मीदवारों के मन में हमेशा पेपर लीक होने की चिंता बनी रहती है। बीते 5 वर्ष से तैयारी कर रहा हूं; काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। एक और अभ्यर्थी ने कहा कि तैयारी तो खास तरीके से करनी पड़ती है। पेपर लीक का डर मन में बैठा रहते है। अच्छे से तैयारी की है। एक दूसरे अभ्यर्थी ने कहा कि यह मेरा दूसरा प्रयास है। तैयारी अच्छी है। पेपर लीक का डर मन में बना रहता है, क्योंकि अभी नीट का पेपर लीक हुआ है। कॉम्पिटिशन बहुत है, क्योंकि अन्य राज्यों के भी अभ्यर्थी शामिल होते हैं। एक और अभ्यर्थी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पेपर लीक होने का चांस नहीं है, क्योंकि यहां व्यवस्था काफी चुस्त रहती है। एसीपी अपूर्व पांडे ने बताया कैंट इलाके में काफी ज्यादा परीक्षा केंद्र हैं। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। अभ्यर्थियों की सहूलियत के लिए सभी को ब्रीफ किया गया है। परीक्षा में किसी भी तरह का व्यवधान न आने पाए, इसको भी सुनिश्चित करना है। प्रयागराज में परीक्षा देने अभ्यर्थी ने कहा कि तैयारी काफी अच्छे तरीके से की गई है। एक और अभ्यर्थी ने कहा कि यहां व्यवस्था ठीक की गई है। इलेक्ट्रॉनिक सामना को अंदर ले जाना मना है।

## किसी भी निर्धन या जरूरतमंद की शिक्षा को बाधित नहीं होने देगी सरकार : सीएम योगी



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह जनता दर्शन किया। इस दौरान प्रदेश भर से आए लोगों से उन्होंने व्यक्तिगत मुलाकात की, उनकी समस्याएं सुनीं और समस्याओं के निराकरण का निर्देश दिया। एक बच्ची ने मुख्यमंत्री से उच्च शिक्षा के लिए मदद की गुहार लगाई, जिस पर उन्होंने लखनऊ के किसी संस्थान में प्रवेश दिलाने का आदेश दिया। पुलिस की अनसुनी व अवैध कब्जे से जुड़ी शिकायतों पर सख्त सीएम योगी ने अफसरों को मॉनिटरिंग कर पीड़ितों को न्याय दिलाने का आदेश दिया। लखनऊ की एक बच्ची अपनी बूढ़ी मां के साथ पहुंची। उसने बताया कि इंटरमीडिएट अच्छे अंक से उत्तीर्ण किया है। वह आगे बीटेक करना चाहती है, लेकिन धन के अभाव में दिक्कत हो रही है। सीएम योगी ने उसकी मार्कशीट देखी, फिर कहा कि पढ़ाई पर ध्यान दो। आपका प्रवेश किसी अच्छे संस्थान में कराया जाएगा। सरकार किसी भी निर्धन या जरूरतमंद की शिक्षा को बाधित नहीं होने देगी। सकारात्मक संदेश पाकर प्रफुल्लित बेटी व मां ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। विभिन्न जनपदों से आए फरियादियों ने मुख्यमंत्री से पुलिस की हीलाहवाली और अवैध कब्जे को लेकर उचित कार्रवाई न होने की शिकायत करते हुए प्रार्थना पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री ने हर प्रकरण को सुना, फिर शासन के अफसरों को प्रार्थना पत्र देते हुए कहा कि इन मामलों की मॉनिटरिंग करिए। पीड़ित को न्याय और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई कराइए। सीएम ने पीड़ितों को जल्द ही समाधान के लिए आश्वस्त किया। कुछ फरियादी ऐसे भी आए, जो सीधे ॒जनता दर्शन॒ में पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूछा कि आपने जनपद के किस अधिकारी के समक्ष अपनी बात रखी। इस पर कुछ फरियादियों ने कहा कि हम सीधे यहीं आ रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गर्मी बेतहाशा पड़ रही है। आप सभी अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें और सबसे पहले अपनी शिकायतें जनपद, मंडल स्तर के अधिकारियों से करें।

# बांदा में शराब के नशे में बेटे ने बुजुर्ग मां की हत्या की, गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता

बांदा। उत्तर प्रदेश के बांदा जिले की देहात कोतवाली क्षेत्र के गुरेह गांव में रविवार रात शराब के नशे में एक युवक ने कथित रूप से अपनी बुजुर्ग मां की हत्या कर दी। पुलिस की एक अधिकारी ने यह जानकारी सोमवार को दी। पुलिस अधिकारी के अनुसार, आरोपी बेटे को रविवार रात ही गिरफ्तार कर लिया गया। बांदा नगर क्षेत्र की पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) और सहायक पुलिस अधीक्षक (एएसपी) मेविस टाक ने सोमवार को बताया कि देहात कोतवाली क्षेत्र के गुरेह गांव में रविवार रात करीब नौ बजे पप्पू उर्फ राधाचरण (35) शराब के नशे में घर पहुंचा और अपनी छोटी बहन गुड़िया से झगड़ने लगा। उन्होंने बताया कि जब उसकी बुजुर्ग मां रामरती (75) बीच-बचाव करने लगी तो उसने मां को धक्का देकर नीचे गिरा दिया और उनके सिर पर ईंट से कई वार किए। टाक ने बताया कि ईंट की चोट लगने से रामरती की मौके पर ही मौत हो गई थी। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पिता मनुवा की तहरीर पर पप्पू उर्फ राधाचरण के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसे रविवार रात ही गिरफ्तार कर लिया गया।

## धसान नदी में दर्दनाक हादसा, दो सगे भाइयों की डूबकर मौत

बांदा/महोबा। महोबा जिले के पनवाड़ी थाना क्षेत्र में धसान नदी में नहाते समय दो सगे भाइयों की डूबकर मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पनवाड़ी थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) वीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि रविवार देर शाम धसान नदी में नहाने के दौरान फतेहपुर जिले के चांदपुर थाना क्षेत्र के बिजौली गांव निवासी दो सगे भाइयों जितेंद्र कुमार (33) और राजा (30) की डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, जितेंद्र पनवाड़ी क्षेत्र के नैपुरा गांव स्थित परिषदीय विद्यालय में शिक्षक के पद पर कार्यरत था। उसका छोटा भाई राजा सोमवार को पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाला था। पुलिस के अनुसार, जितेंद्र अपने परिवार के साथ किराए के मकान में पनवाड़ी कस्बे में रह रहा था। रविवार शाम वह अपने भाइयों रंजीत, राजा, पुत्र सिद्धांत और साले दिलीप के साथ झारखंड धाम घूमने गया था। वहां सभी लोग धसान नदी में नहाने लगे। इस दौरान जितेंद्र का बेटा सिद्धांत गहरे पानी में डूबने लगा, जिसे बचाने के प्रयास में पहले जितेंद्र पानी में उतरा और बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन वह स्वयं डूब गया। उसे बचाने के प्रयास में उसका छोटा भाई राजा भी नदी में उतर गया और दोनों की डूबकर मौत हो गई। एसएचओ ने बताया कि घटना की सूचना पर देर रात गोताखोरों की मदद से दोनों शवों को बाहर निकाला गया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अब आयुष पद्धति से भी मिलेगा कैशलेस इलाज

वाराणसी। उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ, समावेशी तथा जनहितकारी बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक निर्णय लिया है। अब पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अंतर्गत आयुष चिकित्सा पद्धतियों को भी शामिल किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आयुर्वेद, यूनानी एवं होम्योपैथी जैसी आयुष पद्धतियों की आईपीडी सेवाओं को योजना से जोड़ा जाए, ताकि काशीवासियों व प्रदेशवासियों को पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से भी कैशलेस उपचार की सुविधा प्राप्त हो सके। प्रदेश के आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र ॒दयालु॒ ने मुख्यमंत्री के इस फैसले का स्वागत करते हुए इसे स्वास्थ्य क्षेत्र में ॒नया मील का पत्थर॒ बताया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार लगातार स्वास्थ्य सेवाओं को जनसामान्य तक पहुंचाने के लिए प्रभावी और दूरदर्शी कदम उठा रही है। डॉ. दयालु ने कहा कि आयुष चिकित्सा पद्धतियों को आधुनिक तकनीक व बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़कर एक मजबूत एवं भरोसेमंद स्वास्थ्य व्यवस्था विकसित की जा रही है, जिससे हर नागरिक को सुलभ, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध हो सके। इस निर्णय के बाद मरीजों को आयुष चिकित्सा के तहत बिना किसी आर्थिक बोझ के गुणवत्तापूर्ण इलाज मिल सकेगा। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों, गरीब एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लिए यह पहल बड़ी राहत साबित होगी। सरकार का उद्देश्य है कि स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहजता और सम्मानजनक तरीके से पहुंचे। आयुष मंत्री ने कहा कि कैशलेस इलाज की यह सुविधा विशेष रूप से गरीब, ग्रामीण और जरूरतमंद मरीजों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। सरकार की प्राथमिकता है कि आर्थिक अभाव किसी भी व्यक्ति के उपचार में बाधा न बने और प्रत्येक नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस निर्णय से प्रदेश में आयुष चिकित्सा पद्धतियों के प्रति लोगों का भरोसा और मजबूत होगा तथा स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा और अधिक विस्तृत बनेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### फरार हत्यारोपी पुलिस ने दबोचा

लोनी। सहायक पुलिस आयुक्त लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि बुलंदशहर के सिकंद्राबाद निवासी शिवा को गिरफ्तार कर बाइक बरामद की है। शिवा ने अपने मौसेरे भाई बागपत के वसोद गांव निवासी आशुतोष राणा व तनिष और उनके दोस्त कपिल के साथ मिलकर बागपत के डोला निवासी नितिन राणा की गोली मारकर हत्या की थी। नितिन का शव लोनी के सिखरनी गांव में ट्यूबवेल पर मिला था।

### दस दिवसीय संस्कार गीत की कार्यशाला शुरू

नोएडा। उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान लखनऊ की ओर से सेक्टर-62 स्थित राजकीय बाल गृह (बालिका) में 10 दिवसीय संस्कार गीत की कार्यशाला शुरू हुई। पहले दिन सोमवार को डॉ. मुक्ता वार्ष्णेय की ओर से बच्चों को अपनी कला, संस्कृति व विरासत के प्रति प्रेरित करने के साथ सांगीतिक ज्ञान से भी परिचित कराया गया। कार्यशाला के प्रथम दिन बालिकाओं को सोहर गीत सिखाए गए, इसमें बालिकाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया।संस्था की अधीक्षिकाअनुदिता सिंह ने बालिकाओं को अपने संस्कार गीत सीखने के लिए प्रोत्साहित किया।

### वृद्ध आश्रम में दिया जरूरत का सामान

ग्रेटर नोएडा। रोटरी क्लब ग्रीन ग्रेटर नोएडा ने समाज के वंचित एवं बेसहारा वर्ग के प्रति अपनी संवेदनशील प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए सोमवार को नोएडा स्थित अपना घर आश्रम में करीब तीन सौ लोगों के लिए जरूरत का सामान पहुंचाया। क्लब के मीडिया प्रभारी विनोद कसाना ने बताया कि आश्रम को वाटर कूलर, यूनिफॉर्म, टूथपेस्ट, हार्पिक, डेटॉल, देसी घी एवं शुद्ध सरसों का तेल दिया गया। सरदार मनजीत सिंह, एमपी सिंह, ऋषि के अग्रवाल, अमित गोयल, निखिल गर्ग, रंजीत सिंह, सुरेश नेगी उपस्थित रहे।

### दो नए कर्मचारियों की तैनाती से स्वास्थ्य केंद्र में लैब शुरू

दनकौर। दनकौर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) दनकौर में लंबे समय से खाली चल रहे फार्मासिस्ट और लैब टेक्नीशियन के पदों पर सोमवार को कर्मचारियों की तैनाती हो गई। दोनों कर्मचारियों ने सीएचसी में कार्यभार संभाल लिया, जिसके बाद पैथोलॉजी और मरीजों के खून की जांच शुरू हो गई। अब क्षेत्र के लोगों को लैब या अन्य अस्पतालों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। लैब का उद्घाटन दनकौर चेयरमैन प्रतिनिधि दीपक सिंह ने किया। पीएचसी प्रभारी डॉ. अशोक कुमार, शैलेंद्र गोविल, जगदीश अग्रवाल, समाजसेवी राजू उपाध्याय, राकेश गोयल, ईश्वर सदस्य, महमूद, बबन, धर्मेंद्र, राहुल, हरिओम मौजूद रहे।

### सब-जूनियर बॉक्सिंग में सनी यादव का चयन

नोएडा। प्रदेश स्तरीय समन्वय सब-जूनियर बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए मेरठ मंडल की टीम चयन के लिए सोमवार को ट्रायल हुआ। कैलाश प्रकाश स्पोर्ट्स स्टेडियम, मेरठ में हुए ट्रायल के माध्यम से गौतम बुद्ध नगर के सनी यादव ने टीम में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है। प्रतियोगिता का आयोजन 10 से 13 जून तक सहारनपुर में किया जाएगा। गौतम बुद्ध नगर से नोएडा स्टेडियम के तीन मुक्केबाजों, 35-37 किलोग्राम भार वर्ग में सनी यादव, 52 किलोग्राम वर्ग में हर्ष यादव तथा 70 किलोग्राम वर्ग में अगस्त्य ने ट्रायल में भाग लिया। नोएडा स्टेडियम के बॉक्सिंग कोच साहिल पवार ने टीम में चुने जाने पर सनी यादव को बधाई दी है। कोच साहिल पवार ने बताया कि हर्ष यादव और अगस्त्य ने भी अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन चयन से चूक गए।

### एआई इनोवेशन पर हैकथॉन

नोएडा। एमिटी विश्वविद्यालय में माइक्रोसॉफ्ट और कांइड्रिल के सहयोग से सोमावार को एआई इनोवेशन पर दो दिवसीय राष्ट्रीय हैकथॉन शुरू हुआ। इसमें दिल्ली एनसीआर के विभिन्न संस्थानों से 46 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

# पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न डीएम-एसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

प्रात : किरण अवनीश त्यागी



बिजनौर/हल्दौर। उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा रविवार को जनपद बिजनौर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी के बीच शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा की पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। द्वितीय पाली में आयोजित परीक्षा के दौरान जिलाधिकारी जसजीत कौर एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बिजनौर स्थित केपीएस कन्या इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा कक्षों का भ्रमण कर परीक्षार्थियों से जानकारी ली तथा परीक्षा की व्यवस्थाओं को परखा। अधिकारियों ने परीक्षा कक्षों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की भी जांच की और ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों एवं पुलिस कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्र पर सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। परीक्षा निर्धारित नियमों के अनुसार शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं व्यवस्थित तरीके से संचालित होती मिली। किसी प्रकार की अनियमितता या अव्यवस्था सामने नहीं आई। वहीं हल्दौर थाना क्षेत्र के हदयानन्द सार्वजनिक इंटर कॉलेज, झालू में भी आयोजित परीक्षा के दौरान क्षेत्राधिकारी चांदपुर देश दीपक सिंह ने सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा ड्यूटी में तैनात पुलिस बल की उपस्थिति एवं सतर्कता की जांच की तथा परीक्षा को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनपद के सभी परीक्षा केंद्रों पर प्रशासन और पुलिस की कड़ी निगरानी के बीच परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए हर स्तर पर सतर्कता बरती जा रही है और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# किसानों के हक पर डाका डालने वालों पर कृषि विभाग का बड़ा प्रहार, कालाबाजारी के आरोप में विक्रेता पर एफआईआर

प्रात : किरण अवनीश त्यागी



बिजनौर। किसानों के अधिकारों और उनकी मेहनत की कमाई पर डाका डालने वालों के खिलाफ कृषि विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। उर्वरक की कालाबाजारी और स्टॉक में गंभीर गड़बड़ियों के आरोप में अफजलगढ़ के एक खाद विक्रेता के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। इस कार्रवाई के बाद जिले भर के उर्वरक विक्रेताओं में हड़कंप की स्थिति है। किसानों से लगातार मिल रही शिकायतों के बाद कृषि विभाग और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने तहसील धामपुर के अफजलगढ़ क्षेत्र में उर्वरक विक्रय केंद्रों का अचानक निरीक्षण किया। जांच के दौरान मैसर्स स्वास्तिक खाद भंडार, अफजलगढ़ में ऐसी अनियमितताएं सामने आईं, जिन्होंने विभागीय अधिकारियों को भी चौंका दिया। निरीक्षण के समय पीओएस मशीन में दर्ज उर्वरक स्टॉक और दुकान पर मौजूद वास्तविक स्टॉक में बड़ा अंतर पाया गया। जब जांच टीम ने स्टॉक रजिस्टर, वितरण पंजिका और अन्य जरूरी अभिलेख मांगे तो प्रतिष्ठान संचालक कोई संतोषजनक रिकॉर्ड प्रस्तुत नहीं कर सका। इतना ही नहीं, दुकान पर स्टॉक और मूल्य सूची भी प्रदर्शित नहीं मिली, जबकि यह नियमों के तहत अनिवार्य है। प्रारंभिक जांच में यह आशंका जताई गई कि किसानों के लिए उपलब्ध कराए जाने वाले उर्वरकों का नियमानुसार वितरण न कर उनकी कालाबाजारी की जा रही थी या फिर उन्हें अन्य अनियमित गतिविधियों में खपाया जा रहा था। कृषि विभाग ने इसे किसानों के हितों के साथ गंभीर खिलवाड़ बताया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी बिजनौर की अनुमति के बाद स्वास्तिक खाद भंडार के प्रोपराइटर कुनाल तोमर के खिलाफ थाना अफजलगढ़ में आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 तथा उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है। जिला कृषि अधिकारी जसवीर सिंह तेवतिया ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसानों को समय पर और उचित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। यदि कोई व्यक्ति किसानों के हिस्से का खाद रोककर कालाबाजारी करता है या फर्जी तरीके से स्टॉक का संचालन करता है, तो उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जिले के सभी खाद विक्रेताओं को चेतावनी देते हुए कहा कि अपने प्रतिष्ठानों पर स्टॉक और मूल्य सूची अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करें तथा पोर्टल पर दर्ज स्टॉक और वास्तविक स्टॉक में कोई अंतर न रखें।

## जंगल से निकले गुलदार ने बाइक सवार दो युवकों पर किया हमला, बाल-बाल बची जान

प्रात : किरण अवनीश त्यागी

बिजनौर। जनपद में गुलदार का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। थाना हीमपुर दीपा क्षेत्र के गांव गदनपुर निवासी दो युवकों पर गुलदार ने उस समय जानलेवा हमला कर दिया, जब वे दवाई लेकर बाइक से अपने घर लौट रहे थे। अचानक हुए इस हमले से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है। दोनों घायल युवकों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव गदनपुर निवासी अभिषेक और नितिन मंगलवार रात करीब साढ़े आठ बजे निकटवर्ती गांव भवानीपुर में डॉक्टर अमित के यहां से दवाई लेकर बाइक से अपने गांव वापस लौट रहे थे। जैसे ही वे जंगल के रास्ते में सादिक के कुएं के पास पहुंचे, तभी खेतों से निकलकर आए एक गुलदार ने उन पर हमला बोल दिया। गुलदार के अचानक हमले से दोनों युवक संभल नहीं पाए और घायल हो गए। हमले के दौरान दोनों ने शोर मचाया, जिसकी आवाज सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों के एकत्र होने और शोर-शराबा करने पर गुलदार जंगल की ओर भाग गया, जिससे दोनों युवकों की जान बच सकी। घायल अभिषेक ने बताया कि हमले के दौरान उनकी बाइक नहीं गिरी। यदि बाइक गिर जाती तो गुलदार किसी एक को दबोच सकता था और बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद दोनों घायलों को उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।घटना के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों में भय का माहौल है। लोगों का कहना है कि पिछले कुछ समय से गांवों और जंगल किनारे के इलाकों में गुलदार की गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से तत्काल क्षेत्र में पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ने की मांग की है।गौरतलब है कि जनपद बिजनौर में पिछले दो वर्षों के दौरान गुलदार के हमलों में 36 लोगों की जान जा चुकी है। लगातार बढ़ रही घटनाओं के बावजूद प्रभावी कार्रवाई न होने से ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति नाराजगी भी देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में और भी गंभीर घटनाएं हो सकती हैं।

## कोल्डड्रिंक पीने के बाद एक ही परिवार के आठ लोग बीमार, संदिग्ध फूड प्वाइजनिंग से मचा हड़कंप

प्रात : किरण अवनीश त्यागी



बिजनौर। क्षेत्र के गांव शफीपुर हीरा में संदिग्ध फूड प्वाइजनिंग का मामला सामने आने से हड़कंप मच गया। शनिवार रात कोल्डड्रिंक पीने के बाद एक ही परिवार के आठ लोगों की अचानक तबीयत बिगड़ गई। रविवार सुबह काफी देर तक परिवार के सदस्यों के नहीं जागने पर परिजनों और पड़ोसियों को घटना की जानकारी हुई। सभी को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल बिजनौर रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार गांव शफीपुर हीरा निवासी शबीना (35 वर्ष), सादमा (30 वर्ष), अमरीन (22 वर्ष), शाकिब (16 वर्ष), शाद (14 वर्ष), फैज (11 वर्ष), जैद (8 वर्ष) तथा कासिफ (5 वर्ष) ने शनिवार रात भोजन करने के बाद गर्मी से राहत पाने के लिए कोल्डड्रिंक का सेवन किया था। इसके बाद सभी अपने-अपने कमरों में सो गए। रविवार सुबह जब काफी देर तक परिवार के सदस्य नहीं उठे तो परिजनों और आसपास के लोगों को चिंता हुई। घर के अंदर जाकर देखा गया तो सभी की हालत बिगड़ी हुई थी। कुछ लोग अचेत अवस्था में थे, जबकि अन्य को चक्कर, कमजोरी और उल्टी जैसी शिकायतें थीं। यह देखकर परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन सभी को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हल्दौर लेकर पहुंचे। वहां मौजूद चिकित्सकों ने मरीजों का प्राथमिक उपचार शुरू किया। सभी की हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल बिजनौर रेफर कर दिया, जहां उनका उपचार जारी है। उधर, मामले की सूचना पुलिस को भी दी गई है। पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम पूरे मामले की जांच में जुट गई है। स्वास्थ्य विभाग यह पता लगाने का प्रयास कर रहा है कि परिवार के लोगों की तबीयत खराब होने का कारण वास्तव में फूड प्वाइजनिंग है, कोल्डड्रिंक में किसी प्रकार की गड़बड़ी है या फिर इसके पीछे कोई अन्य कारण है। चिकित्सकों के अनुसार सभी मरीजों की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और आवश्यक चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही बीमारी के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। घटना के बाद गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हैं और ग्रामीण परिवार के सदस्यों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं। वहीं स्वास्थ्य विभाग लोगों से खाने-पीने की वस्तुओं के उपयोग में सावधानी बरतने और किसी भी संदिग्ध खाद्य पदार्थ का सेवन न करने की अपील कर रहा है।

## लोनी में भाजपाइयों ने किया मासिक मंडल बैठक का आयोजन



प्रात : किरण संवाददाता

लोनी। भाजपाइयों द्वारा लोनी में आयोजित मासिक मंडल बैठक में जिला अध्यक्ष द्वारा कार्यकताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मंडल अध्यक्ष राहुल श्याम सुंदर एवं मनीष चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में जिला अध्यक्ष चौ चयन पाल सिंह एवं मंडल प्रभारी राजेंद्र वाल्मीकि बतौर मुख्य अतिथि उपस्थिति रहे। बैठक के दौरान अपने विचार व्यक्त करते हुए जिला अध्यक्ष ने भाजपा का मुख्य आधार पार्टी के देव तुल्य कार्यकर्ताओ को बताया। उन्होंने कार्यकताओं से आवाहन करते हुए कहा कि वे केंद्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने के लिए अपनी पूरी ऊर्जा लगा दे। ताकि हर जरूरतमंद उनका लाभ ले सके। बैठक के दौरान राजकुमार मास्टर, कमल गुर्जर, श्याम सुंदर, ब्रह्ममेश तिवारी, सचिन सैनी, सचिन जांगिड़, सीमा सैनी, मनीष चौहान, रविंद्र पवार, नितिन गुप्ता, श्रीनिवास पटवा, अवधेश, मनवीर, संदीप मिश्रा, कपिल पांचाल, नितेश कसाना व रवि एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।

# लोनी में पत्रकारिता दिवस के उपलक्ष्य में हुआ सम्मान समारोह का आयोजन















प्रात : किरण संवाददाता

लोनी। देश भर में हिंदी पत्रकारिता दिवस के उपलक्ष में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कड़ी में अंकुर विहार स्थित गोल्ड क्राउन मैरिज होम में ह्वकलम के सजग प्रहरीह्व द्वारा भी भव्य पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पत्रकारिता जगत से जुडी महान हस्तियो, सामाजिक एवं राजनीतिक प्रतिनिधियों ने भी बढचढ़कर अपनी हिस्सेदारी निभाई। कार्यक्रम के दौरान वर्तमान समय में पत्रकारिता के सामने खड़ी विभिन्न चुनौतियों पर गंभीरता के साथ मनन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने विशेष रूप से विज्ञापन की बढ़ती प्रतिस्पर्धा, मीडिया संस्थानों पर बढ़ते आर्थिक दबाव तथा अखबारों और मीडिया से जुड़े लोगों के राजनीति में बढ़ते दखल को पत्रकारिता की निष्पक्षता के लिए गंभीर चुनौती बताया। साथ ही क्षेत्रीय समस्याओं और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता से उठाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष ज्योत प्रज्वलित करते हुए प्रारंभ हुए कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रमोद शर्मा, संपादक एवं टीवी विश्लेषक, ने अपने संबोधन में कहा कि आज पत्रकारिता कई प्रकार के दबावों के बीच कार्य कर रही है। विज्ञापन आधारित व्यवस्था ने छोटे और क्षेत्रीय समाचार पत्रों के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को जनहित और सच्चाई से समझौता किए बिना अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने कहा हिंदी पत्रकारिता आज भी केवल अखबारों का माध्यम नहीं रह गई है बल्कि यह करोड़ों देशवासियों की आवाज, जनमत के निर्माण और सामाजिक जागरूकता का सबसे बड़ा साधन है। अखबार जगत में अपनी एक विशेष पहचान बनाने वाले वरिष्ठ संपादक सलामत मियां ने कहा कि पत्रकारिता केवल खबर प्रकाशित करने का माध्यम नहीं बल्कि समाज को दिशा देने का दायित्व भी है। उन्होंने कहा सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म के इस दौर में विश्वनीयता सबसे बड़ा सवाल बनकर उभरी है। ऐसे में, यह हम सभी का नैतिक दायित्व है कि हम सत्य, निष्पक्षता और जनहित के सिद्धांतों को सर्वोपरि रखें।हमारी लेखनी और हमारा स्वर समाज को सही दिशा देने वाला हो ना कि भरम या अफवाह फैलाने वाला। उन्होंने किसी के व्यक्तिगत जीवन पर कोई टिप्पणी करने की बजाय क्षेत्रीय समस्याओं को प्रमुखता से उठाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। सुखपाल सिंह, संपादक नेशनल प्रेस टाइम्स, ने कहा कि वर्तमान दौर में पत्रकारों को निष्पक्षता बनाए रखने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। राजनीतिक हस्तक्षेप और व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा के बावजूद पत्रकारों को समाज की आवाज बनकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता समाज का प्रतिबिंब है।

## संभव दिवस में जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण

### जाममुक्त और हरित अमरोहा के लिए बनेगी नई कार्ययोजना : ईओ

प्रात : किरण संवाददाता



अमरोहा। नगर पालिका परिषद अमरोहा के अधिशासी अधिकारी (ईओ) दिनेश कुमार ने संभव दिवस के अवसर पर आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण कराया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने शहर को स्वच्छ, सुंदर, जाममुक्त और हरित बनाने के लिए पालिका प्रशासन की आगामी योजनाओं की जानकारी भी दी। ईओ दिनेश कुमार ने बताया कि अमरोहा को स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल नगर बनाने के उद्देश्य से शहर की प्रमुख सड़कों के किनारे व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि भीषण गर्मी के इस मौसम में अपने घरों की छतों एवं आसपास के स्थानों पर पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था अवश्य करें। साथ ही राहगीरों को राहत पहुंचाने के लिए नगर के प्रमुख स्थानों पर पेयजल हेतु प्याऊ की व्यवस्था भी की गई है। शहर में ई-रिक्शा के कारण उत्पन्न होने वाली जाम की समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए जल्द ही जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के सहयोग से एक प्रभावी रूट प्लान तैयार किया जाएगा।उन्होंने स्पष्ट किया कि इस योजना को इस प्रकार लागू किया जाएगा जिससे शहर की यातायात व्यवस्था बेहतर हो सके और ई-रिक्शा चालकों की आजीविका पर भी कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। ईओ ने कहा कि नगर को आदर्श और स्वच्छ बनाने में नागरिकों की सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने शहरवासियों से स्वच्छता, यातायात और नगर विकास से जुड़े सुझाव देने की अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक सकारात्मक सुझाव का स्वागत किया जाएगा। जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए उन्होंने नगर पालिका के टोल-फ्री नंबर 18001801318 तथा अपने मोबाइल नंबर 8189078097 भी साझा किए, जिन पर नागरिक सीधे संपर्क कर अपनी समस्याएं और सुझाव दर्ज करा सकते हैं।

## सहसपुर नगर पंचायत का पर्यावरण संरक्षण अभियान

### स्वच्छता और प्लास्टिक मुक्त नगर का दिया संदेश

प्रात : किरण संवाददाता, नादिर त्यागी



स्योहारा/सहसपुर। विशेष जन-संपर्क एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को नगर पंचायत सहसपुर द्वारा पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और प्लास्टिक अपशिष्ट के निस्तारण को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत नगर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों को चिन्हित कर विशेष सफाई अभियान संचालित किया गया तथा लोगों को स्वच्छ और हरित वातावरण के प्रति जागरूक किया गया। नगर पंचायत सहसपुर में आयोजित बैठक में अधिशासी अधिकारी दीपक कुमार के निर्देशन एवं चेयरपर्सन नाहिद परवीन के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण तथा जनहित से जुड़े कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। इसके बाद नगर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया। अभियान के दौरान सभासदों और कर्मचारियों ने हाथों में पोस्टर एवं बैनर लेकर नगर भ्रमण किया और लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जागरूकता रैली में ह्वपेड़ बचाओ, जीवन बचाओह्व, ह्वप्लास्टिक का त्याग, पर्यावरण का सम्मानह्व, प्लास्टिक को छोड़ें, धरती को जोड़ें, ह्वधरती हमारी जिम्मेदारीह्व तथा ह्वस्वच्छ पर्यावरण, स्वस्थ जीवनह्व जैसे नारों के माध्यम से नागरिकों को प्रेरित किया गया। चेयरपर्सन नाहिद परवीन ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। वहीं अधिशासी अधिकारी दीपक कुमार ने लोगों से प्लास्टिक का उपयोग कम करने तथा नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में सहयोग की अपील की। इस अवसर पर चेयरपर्सन पति एवं वरिष्ठ समाजसेवी अमजद अली, वरिष्ठ लिपिक सलमान अली, लिपिक मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद शाहबाज, जमशेद अली सहित नगर पंचायत के सभासदगण एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा: डीएम-एसपी ने किया केंद्रों का निरीक्षण, पहले दिन दोनों पालियों की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

प्रात : किरण संवाददाता



अमरोहा। उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा को शुचितापूर्ण, पारदर्शी एवं नकलरहित ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़ एवं पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव ने सोमवार को जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने भगवत सरन इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, आईएम इंटर कॉलेज, जेएसएच इंटर कॉलेज, जेएस हिंदू पीजी कॉलेज (ब्लॉक-ए एवं ब्लॉक-बी), कुंदन मॉडल इंटर कॉलेज तथा सिख इंटर कॉलेज सहित प्रमुख परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षा संचालन एवं अन्य व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़ ने सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर वहां तैनात कर्मचारियों को आयोग के निदेशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनाए रखने में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में 8, 9 एवं 10 जून 2026 को 10 परीक्षा केन्द्रों पर प्रतिदिन दो पालियों में परीक्षा आयोजित की जा रही है। प्रत्येक केन्द्र पर मजिस्ट्रेट तैनात हैं तथा सभी परीक्षा केन्द्र सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में हैं। इसके अलावा पर्याप्त पुलिस बल, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है।उन्होंने बताया कि परीक्षा के प्रथम दिवस की दोनों पालियों की परीक्षा सकुशल, शांतिपूर्ण एवं नकलरहित वातावरण में सम्पन्न हुई। निरीक्षण के दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक एवं कक्ष निरीक्षक भी उपस्थित रहे।

## लोनी में ऑपरेशन क्लीन के तहत 2707 अपराधियों का हुआ भौतिक सत्यापन

### 655 ने ली अपराध से दूर रहने की शपथ



लोनी। क्षेत्र में जारी ऑपरेशन क्लीन के अंतर्गत पुलिस सहायक उपयुक्त सिद्धार्थ गौतम के नेतृत्व में पुलिस अभी तक कुल 2707 अपराधियों का भौतिक सत्यापन कर चुकी है। एसीपी ने बताया कि उपरोक्त के अलावा 655 और अपराधियों की जवाब देही करते हुए उन्हें अपराध से दूर रहने की शपथ दिलाई गई है। यही नहीं इसके साथ ही उनके द्वारा हाल में की गई गतिविधियों की जांच-पड़ताल करते हुए उन्हें इस बात का एहसास भी कराया गया है कि पुलिस उनकी तमाम हरकत पर अपनी पैनी नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा इस दिशा में लगातार काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह संख्या अभी और बढ़ने की प्रबल संभावना है।

# ईद पर उत्कृष्ट सफाई व जलापूर्ति के लिए चेयरपर्सन शशि जैन सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा। चेयरपर्सन शशि जैन को ईद-उल-अजहा के अवसर पर शहर में बेहतर सफाई व्यवस्था और निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित कराने के लिए सम्मानित किया गया। सोमवार को एप्पल क्लब फाउंडेशन द्वारा उनके आवास पर आयोजित सम्मान समारोह में उन्हें प्रतीक चिन्ह एवं बुके भेंट कर उत्कृष्ट सेवाओं के लिए अवॉर्ड प्रदान किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए एप्पल क्लब फाउंडेशन के सदर कमर नकवी ने कहा कि ईद-उल-अजहा के दौरान नगर पालिका द्वारा की गई सफाई व्यवस्था और जनसुविधाओं का संचालन सराहनीय रहा। उन्होंने कहा कि अमरोहा नगर पालिका परिषद हर वर्ष अपनी व्यवस्थाओं में सुधार कर रही है, जिसका लाभ शहरवासियों को मिल रहा है। सम्मान प्राप्त करने के बाद चेयरपर्सन शशि जैन ने एप्पल क्लब फाउंडेशन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अमरोहा की जनता से मिले प्रेम, सहयोग और सम्मान के लिए वह सदैव ऋणी रहेंगी। उन्होंने कहा कि शहर का विकास और नागरिकों की सेवा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय नगर पालिका के सभासदों और कर्मचारियों को देते हुए कहा कि सभी के सामूहिक प्रयासों से ही बेहतर कार्य संभव हो पाते हैं। इस अवसर पर सैयद अशरफ, छोटे घोसी, शहजाद खान, वसीम हसन, नूर फैजी, राजा खान, कासिम खान, फरहाल उज्जमा, नौशाद उर्फ चुन्ना, अफजल खान, आबाद अहमद, फजले चौधरी, अब्दुल वारिस, मोजजीज उर्फ मुन्ना भाई, सभासद फहीम शाहनवाज, गुफरान खान, शाहनवाज जैदी, पिंटू खान, नदीम राईनी, मोहम्मद वारिस सहित एप्पल क्लब फाउंडेशन के पदाधिकारी एवं शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस परिवार के सात मेधावी बच्चे सम्मानित

ग्रेटर नोएडा। सूरजपुर पुलिस लाइन में सोमवार को 10-12वीं की परीक्षा में 90 प्रतिशत हासिल करने वाले मेधावी छात्रों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम वामा सारथी पुलिस वेलफेयर एसोसिएशन के सहयोग से किया गया। एसीपी लाइन्स शकील मौहम्मद ने पुलिस कर्मचारियों के सात मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

### घर से मोबाइल और कीमती सामान चोरी

नोएडा। चौड़ा गांव में चोर एक युवक के घर से मोबाइल फोन, नकदी और कीमती सामान चोरी कर ले गए। पीड़ित अलफैज सिद्दीकी ने पुलिस को बताया कि वह माता-पिता और भाई के साथ गांव में किराए के घर में रहते हैं। 23 मई की रात घर में फोन चार्जिंग पर लगाकर सो गए थे। सुबह पिता और भाई काम पर चले गए। अगले दिन सुबह करीब नौ बजे वह सोकर उठा तो मोबाइल फोन, 2400 रुपये और कीमती सामान चोरी हो गया।

### युवक के अपहरण का मुकदमा दर्ज

नोएडा। सेक्टर-16 स्थित जेजे कॉलोनी से डेढ़ माह पूर्व लापता हुए युवक के मामले में नया मोड़ आ गया है। युवक की मां ने रिश्ते के नाती पर अपहरण का संदेह जताते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। शिकायतकर्ता बासमती ने पुलिस को बताया कि 27 अप्रैल को उनका 35 वर्षीय पुत्र जुगेश संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। उन्हें जानकारी मिली है कि रिश्ते का नाती सूरज उनके पुत्र जुगेश से रंजिश रखता है। उसने कई बार धमकी भी दी थी। उन्हें संदेह है कि आरोपी सूरज ने ही उनके पुत्र का अपहरण किया है और वह उसके साथ कोई अनहोनी घटना घटित कर सकता है।

### लापता युवक का शव मिला

मोदीनगर। मोदीनगर निवाड़ी मार्ग पर शराब के ठेके पीछे एक युवक का शव पड़ा मिला। परिजनों ने दोस्तों पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की बात कह रही है। मोदीनगर निवाड़ी मार्ग पर मुन्नी वाटिका फार्म हाउस के सामने शराब के ठेके के पीछे रविवार रात को एक युवक का शव पड़ा हुआ था। युवक की शिनाख्त गांव भोजपुर निवासी मोमिन के 21 वर्षीय पुत्र अनस के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि अनस को उसका दोस्त रविवार सुबह अपने साथ ले गया था। उन्होने दोस्त पर ही हत्या करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। बताया गया कि अनस फेरी लगाकर बर्तन बेचने का काम करता था। एसीपी मोदीनगर का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।

### पद्म पुरस्कार के लिए 15 जून तक आवेदन करें

गाजियाबाद। देश के प्रतिष्ठित नागरिक सम्मान पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री पुरस्कार-2027 के लिए पात्र व्यक्तियों से आवेदन किए जा रहे हैं। इसके लिए 15 जून तक आवेदन किए जा सकते हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी संदीप चौधरी ने बताया कि भारत सरकार आगामी गणतंत्र दिवस 26 जनवरी-2027 के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित करेगी। इसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि 15 जून है। अधिकारी ने बताया कि समाज सेवा, शिक्षा, चिकित्सा, साहित्य, कला, विज्ञान, खेल समेत विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल करने वाले इच्छुक नागरिक पद्म पुरस्कारों के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र विकास भवन स्थित जिला समाज कल्याण विभाग ने प्राप्त कर सकते हैं।

### स्कूल के पास घायल मिले चालक ने दम तोड़ा

नोएडा। सेक्टर-39 क्षेत्र स्थित चैतन्य स्कूल के पास घायल अवस्था में मिले चालक की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक की पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बरौला निवासी रेनू ने पुलिस को बताया कि उनके पति सुनील कुमार सेक्टर-41 स्थित चैतन्य स्कूल में ड्राइवर थे। छह जून को वह घर से ड्यूटी के लिए निकले। देर रात 11 बजे उनके भाई साकेश कुमार को स्कूल के एक अन्य चालक सुधीर यादव ने सूचना दी कि उनके जीजा चैतन्य स्कूल के पास घायल अवस्था में पड़े हैं। परिजन मौके पर पहुंचे और उसे जिला अस्पताल ले गए। सुनील कुमार के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान थे और उनके सिर में गहरी चोट लगी थी। प्राथमिक जांच में आशंका जताई गई कि किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान सात जून की तड़के साढ़े तीन बजे सुनील कुमार ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी और अन्य परिजनों को छोड़ गए हैं। पुलिस ने पत्नी की तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मौसम की सटीक और समय से जानकारी मिलने से जन व धन हानि बचाना हुआ संभव: मुख्यमंत्री योगी

- मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने लखनऊ में क्षेत्रीय मौसम केंद्र का किया शुभारंभ

प्रात: किरण संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मौसम को सटीक व विश्वसनीय जानकारी मिलने से न केवल जन धन हानि को बचाया जा सकता है बल्कि कृषि उत्पादन भी बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में मौसम विभाग सटीक और विश्वसनीय जानकारी दे रहा है और इससे आम लोगों को लाभ भी हो रहा है। उप्र सरकार इसे सेटेलाइन के माध्यम और बेहतर बनाने के लिए हरसंभव मदद करने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को राजधानी लखनऊ के इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान के सभागार में मौसम विज्ञान के लखनऊ केन्द्र को क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र में परिवर्तित करने के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने रिमोट से शुभारंभ किया। इस मौके केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पृथ्वी विज्ञान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ जितेंद्र सिंह व मौसम विभाग के महानिदेशक समेत कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री योगी ने प्राचीन काल में मौसम और जलवायु की गणना और अनुमान का जिक्र करते हुए कहा कि भारतीय ऋषि और मनीषी पंचाग से सही गणना करते थे। कई लोक कहावतों और परंपराओं से भी मौसम के बारे में सही सही जानकारी मिलती थी लेकिन अब तकनीकी युग में हमें और बेहतर जानकारियों की जरूरत होती है और पिछले 12 सालों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने हर क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। अगर आजादी के बाद से ही यह काम हुआ होता तो आज किसानों को खेती में अच्छी पैदावार मिलती और प्राकृतिक आपदों में जन धन की हानि भी कम होती। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने जिले से लेकर ब्लाक स्तर तक वर्षा का आकलन करने के लिए उपकरण लगाए हैं ताकि फसलों को होने वाले नुकसान का आकलन किसानों की मदद की जा सके। उन्होंने कहा कि प्रशंसा करते हुए कहा कि इस समय मौसम विभाग बहुत तेजी से सटीक और विश्वसनीय आंकडे दे रहा है। उन्होंने हाल ही में शाकुंभरी देवी मंदिर परिसर में आयी बाढ़ का जिक्र करते हुए कहा कि घटना से पहले मौसम विभाग का अलर्ट आने पर सभी को सुरक्षित बचा लिया गया जबकि दो महिलाएं मना करने के बावजूद जल की ओर गयीं और उनकी मौत हो गयी। उन्होंने कहा कि पहले प्रदेश में सोनभ्रद, मीरजापुर जैसे इलाकों में आकाशीय बिजली गिरने से 100 से लेकर 150 लोगों की मौतें होती थी लेकिन अब यह संख्या दर्जनभर से कम हो गयी है और यह घटनाएं भी स्थानीय स्तर पर इसलिए होती हैं कि कई बार जानकारी होने के बावजूद व्यक्ति सावधानी नहीं बरतता है। मना करने के बावजूद खुले में रहना और जानवरों की व्यवस्था करने निकल जाने से यह नुकसान होता हे। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और मौसम विभाग के संयुक्त रूप से विचार विमर्श करके काम कर रही है। अगर ऐसी सेटेलाइट की व्यवस्था हो जो सिर्फ उत्तर प्रदेश के मौसम की बिल्कुल सटीक जानकारी दे तो नुकसान को और कम किया जा सकता है और इसके लिए प्रदेश सरकार मौसम विभाग के साथ हर प्रकार से सहयोग करने के लिए तैयार है।

# खाद-बीज और डीजल की मार से किसान बेहाल आय दोगुनी नहीं आधी रह गई : अखिलेश यादव

प्रात: किरण संवाददाता



लखनऊ। मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के बीच समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने किसानों की स्थिति को लेकर केंद्र और प्रदेश सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि खेती की लागत लगातार बढ़ती जा रही है, जबकि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। डीजल, खाद और बीज की बढ़ती कीमतों ने खेती को संकट में डाल दिया है और किसान आर्थिक दबाव झेलने को मजबूर हैं। अखिलेश यादव ने सोमवार को कहा कि सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था, लेकिन 12 वर्षों के शासन के बाद किसानों की आय बढ़ने के बजाय और कमजोर हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि महंगाई की मार ने किसानों और आम जनता दोनों का जीवन कठिन बना दिया है। सपा प्रमुख ने कहा कि डीजल की कीमतों में लगातार वृद्धि के बाद अब उर्वरकों के दाम बढ़ने से किसानों की परेशानियां और बढ़ गई हैं। खेती के लिए आवश्यक खाद, बीज और सिंचाई पर होने वाला खर्च लगातार बढ़ रहा है, जिससे कृषि कार्य घाटे का सौदा बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसान पहले से ही बिजली, सिंचाई और उत्पादन लागत की चुनौतियों से जूझ रहे हैं, ऐसे में उर्वरकों की बढ़ी कीमतें उनके लिए नई मुसीबत लेकर आई हैं। उन्होंने कहा कि फसलों के बेहतर उत्पादन के लिए नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटाश युक्त एनपीके उर्वरकों का व्यापक उपयोग होता है। इनकी कीमतों में वृद्धि से किसानों का मौसमी बजट प्रभावित हो रहा है और खेती की लागत में और इजाफा हो रहा है। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि सरकार को किसानों और आम जनता की परेशानियों की चिंता नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार की आर्थिक नीतियों का बोझ सीधे किसानों और आम उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है, जबकि महंगाई लगातार नए रिकॉर्ड बना रही है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि कृषि क्षेत्र में बढ़ते संकट के कारण किसानों का खेती से मोहभंग हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियां ऐसी परिस्थितियां पैदा कर रही हैं, जिनसे किसान धीरे-धीरे खेती और अपनी जमीन से दूर होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि खेती की लागत को नियंत्रित करने और किसानों को राहत देने के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर इसका गंभीर असर पड़ सकता है।

# फूड वैन संचालक को चाकू मारकर घायल किया



प्रात: किरण संवाददाता

ट्रांस हिंडन। इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के वसुंधरा सेक्टर-15 में रुपये के लेनदेन को लेकर पड़ोसी दुकानदारों ने फूड वैन संचालक को चाकू मारकर घायल कर दिया। घायल के भाई की ओर से मुकदमा दर्ज करवाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।न्याय खंड-तीन में रहने वाले हर्षित गुप्ता ने पुलिस को बताया कि वह अपने भाई कृष्णा गुप्ता के साथ वसुंधरा सेक्टर-15 में फूड वैन संचालित करते हैं। सात जून की रात लगभग साढ़े नौ बजे उनके भाई कृष्णा का पास में फूड वैन लगाने वाले अंकुर और अमित से रुपये के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया। कृष्णा ने उन्हें कुछ रुपये उधार दे रखे थे, जो वह काफी समय से वापस नहीं कर रहे थे। भाई के तगादा करने पर दोनों गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि इसका विरोध करने पर दोनों ने उनके भाई के साथ मारपीट की और चाकू मारकर घायल कर दिया। भीड़ जमा होती देख दोनों उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। हर्षित के अनुसार उनके भाई का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है, जहां फिलहाल उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। सहायक पुलिस आयुक्त इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# आउटर क्षेत्र में ट्रेन के धीमे होने वाले स्थानों पर पिकेट लगाई गई

## ट्रेन की धीमी गति का फायदा उठाकर अपराधी यात्रियों को निशाना बनाते

प्रात: किरण संवाददाता



गाजियाबाद। ट्रेनों में यात्रा करने वाले यात्रियों की सुरक्षा को लेकर जीआरपी ने सख्ती बढ़ा दी है। आउटर क्षेत्र और स्टेशन के बीच स्थित उन संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी शुरू की गई है, जहां ट्रेनों की गति धीमी होने का फायदा उठाकर असामाजिक तत्व यात्रियों को निशाना बनाते हैं। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए जीआरपी ने ऐसे स्थानों पर पिकेट लगाई है। वहीं, साथ ही रात्रि गश्त भी बढ़ा दी गई है। ट्रेनों के कई बार स्टेशन पर प्रवेश करने से पहले आउटर पर रुक जाती हैं या उनकी गति काफी कम हो जाती है। ऐसे समय में आउटर क्षेत्र और अन्य संवेदनशील स्थानों पर ट्रेनों के रुके रहने के दौरान असामाजिक तत्व यात्रियों से मोबाइल फोन, पर्स, बैग और अन्य सामान छीनने की घटनाओं को अंजाम देने का प्रयास करते हैं। पूर्व में कुछ ऐसी घटनाएं हो भी चुकी है। इसके अलावा ट्रेनों पर पथराव की आशंका भी रहती है।इन घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए संवेदनशील स्थानों, पिलर की जियोटैगिंग की जा चुकी है। अब आउटर क्षेत्र में ट्रेन के धीमी होने वाले स्थानों पर जीआरपी की पिकेट लगाई गई है। जीआरपी के अधिकारी के अनुसार रेलवे लाइन के किनारे स्थित ऐसे क्षेत्रों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है, जहां पहले भी आपराधिक घटनाएं सामने आ चुकी हैं या जहां घटनाओं की संभावना अधिक रहती है। पिकेट ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मी संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखेंगे और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई करेंगे। इसके साथ ही रात के समय गश्त बढ़ाकर रेलवे ट्रैक और आसपास के क्षेत्रों में निगरानी को और मजबूत किया गया है। उनका कहना है कि सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए इन स्थानों पर नियमित पिकेट रहेंगी। ताकि कोई भी असामाजिक तत्व किसी भी तरह की घटनाओं को अंजाम नहीं दे सके।

# युवक के खिलाफ शादी का झांसा देकर दलित विधवा महिला से दुष्कर्म के आरोप में मामला दर्ज




नोएडा। नोएडा पुलिस ने एक दलित विधवा महिला से कथित तौर पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप में एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस बीच, महिला ने कथित रूप से जहरीला पदार्थ निगल लिया। पुलिस के अनुसार, सूरजपुर क्षेत्र निवासी महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि पति की मृत्यु के बाद उसकी जान-पहचान प्रियांशु नामक युवक से हुई थी। शिकायत के मुताबिक, प्रियांशु ने शादी का वादा कर उससे लंबे समय तक शारीरिक संबंध बनाए, लेकिन बाद में शादी करने से इनकार कर दिया। पुलिस उपायुक्त साद मियां खान ने बताया कि महिला की शिकायत के आधार पर प्रियांशु के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के मुताबिक, महिला रविवार को अपना बयान दर्ज कराने सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) कार्यालय पहुंची थी। इसी दौरान उसने तबीयत खराब होने की शिकायत की, जिसके बाद उसे तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि अस्पताल में महिला ने दावा किया कि उसने सल्फास की गोली खा ली है। इसके बाद उसे बेहतर उपचार के लिए सेक्टर-50 स्थित मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज किया जा रहा है। हालांकि, पुलिस उपायुक्त साद मियां खान ने कहा कि मेडिकल जांच में अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि महिला ने कोई जहरीला पदार्थ खाया है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच जारी है और आगे की कार्रवाई जांच के निष्कर्षों के आधार पर की जाएगी।

# आरटीए की बैठक में नोएडा के तीन रूटों पर चर्चा होगी

## 16 जून को मंडलायुक्त की अध्यक्षता में होगी बैठक

प्रात: किरण संवाददाता




गाजियाबाद। आरटीए की बैठक में नोएडा के तीन नए रूटों पर चर्चा होगी। इसके साथ ही गाजियाबाद संभाग के चार जिलों के लंबित परिवहन मामलों पर फैसला लिया जाएगा। मेरठ मंडल के आयुक्त की अध्यक्षता में क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण (आरटीए) गाजियाबाद की महत्वपूर्ण बैठक 16 जून 2026 को आयोजित की जाएगी। बैठक दोपहर 12 बजे मेरठ मंडलायुक्त कार्यालय के सभागार में होगी। आरटीए सचिव प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि बैठक में नोएडा और ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के तीन नए मार्गों को अधिसूचित करने के प्रस्ताव पर विचार रखे जाएंगे। प्रस्तावित मार्ग पहला मार्ग रूबुपूरा से बॉटेनिकल गार्डन वाया यमुना एक्सप्रेस-वे, सेक्टर-21, सेक्टर-20, सालारपुर अंडरपास, दनकौर गोलचक्कर, सेक्टर-17 और सेक्टर-26 होते हुए परी चौक तक प्रस्तावित है। इस रूट की लंबाई 57 किलोमीटर होगी। दूसरा मार्ग यमुना एक्सप्रेस प्राधिकरण के क्षेत्रीय कार्यालय से बॉटेनिकल गार्डन से सेक्टर-22डी, सालारपुर अंडरपास, गोलचक्कर सेक्टर-17 और सेक्टर-26 होते हुए सूरजपुर, कलेक्ट्रेट और मोंगली गांव तक प्रस्तावित किया गया है। इस मार्ग की कुल लंबाई 51 किलोमीटर निर्धारित की गई है। इसके अलावा तीसरा मार्ग हवाई अड्डा जेवर (जिला गौतमबुद्ध नगर) से परी चौक (ग्रेटर नोएडा) तक प्रस्तावित है, जिसकी लंबाई 42 किलोमीटर होगी। परिवहन संचालक की जानकारी इन मार्गों पर संचालन के लिए इच्छुक परिवहन संचालक बैठक से पूर्व या निर्धारित प्रक्रिया के तहत परमिट के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसमें गाजियाबाद मंडल के अंतर्गत आने वाले चार जिलों से जुड़े लंबित परिवहन मामलों पर विचार-विमर्श कर निर्णय लिए जाएंगे। साथ ही नए प्रस्तावित मार्गों पर परमिट जारी करने संबंधी आवेदनों पर भी चर्चा होगी।

# आजमगढ़ : अर्द्धसैनिक बल में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ स्थित थाना सराय की पुलिस ने सोमवार को कड़ी कार्रवाई करते हुए अर्द्धसैनिक बल में नौकरी दिलाने का झांसा देकर युवाओं से ठगी करने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर बेरोजगार युवाओं को सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, थाना रानी की सराय क्षेत्र के अंधौरी गांव के निवासी पंकज यादव ने 20 मई को तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई थी कि कुछ लोगों ने अर्धसैनिक बल में भर्ती कराने का झांसा देकर फर्जी दस्तावेज तैयार किए और उनसे धनराशि की ठगी की। मामले में थाना रानी की सराय में मुकदमा संख्या 123/2026 दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान इस अपराध में शामिल कई अन्य आरोपियों के नाम भी प्रकाश में आए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे इस अभियान के तहत पुलिस टीम लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी थी। इसी क्रम में मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने वांछित अभियुक्त मुन्ना शर्मा को सोमवार सुबह लगभग 8:36 बजे जनपद मऊ के मोहम्मदाबाद रेलवे स्टेशन गुमटी के पास से गिरफ्तार किया, जो पिपराकला थाना खजुरी जनपद बलिया का निवासी है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की उम्र करीब 48 वर्ष है और उसके खिलाफ पूर्व में भी फर्जी दस्तावेज तैयार करने एवं कूटरचना से जुड़े मामले दर्ज हैं। असम के कामरूप (मेट्रो) जनपद के पलटन बाजार थाना में भी उसके खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी के साथ पुलिस की ओर से मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश भी जारी है। पुलिस का कहना है कि युवाओं को नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के पूरे नेटवर्क की जांच की जा रही है।

# अवैध खनन में शामिल दो आरोपी गिरफ्तार



प्रात: किरण संवाददाता

नोएडा। सेक्टर-126 थाना पुलिस ने अवैध खनन में संलिप्त दो लोगों को गिरफ्तार किया। रेत से भरी दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को भी जब्त कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस सेक्टर-133 स्थित पारस मॉल के पास संदिग्ध वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि कुछ लोग यमुना नदी से अवैध तरीके से रेत निकालकर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के जरिये ले जा रहे हैं। पुलिस ने वहां से गुजर रही रेत से लदी दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को रोक लिया। चालकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उनकी पहचान असगरपुर गांव निवासी विनोद और सेक्टर-86 स्थित नयागांव निवासी विनोद सदा के रूप में हुई। पूछताछ में पता चला कि दोनों आरोपी काफी समय से चोरी-छिपे यमुना नदी में अवैध खनन कर रेत की सप्लाई करने का काम कर रहे थे। पुलिस ने जब्त दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि इस अवैध खनन के पीछे कोई संगठित गिरोह या अन्य लोग तो शामिल नहीं हैं। पुलिस का कहना है कि यमुना क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। पूर्व में भी स्थानीय थाने की पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार कर अवैध खनन में शामिल वाहनों को कब्जे में ले चुकी है।

# पुलिस परिवार के मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित

प्रात: किरण संवाददाता

गाजियाबाद। पुलिस परिवार से जुड़े मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए सोमवार को पुलिस लाइन स्थित परमजीत हॉल में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। वामा सारथी उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 11 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डीसीपी मुख्यालय की पत्नी दीक्षा तथा डीसीपी ग्रामीण की पत्नी दीपाली मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को सम्मानित किया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार सम्मानित किए गए सभी छात्र-छात्राएं वर्ष 2025-26 की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले पुलिस कर्मियों के बच्चे हैं। उन्हें दिए गए प्रशस्ति-पत्र पुलिस मुख्यालय से प्राप्त हुए थे। इस अवसर पर बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया गया और प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने की शपथ भी दिलाई गई। मुख्य अतिथियों ने कहा कि शिक्षा जीवन में सफलता का सबसे सशक्त माध्यम है। विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस परिवार के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर न केवल अपने माता-पिता बल्कि पूरे विभाग का गौरव बढ़ाया है। कार्यक्रम के अंत में मेधावी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई और उन्हें आगामी प्रतियोगी एवं शैक्षिक परीक्षाओं में भी श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

# रेस्तरां में चाप खाने गए तीन दोस्तों से मारपीट

- आरोपी पहले से लाठी-डंडे और सरिया लेकर मौजूद थे पीड़ित की शिकायत पर छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज

ग्रेटर नोएडा। जेवर के एक रेस्तरां में रविवार की रात चाप खाने गए तीन दोस्तों के साथ मारपीट की गई। आरोपी पहले से लाठी-डंडे और सरिया लेकर वहां मौजूद थे। एक पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।जानकारी के मुताबिक सबोता गांव के रहने वाले नितिन शर्मा ने पुलिस को बताया कि वह रविवार की शाम दोस्त दुष्यंत सैनी और नितिन अग्रवाल के साथ कस्बे के एक रेस्तरां में चाप खाने गए थे। इसी बीच वहां पहले से मौजूद प्रशांत शर्मा, डीके, पासा, कुणाल, बिट्टू और कृष्णा ने बिना वजह उनपर लाठी-डंडे और सरिया से हमला कर दिया। हमले में नितिन शर्मा को काफी चोट आई। लोगों की भीड़ जमा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस की टीम आरोपियों की तलाश में जुटी है। आरोपियों को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# मेंटेनेंस बढ़ोतरी पर सहमति, पंचशील ग्रीन वन में 35 पैसे रिफंड का फैसला

प्रात: किरण संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। पंचशील ग्रीन-1 सोसाइटी में मेंटेनेंस शुल्क 2 रुपये प्रति वर्ग फुट से बढ़ाकर 2.60 रुपये प्रति वर्ग फुट कर दिया गया है। सोसाइटी समिति का कहना है कि बढ़ी हुई दर में से 35 पैसे प्रति वर्ग फुट की राशि निवासियों को रिफंड की जाएगी। यह निर्णय बढ़ती परिचालन लागत और कर्मचारियों के वेतन में हुई वृद्धि को देखते हुए निवासियों की सहमति से लिया गया है। सोसाइटी के सचिव संदीप चौधरी ने बताया कि हाल ही में न्यूनतम वेतन बढ़ने के बाद सुरक्षाकर्मियों और सफाई कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि करनी पड़ी है। इसके अलावा डीजल और अन्य आवश्यक सेवाओं की लागत भी बढ़ी है, जिसके चलते मेंटेनेंस खर्च बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि समिति ने यह फैसला पारदर्शी तरीके से निवासियों के साथ चर्चा कर और उनकी सहमति के बाद लिया है। समिति का उद्देश्य सोसाइटी में सुरक्षा, सफाई, लिफ्ट संचालन और अन्य बुनियादी सुविधाओं की गुणवत्ता को बनाए रखना है। स्थानीय निवासी सचिन यादव ने कहा कि आसपास की सोसाइटियों की तुलना में पंचशील ग्रीन -1 में पहले से ही सबसे कम मेंटेनेंस शुल्क लिया जाता है। उन्होंने कहा कि 60 पैसे प्रति वर्ग फुट की बढ़ोतरी से निवासियों पर कोई विशेष आर्थिक बोझ नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि समिति और टीम ने सभी निवासियों से बातचीत कर उनकी राय लेने के बाद ही यह निर्णय लिया है।

# सोसाइटी के चार टावरों में पेयजल संकट से परेशानी

ग्रेटर नोएडा। सुपरटेक इको विलेज-3 सोसाइटी में पेयजल की समस्या लगातार बनी हुई है। सोमवार को भी सोसाइटी के चार टावरों में दोपहर के समय पेयजल खत्म हो गया। इसके बाद लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। लोगों का आरोप है कि शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा। सोसाइटी में रहने वाले और नवीन मृत्युंजय ने बताया कि परिसर के 11 टावरों में करीब 1800 परिवार रहते हैं, जो पिछले कई दिनों से पेयजल के कम प्रेशर की समस्या से जूझ रहे हैं। रोजाना किसी न किसी टावर में पेयजल की समस्या सामने आ जाती है। कई फ्लैटों में बीच-बीच में पेयजल आना बंद हो जाता है, जबकि जिन घरों में पेयजल पहुंच रहा है वहां भी प्रेशर इतना कम है कि एक बाल्टी भरने में काफी समय लग जाता है। सोमवार को दोपहर 12 बजे करीब चार टावरों में पेयजल आपूर्ति बंद हो गई,




## सोने के खरीदार सावधान! इतिहास का बड़ा इशारा- आने वाले दिनों में धड़ाम से गिरेंगे दाम?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने की कीमत में पिछले काफी समय उतार-चढ़ाव आ रहा है। इस साल जनवरी में यह अपनी उच्चतम शिखर पर पहुंच गया था। इसके बाद से अब तक इसमें बड़ी गिरावट आ चुकी है। आज सोमवार को भी यह लुढ़क गया। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के मुताबिक इस साल मई में सोने की कीमत में दुनिया में जहां गिरावट आई है, वहीं भारत में इसमें तेजी देखी गई



है। वहीं दूसरी ओर सोने में उतार-चढ़ाव का इतिहास बताता है कि सोने की कीमत में जब भी जबरदस्त तेजी आई है, उसके बाद इसमें बड़ी गिरावट भी देखी गई है। ऐसे में सवाल है क्या आने वाले समय में भारत में भी सोने की कीमत गिर सकती है। हालांकि इस साल अभी तक भारतीय घरेलू बाजार ने सोने ने शानदार रिटर्न दिया है। हाल में आई वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की रिपोर्ट 'गोल्ड मार्केट कमेंट्री : हाइकिंग अप अ वोल्केनो' के अनुसार मई में जहां वैश्विक स्तर पर सोने के दाम 1.4 प्रतिशत गिरे, वहीं भारत में इसकी कीमतों में 4.1 प्रतिशत की जोरदार तेजी दर्ज की गई। रिपोर्ट के मुताबिक मई के अंत में अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना 4,546 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ। बाजार में सोने ने करीब 20 प्रतिशत का शानदार रिटर्न दिया है। भारत में सोने की कीमतों में यह उछाल पश्चिम एशिया (मिडिल ईस्ट) में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और सर्राफा बाजारों में भारी उतार-चढ़ाव के बीच आया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में राष्ट्र को संबोधित करते हुए नागरिकों से अपील की थी कि वे फिलहाल सोने की खरीदारी को कुछ समय के लिए टाल दें। प्रधानमंत्री की इस अपील और ऊंची कीमतों के कारण भारत, दक्षिण कोरिया और जापान जैसे भौतिक बाजारों में सोने की मांग में कुछ नरमी और डिस्काउंट भी देखा गया है।

## 3 महीने में पैसा किया डबल, कंपनी के पास 2400 करोड़ रुपये से अधिक का काम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** डी डेवलपमेंट इंजीनियर्स के शेयरों में सोमवार को अपर सर्किट लगा है। कंपनी के शेयरों की कीमतों में 5 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेयरों में उछाल के पीछे की वजह वर्क ऑर्डर से जुड़ी जानकारी है। डी डेवलपमेंट इंजीनियर्स ने बताया है कि 631.91 करोड़ रुपये का वर्क ऑर्डर मई 2026 में मिला है। आज बीएसई में कंपनी के शेयर 670 रुपये के स्तर पर ओपन हुए थे। 5 प्रतिशत की उछाल के बाद बीएसई में यह स्टॉक 707.95 रुपये के इंट्रा-डे हाई पर पहुंच गया। डी डेवलपमेंट इंजीनियर्स का यह 52 वीक हाई है। बता दें, कंपनी के शेयरों में आज सोमवार को अपर सर्किट लगा है। कंपनी का ऑर्डर बुक 2400



करोड़ रुपये के पार डी डेवलपमेंट इंजीनियर्स का कुल ऑर्डर बुक 2433.90 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है। मई के शुरुआत में कंपनी के पास 1909.82 करोड़ रुपये का काम था। जोकि 31 मई तक 2400 करोड़ रुपये को क्रॉस कर गया। बता दें, इस कंपनी ने शेयर बाजारों को दी जानकारी में कहा है कि मई के महीने में 107.83 करोड़ रुपये का काम पूरा भी हुआ है। मई के महीने में डी डेवलपमेंट्स को पावर सेगमेंट में कुल 274.79 करोड़ रुपये का काम मिला था। जिसके बाद इस सेगमेंट में कंपनी का ऑर्डर बुक 1251.42 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है। ऑयल गैस सेगमेंट में कंपनी को 358 करोड़ रुपये का काम मिला है। मई के महीने में मिले इस नए ऑर्डर की वजह से अब कुल काम सेगमेंट में 881 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

## अचानक दुनिया की रेस में पिछड़ता दिख रहा शेयर बाजार

# भारत की इकोनामी के लिए असली चुनौती

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पिछले कुछ दिनों से भारत की अर्थव्यवस्था लगभग सभी तबकों में चर्चा और विमर्श के केंद्र में आ गई है। ईरान युद्ध और कच्चे तेल के दामों का असर आस-पास दिख ही रहा है, साथ में शेयर बाजार की भारी उठापटक भी रोज लोगों के दिल दहलाती आ रही है। आम आदमी को पेट्रोल-डीजल के दाम चुभने लगे हैं और चाहे-अनचाहे उसे महंगाई का डर भी सताने लगा है। कुछ अर्थशास्त्री भी डरावने हालात की तरफ इशारा कर रहे हैं। खासकर उन अर्थशास्त्रियों की चर्चा ज्यादा हो रही है, जो पिछले कई साल से इस सरकार के बड़े समर्थक रहे हैं, लेकिन अब किसी न किसी कारण से आर्थिक नीतियों या सरकार के फैसलों पर उंगली उठाने लगे हैं। इस बीच दो ऐसी खबरें आ गईं, जिनसे चर्चा और गर्म हो गई। पहली थी, भारत के शेयर बाजार में सारे शेयरों की कुल कीमत (मार्केट कैपिटलाइजेशन) दुनिया में पांचवें नंबर से खिसक कर पहले छठे और फिर सातवें नंबर पर पहुंच गई है और दूसरी खबर थी, एक अंतरराष्ट्रीय समाचार एजेंसी का यह दावा कि मई के अंत में भारत ने करीब 12 अरब डॉलर का सोना बेच दिया है। दोनों ही खबरें चटपट सुर्खियां बन गईं।

**भारत का शेयर बाजार अचानक दुनिया की रेस में पिछड़ता क्यों दिख रहा॥** आखिर भारत का शेयर बाजार अचानक दुनिया की रेस में पिछड़ता क्यों दिख रहा है, जबकि देश की अर्थव्यवस्था ने पूरे साल उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन किया



### एआई के पीछे भाग रहे दुनियाभर के निवेशक

एआई से सम्मोहित निवेशक अब इन कंपनियों के शेयरों में जमकर पैसा लगा रहे हैं। क्या आलम है, इसे यूं समझिए कि ताइवान के स्टॉक मार्केट इंडेक्स में करीब 42 फीसदी की हिस्सेदारी टीएसएमसी की है। इस साल इसका शेयर डेढ़ गुना हो चुका है। दुनिया भर के निवेशक तो इसके पीछे भाग ही रहे हैं, सरकार भी उनका रास्ता आसान कर रही है।

### भारत का बाजार कुछ खास नहीं गिरा

हालांकि, भारत का बाजार कुछ खास नहीं गिरा है। अब भी यह 4.8 ट्रिलियन डॉलर के करीब या दुनिया के बड़े बाजारों में से एक है, लेकिन पहले ताइवान और फिर दक्षिण कोरिया पांच ट्रिलियन डॉलर का मार्केट कैप पार करके भारत से आगे निकल गए हैं। यहां यह भी याद रखना चाहिए कि विदेशी निवेशक भारत के बाजार में लगातार बिकवाली कर रहे हैं। सिर्फ 2026 में अब तक वे भारत से करीब 26 अरब डॉलर निकाल चुके हैं। जबकि, दूसरी तरफ ताइवान और दक्षिण कोरिया के बाजार इसी दौरान तूफानी रफ्तार से बढ़ रहे हैं। उनकी बढ़ोतरी की सबसे बड़ी वजह है, कृत्रिम मेधा या एआई का धूम-धड़ाका। जिस अंदाज में एआई हमारे जीवन के हर पहलू को जकड़ता जा रहा है, उससे दुनिया भर के बड़े-छोटे निवेशक सम्मोहित हो चुके हैं। इसीलिए एआई और सेमीकंडक्टर वाली कंपनियों में पैसा लगाने की होड़ लगी है।

### भारत की असली परेशानी क्या है

भारत के लिए परेशानी की बात यह है कि यहां लिस्टेड कंपनियों में कोई भी ऐसी बड़ी कंपनी नहीं है, जो एआई या सेमीकंडक्टर कारोबार में दुनिया की दिग्गज कंपनियों के सामने खड़ी हो। तो क्या इसका मतलब है कि भारत की अर्थव्यवस्था बुरे हाल में है इसका जवाब देने से पहले दूसरी खबर का भी हिसाब लगा लेना बेहतर होगा। बहुत खस्ता आर्थिक स्थिति में भी बस एक उदाहरण है, जब भारत ने अपना सोना गिरवी रखा था।

### क्या भारत की अर्थव्यवस्था खतरे में है

फिर भी, क्या भारत की अर्थव्यवस्था खतरे में है एक बड़ा संकट तो सामने खड़ा है, जो ईरान-अमेरिका के बीच स्थायी शांति-समझौता होने तक खड़ा रहेगा। मगर भारत की घरेलू मांग, नौजवान आबादी, बुनियादी ढांचे पर खर्च, मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने की नीति और मजबूत बैंकिंग प्रणाली ऐसी चीजें हैं, जो इसकी अर्थव्यवस्था की मजबूती दिखाती हैं। शेयर बाजार में भी घरेलू संस्थानों या छोटे निवेशकों की एसआईपी से आने वाले पैसे का प्रवाह मजबूत बना हुआ है।

## प्राइवेट कंपनियां बनाएंगी परमाणु बिजली और सरकार देगी खरीदने की गारंटी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ग्रीन एनर्जी यानी स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए एक बड़ा कदम बढ़ाने की तैयारी में है। इसके तहत न्यूक्लियर एनर्जी यानी परमाणु ऊर्जा सेक्टर में प्राइवेट सेक्टर इन्वेस्टमेंट को आकर्षित करने के लिए कई उपायों पर विचार किया जा रहा है। इसमें एश्योर्ड पावर परचेज एग्रीमेंट भी शामिल है। भारत की न्यूक्लियर पावर कैपेसिटी अभी 8.78 गीगावॉट है और 2031-32 तक इसके बढ़कर 22.38 गीगावॉट तक पहुंचने का अनुमान है।

ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक नीति आयोग के सदस्य अभय करंदीकर ने कहा कि सरकार जल्द ही टेक्नोलॉजी डेवलपर्स, ऑपरेटर्स और इन्वेस्टर्स के साथ बातचीत शुरू करेगी। सरकार 'सस्टेनेबल हार्नेसिंग एंड एडवांसमेंट ऑफ न्यूक्लियर एनर्जी फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया एक्ट, 2025 के तहत नियम नोटिफाई करने की भी तैयारी कर रही है। साथ ही सरकार प्राइवेट सेक्टर की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए फाइनेंशियल सपोर्ट देने पर भी विचार कर सकती है।

1 लाख करोड़ रुपये की रिसर्च, डेवलपमेंट और इनोवेशन स्कीम के जरिए प्राइवेट सेक्टर को फाइनेंशियल सपोर्ट दिया जा सकता है। या फिर प्राइवेट सेक्टर की मदद के लिए शुरुआती दौर में एक अलग सेक्टर-स्पेसिफिक फंड बनाया जा सकता है। स्कीम के तहत प्राइवेट सेक्टर और स्टार्टअप्स को ट्रांसफोर्मेटिव टेक्नोलॉजी को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए लॉन्ग टर्म और कम



ब्याज दर पर अनसिक्योर्ड फाइनेंसिंग दी जाती है। इसमें न्यूक्लियर एनर्जी सेक्टर भी शामिल है। करंदीकर ने कहा कि इस कवायद का मकसद यह है कि सरकार देश में न्यूक्लियर क्षमता के सस्टेनेबल डेवलपमेंट के लिए रोडमैप तैयार कर रही है। उससे पहले कैपिटल फ्लो और टेक्नोलॉजी की तैयारी के बारे में स्टेकहोल्डर्स से फीडबैक लिया जा रहा है। एक्ट, 2025 के तहत प्राइवेट कंपनियां न्यूक्लियर सेक्टर में प्लांट ऑपरेशन, बिजली उत्पादन , इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग और कुछ खास गतिविधियां कर सकती हैं। इसमें न्यूक्लियर फ्यूल बनाना या अन्य तय पदार्थों का उत्पादन, इस्तेमाल, प्रोसेसिंग या डिस्पोजल शामिल है।

### क्या है इतिहास का इशारा

पिछले दो दशकों का मूल्य इतिहास बताता है कि जब भी सोने में कोई बड़ी तेजी आती है, तो उसके बाद एक बड़ी गिरावट भी देखने को मिलती है। सितंबर 2022 से शुरू हुई सोने की रिकॉर्ड तोड़ रैली इस साल 29 जनवरी को अपने ऐतिहासिक उच्चतम स्तर 5,594.82 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई थी। इस अवधि के दौरान सोने ने करीब 245 प्रतिशत का बंपर रिटर्न दिया। हालांकि, इस शिखर को छूने के बाद से कीमतों में नरमी आई है। इंटरनेशनल मार्केट में सोना करीब 22 प्रतिशत गिरकर सोमवार सुबह 4,368 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

## भारत को पछाड़ने वाले दक्षिण कोरिया की निकली हवा, शेयर बाजार में भारी गिरावट

### रोकनी पड़ी ट्रेडिंग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया के शेयर बाजार में इस साल सबसे ज्यादा तेजी आई है। हाल में वह भारत को पछाड़कर दुनिया का छठा बड़ा स्टॉक मार्केट बन गया था। लेकिन आज मामला पलट गया। निवेशकों की मुनाफावसूली के चलते दक्षिण कोरिया के बेंचमार्क इंडेक्स कोस्पी में जबरदस्त बिकवाली हुई और यह 9 प्रतिशत गिर गया। हालत यह हो गई कि 20 मिनट के लिए ट्रेडिंग रोकनी पड़ी। सबसे ज्यादा नुकसान सैमसंग को हुआ। इन्हीं शेयरों के दम पर दक्षिण कोरिया ने भारत को पछाड़ा था।



सैमसंग के शेयरों में 6 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट आई जबकि शेयर 4 प्रतिशत से ज्यादा टूट गया। इसके साथ ही सैमसंग का मार्केट कैप 1.310 ट्रिलियन डॉलर रह गया। इसी तरह बाजार वैल्यू 919.91 अरब डॉलर रह गई। हाल में एआई से जुड़े शेयरों में काफी तेजी आई थी और आशंका जताई जा रही थी कि इनका हाल भी डॉट.कॉम की तरह हो सकता है। आज की गिरावट से साउथ कोरिया का बेंचमार्क पिछले हफ्ते के रेकॉर्ड हाई से लगभग 14 प्रतिशत नीचे आ गया है।

जैसे ही निवेशकों ने मुनाफावसूली शुरू की बाजार का कंसंट्रेशन रिस्क यानी एक ही सेक्टर पर ज्यादा निर्भरता का जोखिम एक्सपोज हो गया। कोस्पी ने इस साल गजब की उड़ान भरी थी। इसमें ज्यादातर तेजी एआई से जुड़े कुछ शेयरों के प्रदर्शन पर टिकी थी। कोस्पी के वेटेज में सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स की करीब आधी हिस्सेदारी है।

इस साल कोस्पी की तेजी में इनका करीब दो-तिहाई योगदान रहा है। इन शेयरों में तेजी के दम पर इस साल में अब तक 79 प्रतिशत तेजी आई है। आज की बिकवाली के बाद भी सैमसंग में इस साल 138 प्रतिशत तेजी आई है जबकि शेयर 196 प्रतिशत चढ़ा है। पिछले एक साल में एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर की मांग में जबरदस्त उछाल आया है। इस कारण इससे जुड़े शेयरों में भी तेजी आई है।

## जो भिंडी भारत में 40 रू. किलो, अमेरिका में उसके दाम 7,250

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भिंडी भारतीयों के लिए किसी आम सब्जी जैसी ही है। लेकिन, अमेरिका में इसे इस तरह बेचा जाता है कि कीमत भारत के मुकाबले 18025 प्रतिशत तक बढ़ जाती है। यह बात तब सामने आई जब आशीष आहूजा नाम के एक भारतीय कंटेंट क्रिएटर अमेरिका के सुपरमार्केट में घूम रहे थे। तभी उन्हें स्नैक वाले सेक्शन में मसालेदार, कुरकुरी तली हुई भिंडी दिखाई दी। 85 ग्राम के छोटे से पैकेट के दाम 6.50 डॉलर यानी लगभग 600 रुपये थे। आहूजा ने हिसाब लगाया तो पता चला कि यह कीमत किलो में करीब 7,250 रुपये बैठती है। इसी भिंडी को आज के दिनों में बड़े आराम से भारतीय बाजारों में 40 रुपये किलो में खरीदा जा सकता है। भारत के आम बाजार और पश्चिमी देशों के ग्रोसरी स्टोर के शेल्फ में जमीन-आसमान का फर्क है। इंस्टाग्राम पर आहूजा ने बताया



कि कैसे घर में रोज खाई जाने वाली एक आम सब्जी को अमेरिकी ग्राहकों के लिए पूरी तरह से नए रूप में पेश किया गया है। आशीष आहूजा ने इंस्टाग्राम पर इसका वीडियो शेयर किया। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'हम भिंडी को रोज खाई जाने वाली आम सब्जी के तौर पर खाते-पीते बड़े हुए हैं। भारत में यह बस एक और सब्जी है। लेकिन, अमेरिका में वे इसे तलते हैं, छोटे पैकेट में पैक करते हैं और अचानक यह शेल्फ पर एक प्रीमियम स्नैक बन जाती है। 85 ग्राम के लिए 6.50 डॉलर।'

आहूजा ने आगे कहा, 'लेज से भी ज्यादा महंगी।' मजाक में कहा, 'यह भिंडी आपसे 'पर्सनैलिटी टैक्स' वसूल रही है। किसी ने भिंडी को नहीं बताया था कि वह ऐसा भी कर सकती है।' वीडियो में आहूजा ने पैकेजिंग और इसकी बहुत ज्यादा कीमत के बारे में बताया।

उन्होंने कहा, 'तो दोस्तों मैं आपको कुछ बहुत दिलचस्प चीज दिखाता हूं। देखिए, यह क्या है अब, भिंडी जिसका इस्तेमाल हम भारत में सब्जी बनाने के लिए करते हैं। अमेरिका में देखिए, वही चीज स्नैक के तौर पर मिल रही है। मतलब, अच्छी तरह से तली हुई। मसालों और बाकी चीजों के साथ।

### लोगों को दिखा जबरदस्त बिजनेस आइडिया

जाहिर है, सोशल मीडिया यूजर्स ने इस बात पर मजाकिया रिएक्शन दिए। एक यूजर ने मजाक में कहा, 'अमेरिका जाकर तो भिंडी का प्रमोशन ही हो गया।' एक और यूजर ने पीढ़ियों के अंतर वाली मजेदार बात कही- 'भारत में मांओं को बच्चों को यह खिलाने के लिए बहुत मशक्कत करनी पड़ती है। वहीं अमेरिका में लोग एक पैकेट के लिए 600 रुपये तक दे रहे हैं।' लोगों ने कॉर्पोरेट रीब्रांडिंग की ताकत को भी समझा। एक यूजर ने कमेंट किया, 'अच्छी पैकेजिंग और मार्केटिंग का यही कमाल है। सब्जी वही है, लेकिन लोगों की सोच बिल्कुल बदल गई है।' वहीं, एक समझदार यूजर को इसमें बिजनेस का मौका दिखा।

## फिर से उबलने लगा क्रूड तो बेंगलुरु में पेट्रोल 110 और डीजल 98 के पार, आज का भाव लीजिए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंटरनेशनल मार्केट में क्रूड ऑयल फिर से उबलने लगा है। पिछले सप्ताहांत यह सस्ता हुआ था। आज बाजार में मानक ब्रेंट क्रूड के दाम ढाई फीसदी तक चढ़े हुए दिखे। हालांकि, भारत में पेट्रोल-डीजल बेचने वाली सरकारी तेल कंपनियां ने सोमवार, 8 जून 2026 को भी दाम में कोई बदलाव नहीं किया। पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव बीतने के बाद ही पेट्रोलियम कंपनियां 11 दिनों में चार बार दाम बढ़ा चुकी हैं। सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों ने सबसे पहले 15 मई 2026 को पेट्रोल 3 रुपये और डीजल 3.29 पैसे महंगा किया था। इसके बाद 19 मई को पेट्रोल 87 पैसे तो डीजल 91 पैसे, 23 मई 2026 को पेट्रोल 87 पैसे तो डीजल 91 पैसे और 25 मई 2026 को पेट्रोल 2.61 रुपये और डीजल 2.71 रुपये महंगा किया था। उसके बाद दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। तेल कंपनियों की तरफ से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली में आज पेट्रोल 102.12 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। कोलकाता में इसकी कीमत 113.51 रुपये, मुंबई में 111.21 रुपये और चेन्नई में 107.77 रुपये है। एक अनुमान के मुताबिक क्रूड ऑयल महंगा होने से सरकारी तेल कंपनियों को रोजाना पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और जेट फ्यूल पर करीब 750 करोड़ रुपये का घाटा हो रहा है। दिल्ली में डीजल का प्रति लीटर दाम 95.20 रुपये है। कोलकाता में यह 99.02 रुपये, मुंबई में 97.83 रुपये और चेन्नई में 99.55 रुपये प्रति लीटर है। कच्चे तेल की कीमत में हाल में काफी बढ़ोतरी हुई है। ईरान युद्ध शुरू होने के बाद यह करीब 50 फीसदी महंगा हो गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस सप्ताह बदला हुआ है रूख है। सोमवार को शुरुआती कारोबार के दौरान मानक माने जाने वाले ब्रेंट क्रूड के दाम बढ़े हुए दिख रहे हैं।

## केंद्रीय कर्मचारियों को 14 लाख रुपये का एरियर 8वें वित्त आयोग पर बड़ा अपडेट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** 8वें पे कमीशन ने एक बार फिर से लोगों को सुझाव देने की डेडलाइन को आगे बढ़ा दिया है। अब 15 जून तक सभी स्टेकहोल्डर्स अपना सुझाव 8वें वित्त आयोग को दे सकते है। पहले यह डेडलाइन 5 मार्च 2026 थी। उसके बाद डेडलाइन को बढ़ाकर 30 अप्रैल किया गया। फिर इसे आगे बढ़ाते हुए 31 मई कर दिया गया था। इस प्रक्रिया में लगातार आगे बढ़ा जा रहे डेडलाइन की वजह से लग रहा है कि पे कमीशन अपनी रिपोर्ट जमा करने में अभी समय लेगा। ऐसे में कर्मचारियों के बीच देरी वजह से एरियर को लेकर भी खूब चर्चाएं हो रही हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार केंद्रीय कर्मचारियों को 5 लाख रुपये से 14 लाख रुपये तक एरियर मिल सकता है। बता दें, पे कमीशन का गठन हर 10 साल पर होता है। 7वां वित्त आयोग 31 दिसंबर 2025 को समाप्त हो गया था। ऐसे में 8वां वित्त आयोग 1 जनवरी 2026 से लागू हो चुका है। लेकिन पे कमीशन की रिपोर्ट तैयार ना होने की वजह से अभी भी कर्मचारियों को 7वें पे कमीशन के हिसाब से ही सैलरी मिल रही है। एक बार आयोग की रिपोर्ट लागू हो जाए उसके बाद कर्मचारियों को 8वें पे कमीशन के हिसाब से सैलरी मिलेगी। क्योंकि पे कमीशन 1 जनवरी से प्रभावी है। इसलिए एक बड़ा अमाउंट एरियर के तौर पर कर्मचारियों को मिलेगा। अगर यह फिटमेंट फैक्टर लागू होता है तो बेसिक पे 18000 रुपये से बढ़कर 66240 रुपये के स्तर पर पहुंच जाएगा। मंथली सैलरी में सरकारी कर्मचारियों के 48240 रुपये की बढ़ोतरी होगी। अगर 10 महीने का एरियर देखें तो यह 482400 रुपये के स्तर पर पहुंचता है। सबकुछ फिटमेंट फैक्टर पर निर्भर करेगा। 8वां वेतन आयोग कितना फिटमेंट फैक्टर रखता है उसी के आधार पर आगे का फैसला होगा। 7वें वित्त आयोग के दौरान 2.57 फिटमेंट फैक्टर रखा गया था। कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार 8वें पे कमीशन के दौरान 3.68 फिटमेंट फैक्टर रह सकता है।

# टेस्ट क्रिकेट में भारत की सबसे बड़ी जीत

## अफगानिस्तान को पारी और 300 रन से हराया, मानव सुथार को 7 विकेट

**न्यू चंडीगढ़ (एजेंसी)।** भारत ने न्यू चंडीगढ़ में खेले गए टेस्ट मैच में अफगानिस्तान को पारी और 300 रन से हरा दिया। यह टेस्ट क्रिकेट में भारतीय टीम की अब तक की सबसे बड़ी जीत है। भारत की पिछली सबसे बड़ी जीत पारी और 272 रन के अंतर से थी। जो 2018 में वेस्टइंडीज के खिलाफ राजकोट में मिली थी। मैच के तीसरे दिन अफगानिस्तान की टीम दूसरी पारी में 112 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। इससे पहले भारत ने अपनी पहली पारी 564/8 के स्कोर पर घोषित कर दी थी। इसके जवाब में अफगानिस्तान की पहली पारी 152 रन पर सिमट गई थी और उसे फॉलोऑन खेलना पड़ा। अफगानिस्तान की दूसरी पारी में वॉशिंगटन सुंदर ने 4 और कुलदीप यादव ने 3 विकेट लिए। डेब्यू मैच खेल रहे मानव सुथार और मोहम्मद सिराज ने 1-1 विकेट लिया। सुथार ने अफगानिस्तान की पहली पारी में 6 विकेट लिए थे। इस तरह उन्होंने मैच में 7 विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। मैच का स्कोरबोर्ड



**भारत की 186वीं टेस्ट जीत, वेस्टइंडीज को पीछे छोड़ा –** भारतीय टीम ने टेस्ट क्रिकेट में 599 मैचों में 186वीं जीत हासिल की है। भारत ने सबसे ज्यादा टेस्ट मैच जीतने के मामले में वेस्टइंडीज को पीछे छोड़ दिया है। वेस्टइंडीज के नाम 592 मैचों में 185 जीत है। ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका भारत से आगे हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 882 मैचों में 426 मैच जीते हैं। इंग्लैंड ने 1095 मैचों में 405 में जीत हासिल की है। वहीं, साउथ अफ्रीका ने 479 टेस्ट में 191 जीते हैं।




### प्रसिद्ध बोले- सही लेंथ पर फोकस कर रहा था

प्रसिद्ध कृष्णा ने कहा, 'लंबे समय बाद टेस्ट क्रिकेट खेलकर अच्छा लगा। पहली गेंद से ही मेरी लय अच्छी थी। मैं सही लाइन-लेंथ पर गेंदबाजी करना चाहता था। विकेट से मदद भी मिली। स्टंप्स के करीब गेंदबाजी करने पर ध्यान दिया।'प्रसिद्ध ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में अपने प्रदर्शन पर संतोष जताया।

## नॉर्वे चेस चैंपियन प्रज्ञानानंदा को तमिलनाडु के सीएम विजय ने दिया 50 लाख का इनाम




**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने सोमवार को भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंदा को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने नॉर्वे चेस 2026 टूर्नामेंट में जीत दर्ज करने वाले प्रज्ञानानंदा को स्पोर्ट्स डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ तमिलनाडु की तरफ से 50 लाख का कैश अवॉर्ड दिया। चेन्नई स्थित मुख्य सचिवालय में आयोजित इस सम्मान समारोह के दौरान एक दिलचस्प नजारा भी देखने को मिला। मुख्यमंत्री विजय ने सम्मान देने के साथ ही साल के ग्रैंडमास्ट प्रज्ञानानंदा के साथ चेस बोर्ड पर बाजी भी आजमाई। प्रज्ञानानंदा नॉर्वे चेस खिताब जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने हैं।

## इंग्लैंड टीम के बेस कैंप के पास गोलीबारी

**लंदन (एजेंसी)।** फुटबॉल वर्ल्ड कप 2026 से कुछ दिन पहले अमेरिका के कैनसस सिटी में इंग्लैंड टीम के बेस कैंप के पास गोलीबारी हुई। इसमें 9 लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार तीन लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभी तक किसी संदिग्ध को हिरासत में नहीं लिया गया और मामले की जांच जारी है। इंग्लैंड की नेशनल टीम अभी कैनसस सिटी नहीं पहुंची है। टीम बुधवार को ऑरलैंडो में कोस्टारिका के खिलाफ अभ्यास मैच खेलेगी। फिर अपने बेस कैंप पहुंचेगी। इंग्लैंड फुटबॉल एसोसिएशन ने घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है। इंग्लैंड 17 जून से अपने वर्ल्ड कप अभियान की शुरुआत करेगा। टीम ग्रुप रु में क्रोएशिया, घाना और पनामा के साथ है। कप्तान हैरी केन की अगुआई वाली टीम 1966 के बाद दूसरा वर्ल्ड कप खिताब जीतने की कोशिश करेगी।

## ऐसा लग रहा है जैसे मैं दुनिया के शिखर पर हूं: मानव सुथार



**न्यू चंडीगढ़ (एजेंसी)।** मानव सुथार ने अफगानिस्तान के खिलाफ डेब्यू टेस्ट में शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 विकेट अपने नाम किए जिसमें पहली पारी में 33 रन देकर 6 विकेट भी शामिल हैं। उनके इसी प्रदर्शन की बदौलत भारत को अफगानिस्तान को पारी और 300 रन के बड़े अंतर से हराने में मदद मिली। इस शानदार डेब्यू के बाद सुथार को प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड भी मिला जिसके बाद उन्होंने कहा कि ऐसा लग रहा है जैसे मैं दुनिया के शिखर पर हूं। सुथार ने कहा, यह एक अद्भुत एहसास है। ऐसा लग रहा है जैसे मैं दुनिया के शिखर पर हूं। जब मैं बल्लेबाजी करने उतरा, तो कुछ गेंदें खेलने के बाद मुझे अच्छा महसूस हुआ और जब मैंने पहला ओवर डाला, तो मैं उसी लाइन और लेंथ पर गेंदबाजी करना चाहता था। मैंने अपनी मुख्य गेंदबाजी शैली (स्टॉक डिलीवरी) पर भरोसा बनाए रखने की कोशिश की, लेकिन मुझे समझ आ गया कि पिच थोड़ी धीमी है, इसलिए मुझे ज्यादा जोर लगाना पड़ा। उस पल के जोश में मुझे लगा कि यह बिल्कुल साफ आउट था (मुस्कुराते हुए)। एक ही जगह पर लगातार गेंदबाजी करना जरूरी है। टेस्ट क्रिकेट धैर्य का खेल है, इसलिए मुझे उम्मीद है कि मैं अपनी गेंदबाजी में निरंतरता बनाए रख सकूंगा।

# वैभव सूर्यवंशी पर फिदा कंगना

## बोलीं- 'वर्ल्ड कप लेकर आओ यार'

**पटना (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी को भारतीय क्रिकेट टीम में चयन के बाद दुनिया भर से तारीफ मिल रही है। अब बॉलीवुड अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत ने भी वैभव की जमकर तारीफ की। उन्होंने वैभव से वर्ल्ड कप की डिमांड कर दी है। कंगना ने कहा कि, 'हमारे पास क्रिकेट देखने का टाइम नहीं होता है, लेकिन मैं क्रिकेट में इस यंग मैन को बेस्ट विशेज देती हूं। वह भी सचिन और विराट की तरह अच्छा करें। उस पर प्रेशर नहीं है, मगर वर्ल्ड कप लेकर आओ यार।'बॉलीवुड अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत ने भी वैभव की जमकर तारीफ की।

**वैभव सूर्यवंशी को उसके हाल पर छोड़ देना चाहिए: गांगुली –** दूसरी ओर पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने भारत के लिए डेब्यू की दहलीज पर खड़े स्टार युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को लेकर कहा कि, 'मेरा मानना है कि हमें उसे उसके हाल पर छोड़ देना चाहिए। वह अभी महज 15 साल का है और मुझे नहीं लगता कि वह दबाव की ज्यादा परवाह करेगा। आईपीएल में भी हमने यही देखा है।'

**वैभव को संभलकर खेलना होगा –** गांगुली आगे कहा कि, 'निश्चित रूप से भारत के लिए खेलना अलग बात है। वह ऐसे दौरे पर जाएगा, जहां विकेट थोड़े अलग होंगे। वहां गेंद अधिक सीम करेगी, उछाल ज्यादा होगा और नई गेंद से अधिक मूवमेंट मिलेगा। इसलिए खेल थोड़ा अलग होगा, लेकिन मुझे लगता है कि उसमें अपार प्रतिभा है। इसलिए उसे समय दीजिए।

**वैभव सूर्यवंशी का सिलेक्शन इंडियन टीम में हुआ –** बिहार के वैभव सूर्यवंशी का सिलेक्शन इंडियन टीम में हो गया है। वह इंडियन क्रिकेट टीम में चुने गए अब तक के सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने सचिन तेंदुलकर का भी रिकॉर्ड तोड़ दिया है। वैभव ने सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। पुरुष क्रिकेटर्स में सचिन तेंदुलकर 16 साल, 194 दिन की उम्र में भारतीय टीम में चुने गए थे। वहीं, वैभव 15 साल 71 दिन में चुने गए हैं।




### आईपीएल फाइनल में 15 साल के वैभव ने जीते थे 5 अवार्ड

आईपीएल फाइनल में 15 साल के वैभव ने 5 अवार्ड अपने नाम किए हैं। वैभव को सबसे ज्यादा रन बनाने के लिए ऑरेंज कैप के साथ इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द सीजन, मोस्ट वैलुएबल प्लेयर, सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन और मोस्ट सिक्सेज का भी खिताब मिला है। इन पुरस्कारों के जरिए उन्होंने कुल 45 लाख रुपये की इनामी राशि हासिल की, जबकि सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन बनने पर उन्हें टाटा सियेरा कार भी पुरस्कार में मिली।

**ऑरेंज कैप जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने वैभव –** वैभव को ऑरेंज कैप मिला है। वह ऑरेंज कैप जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने महज 15 साल और 65 दिन की उम्र में यह उपलब्धि अपने नाम की है। 16 मैचों में उन्होंने 776 रन बनाए हैं, जो इस सीजन किसी भी बल्लेबाज के सबसे ज्यादा रन हैं। इस बीच उन्होंने एक शतक और 5 अर्धशतक भी अपने नाम किए हैं। वैभव ने साई सुदर्शन का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। साई सुदर्शन आईपीएल 2025 में ऑरेंज कैप जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने थे। उन्होंने ये उपलब्धि 23 साल 237 दिन की उम्र में हासिल की थी।

# 29 साल के ज्वेरेव ने पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता

## फ्रेंच ओपन के फाइनल में कोबोली को हराया, पांच सेट तक चला मुकाबला

**पेरिस (एजेंसी)।** जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने अपने करियर का पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीत लिया है। उन्होंने फ्रेंच ओपन 2026 के फाइनल में इटली के फ्लेवियो कोबोली को हराया। पेरिस में रविवार को खेले गए मेंस सिंगल्स फाइनल में दूसरी सीड ज्वेरेव ने दसवीं वरीयता प्राप्त फ्लेवियो को पांच सेटों में 6-1, 4-6, 6-4, 6-7, 6-1 से हराया। 29 साल के ज्वेरेव 11 साल से ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंटों में खेल रहे हैं। इससे पहले वे ग्रैंड स्लैम में तीन बार फाइनल में और सात बार सेमीफाइनल में हार चुके थे। फ्रेंच ओपन के अलावा, ऑस्ट्रेलियन ओपन, विम्बलडन और यूएस ओपन को ग्रैंड स्लैम टेनिस टूर्नामेंट कहा जाता है।

**पांच सेट तक चला फाइनल मुकाबला –** ज्वेरेव ने मैच की शुरुआत धमाकेदार अंदाज में करते हुए पहला सेट आसानी से 6-1 से जीत लिया। इसके बाद कोबोली ने वापसी की और दूसरा सेट 6-4 से अपने नाम कर लिया।



### 89 साल बाद कोई जर्मन मेंस खिलाड़ी चैंपियन बना

ज्वेरेव फ्रेंच ओपन का खिताब जीतने वाले 89 साल के बाद पहले जर्मन मेंस खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले 1937 में जर्मनी के हेनर हेन्केल ने यह टूर्नामेंट जीता था। वहीं, किसी भी ग्रैंड स्लैम सिंगल्स का खिताब जीतने वाले आखिरी जर्मन मेंस खिलाड़ी बोरिस बेकर थे, जिन्होंने 1996 में ऑस्ट्रेलियन ओपन जीता था।

### टोक्यो ओलिंपिक में गोल्ड जीते थे

ज्वेरेव ने मास्टर्स 1000 इवेंट्स के साथ दो एटीपी फाइल्स भी जीते हैं। टोक्यो में ज्वेरेव ने ओलिंपिक गोल्ड भी जीता था लेकिन उनके खाते में ग्रैंड स्लैम खिताब नहीं था। इससे पहले 2020 यूएस ओपन, 2024 फ्रेंच ओपन और 2025 ऑस्ट्रेलिया ओपन का खिताबी मुकाबला वह हार चुके थे।

# ऑस्ट्रेलिया-बांग्लादेश सीरीज से ट्रैविस हेड और मिचेल मार्श बाहर

● हेड छुट्टियों पर, मार्श को टखने की चोट; ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी इंग्लिस करेंगे

**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश के खिलाफ वनडे और टी-20 सीरीज के लिए टीम की घोषणा कर दी है। स्टार ओपनर ट्रैविस हेड को आईपीएल के लंबे सीजन के बाद पर्सनल लीव दी गई है, जबकि कप्तान मिचेल मार्श टखने की चोट के कारण वनडे सीरीज से बाहर रहेंगे। वह अभी तक पूरी तरह फिट नहीं हो पाए हैं, इसलिए वनडे मुकाबलों में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। मार्श की अनुपस्थिति में जोश इंग्लिस टीम की कप्तानी संभालेंगे। वह इससे पहले पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज में भी ऑस्ट्रेलियाई टीम का नेतृत्व कर चुके हैं। लेग स्पिनर तनवीर संघा हैमस्ट्रिंग चोट के कारण दौरे से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह ऑफ स्पिनर टॉड मर्फी को पहली बार ऑस्ट्रेलिया की लिमिटेड ओवर (वनडे) टीम में शामिल किया गया है।




### हेड के वर्कलोड मैनेजमेंट के लिए लिया गया फैसला

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सिलेक्टर्स ट्रैविस हेड के वर्कलोड को लेकर गंभीर हैं। हेड तीनों फॉर्मेट में ऑस्ट्रेलिया के मुख्य ओपनर हैं और अगले 12 महीनों में टीम का शेड्यूल व्यस्त है। आईपीएल 2026 में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए प्लेऑफ मैच खेलने के कारण वह पाकिस्तान दौरे का हिस्सा नहीं बन पाए थे।क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सिलेक्टर्स ट्रैविस हेड के वर्कलोड को लेकर गंभीर हैं। हेड तीनों फॉर्मेट में ऑस्ट्रेलिया के मुख्य ओपनर हैं और अगले 12 महीनों में टीम का शेड्यूल व्यस्त है। आईपीएल 2026 में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए प्लेऑफ मैच खेलने के कारण वह पाकिस्तान दौरे का हिस्सा नहीं बन पाए थे। उन्हें पहले बांग्लादेश दौरे की वनडे और टी-20 दोनों टीमों में चुना गया था, लेकिन अब आराम दिया गया है। टी-20 टीम में उनके रिप्लेसमेंट का ऐलान अभी बाकी है। नेशनल सेलेक्टर टोनी डोडेमाइड ने कहा,ट्रैविस को शुरुआत में दोनों सीरीज के लिए चुना गया था, लेकिन बाद में उन्हें पर्सनल लीव दे दी गई है। हम बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली आगामी टेस्ट सीरीज में उनकी वापसी की उम्मीद करते हैं।

### मिचेल मार्श टी-20 सीरीज से कर सकते हैं वापसी

मिचेल मार्श को आईपीएल के दौरान टखने में चोट लगी थी, जो पाकिस्तान सीरीज के दौरान फिर उभर आई थी। उम्मीद थी कि वह बांग्लादेश के खिलाफ सभी 6 मैचों (3 वनडे और 3 टी-20) में कप्तानी करेंगे, लेकिन वनडे सीरीज तक फिट नहीं हो सके। अब वह सीधे ढाका में टीम के साथ जुड़ेंगे और 17 जून से शुरू होने वाली टी-20 सीरीज की तैयारी करेंगे। अगर वह तब तक फिट नहीं हो पाते, तो जोश इंग्लिस कप्तानी करेंगे। नियमित वनडे कप्तान पैट कमिंस को पहले ही आराम दिया जा चुका है।

राष्ट्रीय चयन ट्रायल्स

# राही सरनोबत ने जीता 25 मीटर पिस्टल टी4 फाइनल, मनु भाकर दूसरे स्थान पर

**देहरादून (एजेंसी)।** देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज स्थित त्रिशूल शूटिंग रेंज में आयोजित ग्रुप-ए राइफल और पिस्टल निशानेबाजों के लिए राष्ट्रीय चयन ट्रायल-4 में पूर्व एशियाई खेल चैंपियन राही सरनोबत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टी4 फाइनल प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। राही ने पूरे मुकाबले में नियंत्रण बनाए रखा और 37 हिट्स के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया।



**मनु भाकर ने जीता रजत पदक –** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने 35 हिट्स के साथ दूसरा स्थान हासिल कर रजत पदक जीता। वहीं कर्नाटक की दिव्या टी.एस. 29 हिट्स के साथ तीसरे स्थान पर रहीं और कांस्य पदक अपने नाम किया। फाइनल में तमिलनाडु की निवेदिता वी. नायर चौथे और ओलंपियन रिदम सांगवान पांचवें स्थान पर रहीं।

**क्वालिफिकेशन में चिंकी यादव थीं सबसे आगे –** क्वालिफिकेशन राउंड में मध्य प्रदेश की चिंकी यादव ने 586-22 के स्कोर के साथ पहला स्थान हासिल किया था, लेकिन फाइनल में वह लय बरकरार नहीं रख सकीं और आठवें स्थान पर रहीं। मनु भाकर ने 584-16 के स्कोर के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि पंजाब की अर्शदीप कौर और राही सरनोबत ने क्रमशः 579-20× और 579-18× स्कोर किए।

**राष्ट्रीय रैंकिंग में ईशा सिंह बरकरार नंबर-1 –** विश्व रिकॉर्डधारी और आईएसएसएफ वर्ल्ड कप म्यूनिख 2026 की स्वर्ण पदक विजेता ईशा सिंह इस ट्रायल में हिस्सा नहीं लेने के बावजूद राष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर बनी हुई हैं। मनु भाकर दूसरे स्थान पर कायम हैं, जबकि राही सरनोबत तीसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। दिव्या टी.एस. चौथे और रिदम सांगवान पांचवें स्थान पर हैं।

# इंग्लैंड के फीफा वर्ल्ड कप बेस कैंप के पास गोलीबारी, 9 लोग घायल




**कैनसस सिटी (मिसौरी) (एजेंसी)।** इंग्लैंड के कैनसस सिटी स्थित मिसौरी में फीफा वर्ल्ड कप 2026 बेस कैंप के पास गोलीबारी में 9 लोग घायल हो गए। यह घटना नॉर्थ अमेरिका में टूर्नामेंट शुरू होने से कुछ दिन पहले हुई। 48 देशों के इस टूर्नामेंट में यूनाइटेड स्टेट्स, कनाडा और मैक्सिको में 104 मैचों में 1,248 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। कैनसस सिटी पुलिस ने पुष्टि की कि सभी 9 घायलों को ऐसी चोटें आईं जिनसे उनकी जान को कोई खतरा नहीं है। घायलों में से कम से कम तीन को इलाज के लिए स्थानीय अस्पतालों में ले जाया गया। अधिकारियों ने कहा कि जांच जारी है और अभी तक किसी संदिग्ध को हिरासत में नहीं लिया गया है। यह घटना स्वोप सॉकर विलेज से लगभग चार मील दूर हुई, जो वर्ल्ड कप के दौरान इंग्लैंड का बेस कैंप है। इंग्लैंड की टीम अभी कैनसस सिटी नहीं पहुंची है और बुधवार को ऑरलैंडो, फ्लोरिडा में टूर्नामेंट से पहले कोस्टा रिका के साथ एक फ्रेंडली मैच खेलने वाली है। रिपोर्ट के अनुसार इंग्लैंड फुटबॉल एसोसिएशन के एक प्रवक्ता ने इस घटना पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

ऑस्ट्रेलिया ओपन

# सिंधू की निगाह खिताब पर, पुरुष वर्ग में आयुष करेंगे अगुवाई

**सिडनी (एजेंसी)।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू मंगलवार से यहां शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलिया ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में लंबे समय से चले आ रहे खिताब के सूखे को खत्म करने की कोशिश करेंगी, जबकि उभरते सितारे आयुष शेट्टी पुरुष एकल में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। तीसरी वरीयता प्राप्त सिंधू 2024 में सैयद मोदी इंटरनेशनल जीतने के बाद से अपना पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब जीतने की कवायद में हैं।



पूर्व विश्व चैंपियन का इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जनवरी में मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचना रहा है। सिंधू को यहां अनुकूल ड्रॉ मिला है। इस 30 वर्षीय खिलाड़ी का पहला मैच पेरू की इनेस लूसिया कैस्टिलो से होगा। इस मैच में जीत दर्ज करने के बाद उनका सामना हमवतन इशारानी बरुआ और चीन की हान कियान शी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। सिंधू पिछले सप्ताह इंडोनेशिया ओपन में राउंड-ऑफ-16 में पहुंची थी जहां उन्हें विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आन से-यंग से हार का सामना करना पड़ा था।

अगर सिंधू सेमीफाइनल तक पहुंचती है तो वहां उनका सामना जापान की विश्व में तीसरे नंबर की खिलाड़ी अकाने यामागुची से हो सकता है। फाइनल में उनका मुकाबला थाईलैंड की दूसरी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग से हो सकता है। महिला एकल ड्रॉ में ही तन्वी शर्मा का सामना चीनी ताइपे की पांचवीं वरीयता प्राप्त चियू पिन-चियान से, जबकि मालविका बंसोड़ का मुकाबला मलेशिया की गोह जिन वेई से होगा।

संक्षिप्त समाचार

## छत्तीसगढ़ की जेल में मिले एचआईवी संक्रमित चार कैदी, कैसे पहुंचा संक्रमण?

जांजगीर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के जांजगीर–चांपा जिला जेल में नियमित स्वास्थ्य जांच में




चार कैदी एचआईवी पॉजिटिव पाए गए। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पहले दो कैदियों में एचआईवी संक्रमण की पुष्टि हुई थी। उन्होंने आगे बताया कि इसके बाद जेल प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने अन्य कैदियों की स्क्रीनिंग कराई, जिसमें दो और संक्रमित पाए गए। जानकारी मिलते ही संक्रमित कैदियों का उपचार प्रारंभ कर दिया गया है। नियमित रूप से की जाती है जरूरी जांच जेल अधीक्षक डॉ. डी टोंडर ने बताया कि जेल में किसी भी कैदी को प्रवेश देने से पहले उसका स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाता है। बीपी, शुगर सहित अन्य आवश्यक जांच नियमित रूप से की जाती है। कराया जा रहा संक्रमित कैदियों का इलाज एचआईवी संक्रमित कैदियों का इलाज बिलासपुर से उपलब्ध दवाओं और चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार कराया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम यह पता लगाने में जुटी है कि संक्रमित कैदियों तक यह संक्रमण कैसे पहुंचा।

## सदन में सरकार का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने में वामपक्ष पूरी तरह विफल रहा : जी सुधाकरन

तिरुअनंतपुरम, एजेंसी। केरल में अंबालापुझा से संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (छस्र) समर्थित निर्दलीय विधायक और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के पूर्व नेता जी सुधाकरन ने रविवार को विपक्ष के नेता पिनराई विजयन पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि सदन में सरकार का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने में वामपक्ष पूरी तरह विफल रहा है। सुधाकरन अपने विधायक कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर आयोजित एक समारोह को संबोधित कर रहे



थे। माकपा नेता के तौर पर पूर्व मंत्री और कई बार विधायक रह चुके सुधाकरन ने जिला नेतृत्व द्वारा दरकिनार किए जाने का आरोप लगाते हुए पार्टी छोड़ दी थी। बाद में उन्होंने यूडीएफ के समर्थन से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में विधानसभा चुनाव लड़ा और अंबालापुझा से जीत हासिल की। राज्य की वित्तीय स्थिति पर मुख्यमंत्री वी. डी. सतीशन के हालिया भाषण का जिक्र करते हुए सुधाकरन ने कहा कि विपक्ष विधानसभा में अपना रुख बनाए रखने में नाकाम रहा। उन्होंने कहा, 'विधानसभा में सतीशन का एक भाषण हुआ था, जिसमें उन्होंने पिछली वाम लोकतांत्रिक मोर्चे (एलडीएफ) की सरकार से विरासत में मिली वित्तीय स्थिति की आलोचना की थी, लेकिन विपक्ष की ओर से अपने बचाव में एक शब्द भी नहीं बोला गया।' सुधाकरन के अनुसार, वामपंथ का एक मजबूत राजनीतिक और वैचारिक रुख है, लेकिन वर्तमान में विपक्ष में कोई भी ऐसा नेता नहीं है, जो इसे स्पष्ट रूप से सामने रख सके और इसका बचाव कर सके। उन्होंने कहा, 'विपक्ष में से किसी को खड़े होकर जवाब देना चाहिए था, लेकिन ऐसा करने वाला वहां कोई नहीं था।' विजयन की चुप्पी पर तंज कसते हुए सुधाकरन ने कहा कि पूरी बहस के दौरान विपक्ष के नेता पूरी तरह निष्क्रिय रहे।

# यवतमाल में शिवसेना का बड़ा शक्ति प्रदर्शन, जितेश नावडे और साहेबराव कांबले शिंदे गुट में शामिल

**यवतमाल , एजेंसी।** राजनीति में बदलाव को स्वाभाविक माना जाता है और इसी बदलाव की एक नई मिसाल यवतमाल जिले में देखने को मिली है। सहकारिता क्षेत्र के युवा उद्यमी एवं सामाजिक कार्यकर्ता जितेश नावडे ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ शिवसेना में प्रवेश कर जिले की राजनीतिक चर्चाओं को नया आयाम दे दिया है। जितेश नावडे इससे पहले शिवसेना (उद्धव की सहकार आघाड़ी में सक्रिय रूप से कार्यरत थे।

सहकारिता क्षेत्र में उनकी मजबूत पकड़, युवाओं के बीच लोकप्रियता तथा ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक संगठनात्मक नेटवर्क को देखते हुए उनके दल परिवर्तन को राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। आगामी जिला परिषद एवं स्थानीय स्वराज संस्थाओं के चुनावों के मद्देनजर इस घटनाक्रम का असर राजनीतिक समीकरणों पर पड़ने की संभावना जताई जा रही है। यह प्रवेश समारोह राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे तथा राज्य के मृदा एवं जलसंधारण मंत्री संजय राठौड़ के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिवसेना विदर्भ पश्चिम के सहसंपर्क प्रमुख पराग पिंगले प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने शिवसेना और पार्टी नेतृत्व के समर्थन में जोरदार नारेबाजी की, जिससे पूरा



सभागार उत्साह से गूंज उठा। समारोह में जितेश नावडे के करीबी समर्थक माने जाने वाले राजमोहन गिरी ने भी अपने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ शिवसेना का दामन थाम लिया। इससे पार्टी की संगठनात्मक ताकत और बढ़ने की चर्चा राजनीतिक गलियारों में शुरू हो गई है।

यवतमाल जिला स्थानीक स्वराज संस्था विधान परिषद चुनाव के ऐन मौके पर कांग्रेस को पटखनी देनेवाले पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार साहबराव कांबले ने आखिरकार रविवार को मुंबई में अधिकृत रूप से शिवसेना शिंदे समूह में प्रवेश किया। केवल सप्ताहभर पहले कांबले ने पूरी महाविकास आघाडी को अंधेरे में रखते हुए चुनाव से अपना नाम वापस ले लिया था। उन्होंने अब सीधे सत्ताधारियों के पार्टी में प्रवेश करने से यवतमाल की राजनीति में भूचाल आ गया है।

इस गतिविधि से जिले में कांग्रेस कमजोर हो गई है। विधान परिषद चुनाव के मैदान से नामांकन वापस लेने के बाद कांग्रेस पार्टी की ओर से दो दिनों पहले साहबराव कांबले को पार्टी से निलंबित कर दिया गया था। कार्रवाई को 24 घंटे बीतने से पहले ही कांबले ने मुंबई पहुंचकर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, पालकमंत्री संजय राठोड की उपस्थिति में शिवसेना का दामन थाम लिया। शिवसेना पार्टी प्रवेश से पूर्व साहबराव कांबले ने कांग्रेस नेताओं और स्थानीक जिलाध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाए। साहबराव कांबले ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अब केवल पैसों की भाषा करती है। जबरन उम्मीदवारी आवेदन भरवाने के बाद पैसों की डिमांड की गई। इतना ही नहीं तो जिलाध्यक्ष ने बार बार पिछडावर्गीय कहते हुए अपमान किया। अपने स्वाभिमान के लिए और कांग्रेस की कुटील नीतियों का विरोध करने के लिए उन्होंने यह निर्णय लेने का दावा किया।

## 5 साल के एमओयू से बदलेगी तस्वीर, नागपुर-वर्धा में मानसिक स्वास्थ्य पर फोकस

नागपुर, एजेंसी। मुंबई में राज्य के ग्रामीण और आदिवासी इलाकों की मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने के लिए महाराष्ट्र सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। नागपुर और वर्धा जिले में 'उड़ान' परियोजना को विस्तार देते हुए मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने स्वास्थ्य विभाग और दो स्वयंसेवी संस्थाओं के बीच पांच वर्षों के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) को मंजूरी दी है। राज्य सरकार के निर्णयानुसार ग्रामीण आदिवासी समाज विकास संस्था, सौसर (मध्य प्रदेश) और अन्यथा फाउंडेशन के सहयोग से जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा। यह समझौता 1 अगस्त, 2026 से 31 जुलाई, 2031 तक प्रभावी रहेगा। स्वास्थ्य विभाग ने इस समझौते के लिए स्वास्थ्य सेवा निदेशक को अधिकृत किया है। किसी प्रकार का अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं पड़ेगा। राज्य में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बढ़ते मामलों को देखते हुए यह निर्णय बेहद अहम माना जा रहा है। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य व तंत्रिका विज्ञान संस्थान के सर्वेक्षण के अनुसार देश में लगभग 10 से 14 प्रतिशत वयस्क किसी न किसी मानसिक विकार से प्रभावित हैं।

## डोमिनिकन रिपब्लिक में विमान हादसा, टेक ऑफ के समय क्रैश हुआ विमान

सैंटो डोमिंगो , एजेंसी। डोमिनिकन रिपब्लिक के ला रोमाना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक निजी विमान क्रैश हो गया। अमेरिका में पंजीकृत यह बिजनेस जेट रविवार को आपात लैंडिंग के समय दुर्घटनाग्रस्त हुआ। दुर्घटना के बाद विमान में आग लग गई। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि एयरस्ट्रिप से टकराने के बाद विमान आग के बड़े गोले में बदल गया। इस हादसे में विमान में सवार चालक दल के दोनों सदस्यों की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने सोशल मीडिया पर कई वीडियो साझा किए हैं। इन तस्वीरों और वीडियो में विमान आपातकालीन लैंडिंग का प्रयास करता देखा जा सकता है। दुर्घटना से ठीक पहले विमान तेज गति से रनवे पर घिसटता हुआ देखा गया। इसके बाद विमान रनवे से फिसलकर हवाई अड्डा परिसर में ही घास वाले क्षेत्र में चला गया और इसी समय भीषण आग लग गई। डोमिनिकन नागरिक उड्डयन संस्थान (आईडीएसी) ने इस घटना की पुष्टि की है। संस्थान ने बताया कि पायलट और सह–पायलट ही विमान में एकमात्र सवार थे। दुर्घटना के समय विमान में कोई यात्री मौजूद नहीं था। इसलिए बड़ी संख्या में लोग हताहत नहीं हुए। विमान के मॉडल को लेकर आईडीएसी ने कहा, यह एक गल्फस्ट्रीम जी200 दो इंजन वाला बिजनेस जेट था। अमेरिका में पंजीकरण के बाद इसे एन318जेएफ नंबर आवंटित हुआ था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हादसे से पहले विमान ला रोमाना से टेकऑफ हुआ था। ला रोमाना देश की राजधानी सैंटो डोमिंगो से लगभग 130 किलोमीटर पूर्व में स्थित लोकप्रिय पर्यटन शहर है। यह विमान अमेरिका के टेक्सास में ऑस्टिन जा रहा था। उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान आग लग गई। विमानन अधिकारियों की तरफ से जारी प्रारंभिक रिपोर्ट्स के अनुसार, विमान दुर्घटना से पहले चालक दल के सदस्यों ने आपात स्थिति की सूचना दी थी।

# जापान का नया और अनोखा आविष्कार, पुरुषों के लिए आई फिंगरप्रिंट लॉक वाली चड्डी

**टोक्यो, एजेंसी।** अपनी अजीबोगरीब और हैरान कर देने वाली टेक्नोलॉजी के लिए मशहूर जापान ने एक बार फिर दुनिया को दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया है। इस बार जापानी वैज्ञानिकों और इन्वेंटर्स ने पुरुषों के इनरवेयर (अंडरवियर) को लेकर एक ऐसा प्रयोग किया है जिसकी चर्चा पूरी दुनिया के सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल गई है।

जापान में पुरुषों के लिए एक स्पेशल स्मार्ट अंडरवियर तैयार किया गया है जिसमें हाई-टेक फिंगरप्रिंट लॉक (बायोमेट्रिक क्लैप) लगाया गया है। इस चड्डी की खासियत यह है कि यह सिर्फ और सिर्फ रजिस्टर्ड पार्टनर (पत्नी या गर्लफ्रेंड) के फिंगरप्रिंट से ही खुलेगी किसी दूसरे के छूने से भी यह लॉक नहीं खुलेगा। इस अनोखे प्रोडक्ट को बनाने के पीछे की वजह भी काफी दिलचस्प है। आविष्कारक का दावा है कि आजकल




के रिश्तों में बढ़ते एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर्स (शादी के बाद अवैध संबंध) और धोखेबाजी को रोकने के लिए इसे डिजाइन किया गया है। इसे पहनने के बाद पुरुष चाहकर भी कहीं और फिसल नहीं पाएंगे।

यह बायोमेट्रिक क्लैप पूरी तरह सील रहता है। इसमें लगी सेंसर बैटरी लंबे समय तक चलती है। कंपनी का कहना है कि अगर कभी बैटरी खत्म हो जाए तो इसमें एक इमरजेंसी मैनुअल मोड भी है लेकिन उसे एक्टिव करने के लिए भी पार्टनर की सहमति (परमिशन) होना जरूरी है।

विशेषज्ञों के मुताबिक यह आविष्कार समाज में बदलते रिश्तों और भरोसे की कमी का सबसे बड़ा उदाहरण है। आजकल के कपल्स में ट्रस्ट इश्यूज इतने बढ़ गए हैं कि लोग अब आपसी विश्वास के बजाय टेक्नोलॉजी की गारंटी पर भरोसा करने लगे हैं। पुराने जमाने की चेस्टिटी बेल्ट जैसी चीजें जो कभी काल्पनिक लगती थीं आज टेक कंपनियों ने उसे मेनस्ट्रीम मार्केट का हिस्सा बना दिया है।

जापान के बाजारों में इस प्रोडक्ट का पहला बैच लॉन्च होते ही हाथों-हाथ बिक गया है। हालांकि बायोमेट्रिक टेक्नोलॉजी और प्रीमियम सॉफ्ट-ब्रीथेबल फैब्रिक के इस्तेमाल के कारण इसकी कीमत काफी ज्यादा होने की उम्मीद है जिसे अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है। इस खबर को लेकर भारतीय सोशल मीडिया पर भी मीम्स और कमेंट्स की बाढ़ आ गई है। जहां भारतीय लड़कियां कमेंट्स में लिख रही हैं कि इसे जल्द से जल्द भारत में लाओ, हम पहला ऑर्डर बुक करेंगे, वहीं लड़के इसे पूरी तरह अमानवीय बताकर इस पर मजेदार चुटकुले शेयर कर रहे हैं।

# गाजा में इस्राइली हमलों में नौ फलस्तीनियों की मौत; बेन ग्वीर के सोशल मीडिया पोस्ट पर छिड़ा विवाद

**गाजा, एजेंसी।** गाजा में रविवार को इस्राइल के हवाई हमलों में कम से कम नौ फलस्तीनी मारे गए। फलस्तीनी रेड क्रिसेंट के अनुसार, दक्षिणी गाजा के खान यूनिस शहर में एक पुलिस चौकी पर हुए इस्राइली हवाई हमले में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों और मृतकों को रेड क्रिसेंट द्वारा संचालित फील्ड अस्पताल में ले जाया गया। इसके बाद दिन में गाजा सिटी के पश्चिमी इलाके में एक वाहन पर हुए इस्राइली हमले में कम से कम चार और फलस्तीनियों की मौत हो गई। शिफा अस्पताल ने इन मृतकों के शव प्राप्त होने की पुष्टि की है। तत्काल कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई। हालांकि, इस्राइल पहले भी कहता रहा है कि वह उन लड़ाकों को निशाना बनाता है जो उसकी सेना के लिए खतरा बन सकते हैं। पिछले साल अक्तूबर में अमेरिका की मध्यस्थता से हुए युद्धविराम समझौते के बाद बड़े पैमाने की लड़ाई में कमी आई है, लेकिन इसके बावजूद लगभग रोजाना इस्राइली गोलीबारी और हमलों की घटनाएं सामने आ रही हैं। इस बीच, ईरान द्वारा इस्राइल पर मिसाइलें दागे जाने के बाद सुरक्षा स्थिति बिगड़ने का हवाला देते हुए इस्राइल ने गाजा के साथ सभी सीमा पार मार्गों को अगली सूचना तक



बंद कर दिया है। गाजा में मानवीय सहायता की निगरानी करने वाली इस्राइली रक्षा एजेंसी ने इसकी जानकारी दी। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कैबिनेट बैठक के दौरान कहा कि इस्राइल जल्द ही गाजा के 70 प्रतिशत हिस्से पर नियंत्रण हासिल कर लेगा। उन्होंने कहा, इस समय हमारे नियंत्रण में गाजा का 60 प्रतिशत से अधिक क्षेत्र है और जल्द ही हम 70 प्रतिशत तक पहुंच जाएंगे। नेतन्याहू ने यह भी कहा कि इस्राइल हमास को दोबारा हथियार जुटाने या इस्राइल को नुकसान पहुंचाने की अनुमति नहीं देगा। वहीं, अमेरिका द्वारा गठित बोर्ड ऑफ पीस के प्रमुख ने पिछले महीने माना था कि युद्धविराम प्रक्रिया का अगला चरण फिलहाल रुका हुआ है। इसका सबसे बड़ा कारण हमास को निरस्त्र करने के मुद्दे पर दोनों पक्षों के बीच सहमति न बन पाना बताया गया है। एक अलग घटना में इस्राइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने सुरक्षा बलों की सराहना की, जिन्होंने एक हमलावर को मार गिराया था। इस्राइल के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-गवीर ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया, जिसमें वह मृत हमलावर के शव के पास खड़े दिखाई दिए। वीडियो में बेन-गवीर ने कहा, हर आतंकवादी का यही अंत होना चाहिए। बेन-गवीर हाल ही में फलस्तीनी हमलावरों के लिए मृत्युदंड लागू करने संबंधी कानून को आगे बढ़ाने की कोशिश कर चुके हैं।

## चुनावी धांधली के दावों पर सबूत मांगने पर भड़के ट्रंप, पत्रकार को बताया 'भ्रष्ट'; बीच में छोड़ा इंटरव्यू

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक बार फिर मीडिया के साथ तीखी बहस को लेकर चर्चा में हैं। इस बार उन्होंने एनबीसी न्यूज की पत्रकार क्रिस्टन वेल्कर के साथ इंटरव्यू के दौरान न केवल तीखी बहस की, बल्कि इंटरव्यू बीच में ही छोड़कर चले गए। ट्रंप ने पत्रकार और मीडिया संस्थानों पर पक्षपातपूर्ण और बेईमान होने का आरोप लगाया। रविवार को प्रसारित हुए इस इंटरव्यू में ट्रंप ने कैलिफोर्निया के गवर्नर चुनाव का मुद्दा उठाते हुए दावा किया कि चुनाव परिणाम आने में देरी इसलिए हो रही है क्योंकि चुनाव में धांधली की जा रही है। उन्होंने कहा कि मतदान के चार दिन बाद भी नतीजे घोषित नहीं हो पाए हैं, जो उनके अनुसार चुनावी गड़बड़ी का संकेत है। ट्रंप ने 2020 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव को लेकर अपने पुराने आरोप भी दोहराए। उन्होंने कहा कि 2020 का चुनाव धांधली वाला था और अब कैलिफोर्निया में भी वैसा ही हो रहा है। जब पत्रकार क्रिस्टन वेल्कर ने उनसे इन आरोपों के समर्थन में सबूत मांगे तो ट्रंप ने



कहा, 'मुझे सिर्फ देखना है, वही काफी है'। वहीं पत्रकार ने जब उन्हें याद दिलाया कि अदालतों और चुनाव अधिकारियों ने ऐसे आरोपों की पुष्टि नहीं की है, तो ट्रंप नाराज हो गए। उन्होंने कहा, 'वे सभी भ्रष्ट हैं, ठीक आपकी तरह। आपका प्रेस भ्रष्ट है और 'मीट द प्रेस' भी भ्रष्ट है'। इस दौरान पत्रकार ने अपना बचाव करते हुए कहा कि वह भ्रष्ट नहीं हैं, लेकिन ट्रंप ने जवाब दिया, 'या तो आप भ्रष्ट हैं या फिर मूर्ख हैं। आप जानते हैं कि चुनावों में धांधली हो रही है और आपका नेटवर्क भी यह जानता है'। बहस बढ़ने के साथ ट्रंप ने एनबीसी के अलावा एबीसी, सीबीएस और सीएनएन जैसे अन्य प्रमुख अमेरिकी मीडिया संस्थानों को भी 'एकतरफा' और 'भ्रष्ट' बताया। उन्होंने कहा कि अमेरिका चुनाव प्रबंधन के मामले में 'तीसरी दुनिया के देश' जैसा बन गया है। कुछ देर बाद ट्रंप ने स्पष्ट रूप से कहा कि अब वह इंटरव्यू जारी नहीं रखना चाहते। उन्होंने कहा, 'बस, अब बहुत हो गया। यहीं खत्म करते हैं। धन्यवाद'। इसके बाद वह इंटरव्यू छोड़कर चले गए। हालांकि वेल्कर ने उन्हें रोकने और बातचीत जारी रखने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि वह इस इंटरव्यू के लिए विशेष रूप से विस्कॉन्सिन तक आई हैं। इस पर ट्रंप ने जवाब दिया कि उन्होंने बारिश में एक घंटे तक इंटरव्यू दिया है और अब काफी समय दे चुके हैं।

# अयोध्या राम मंदिर चढ़ावे में करोड़ों के हेरफेर का मामला: अखिलेश यादव ने कोर्ट से की स्वतः संज्ञान की मांग

**लखनऊ, एजेंसी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अयोध्या स्थित भव्य राम मंदिर के चढ़ावे से जुड़े एक गंभीर मामले को लेकर मौजूदा सरकार पर जमकर निशाना साधा है. सपा मुखिया ने मंदिर के चढ़ावे में आए करोड़ों रुपये रहस्यमयी तरीके से गायब होने के आरोपों को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने इस पूरे घटनाक्रम को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के लिए बेहद शर्मनाक करार दिया है.

**अदालत से स्वतः संज्ञान लेने की मांग:** इस हाई-प्रोफाइल मामले को लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक विस्तृत पोस्ट साझा की है. अखिलेश यादव ने अपनी पोस्ट में लिखा है कि पूरे विश्व में भगवान राम के करोड़ों उपासकों के लिए यह एक बेहद संवेदनशील और विचलित करने वाला समाचार है. उन्होंने आगे लिखा कि राम मंदिर के चढ़ावे की करोड़ों की भारी-भरकम रकम का गायब पाया जाना बेहद गंभीर विषय है. कोई भी जिम्मेदार अधिकारी या ट्रस्टी इस विषय पर खुलकर सफाई देने के लिए सामने नहीं आना चाहता है.

**वैश्विक सनातनी समाज की आस्था का सवाल:** अखिलेश यादव ने माननीय अदालत से इस पूरे मामले का तत्काल स्वतः संज्ञान लेने का पुरजोर अनुरोध किया है. उन्होंने तर्क दिया कि इसका सीधा संबंध वैश्विक स्तर पर बसे सभी सनातनी समाज की प्रभु श्री राम में अटूट और गहरी आस्था से जुड़ा हुआ है. पूर्व मुख्यमंत्री ने इस संवेदनशील मुद्दे पर उत्तर प्रदेश और केंद्र सरकार की रहस्यमयी चुप्पी को बेहद संदिग्ध बताया है. अखिलेश यादव के इस बड़े हमले के तुरंत बाद समाजवादी पार्टी के आधिकारिक मीडिया सेल ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा की है. सपा मीडिया सेल ने अपने पोस्ट के जरिए इस पूरे मामले पर बेहद कड़ा और सीधा प्रहार किया है.



मीडिया सेल की पोस्ट में लिखा गया है कि अयोध्या में राम मंदिर चढ़ावे से करोड़ों रुपये की रकम का हेर-फेर या चोरी हो जाना महज एक वित्तीय अनियमितता नहीं है. यह न सिर्फ बेहद शर्मनाक है, बल्कि इस पूरे पावन प्रोजेक्ट के जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर भी एक बड़ा सवालिया निशान खड़ा करता है. इस अति संवेदनशील मामले में ट्रस्ट से जुड़े सभी वरिष्ठ लोगों को तत्काल सामने आकर देश के समक्ष अपना स्पष्टीकरण देना चाहिए. सपा ने मांग की है कि राम मंदिर निर्माण कार्य के लिए राम भक्तों की गाढ़ी कमाई से आए चढ़ावे का पूरा लेखा-जोखा सार्वजनिक किया जाए. अब तक कुल कितनी रकम प्राप्त हुई और उसे कहाँ-कहाँ खर्च किया गया, इसका पूरा हिसाब-किताब जनता के सामने आना चाहिए. मंदिर की पवित्र रकम में किसी भी प्रकार का हेरफेर, घपला-घोटाला या वित्तीय चोरी किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जा सकती. समाजवादी पार्टी ने इसे करोड़ों राम भक्तों की पावन आस्था पर एक बड़ा और क्रूर प्रहार बताया है.

सोशल मीडिया पर सरकार को घेरते हुए सपा नेताओं ने तीखा तंज कसा कि कम से कम भाजपा नेताओं को भगवान के घर को तो बख्श देना चाहिए. समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा लगाए गए इन गंभीर वित्तीय आरोपों पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने भी त्वरित प्रतिक्रिया दी है. विवाद को बढ़ता देख ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने रविवार को एक आधिकारिक लिखित बयान जारी कर स्थिति स्पष्ट की है. चंपत राय ने अपने बयान में कहा कि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र का समय-समय पर पूरी पारदर्शिता के साथ आंतरिक ऑडिट किया जाता है. बैंक प्रतिनिधियों की मौजूदगी में ऑडिट जारीः उन्होंने कहा कि इस रूटीन ऑडिट कार्य में ट्रस्ट के लेखाकारों के साथ-साथ भारतीय स्टेट बैंक के वरिष्ठ प्रतिनिधि भी अनिवार्य रूप से सम्मिलित रहते हैं. मंदिर के खातों और चढ़ावे का यह विस्तृत वित्तीय ऑडिट कार्य कई दिनों तक लगातार चलता है. चंपत राय ने जानकारी दी कि ऑडिट का यही नियमित कार्य आजकल भी अयोध्या में पूरी सतर्कता के साथ किया जा रहा है. उन्होंने अखिलेश यादव के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि अभी तक के ऑडिट में कोई भी संदिग्ध या उल्लेखनीय बात सामने नहीं आई है.अयोध्या राम मंदिर के चढ़ावे से करोड़ों रुपये गायब होने के अखिलेश यादव के आरोपों पर अब श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से पहली आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने आई है।

## गुरुग्राम: 14 साल से रह रहे निवासियों के लिए खुशखबरी, यूनिटेक 'हार्मनी' को मिला फाइनल कंप्लीशन सर्टिफिकेट

**नया गुरुग्राम, एजेंसी।** सेक्टर-50 स्थित गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड के निकट लगभग 10.50 एकड़ क्षेत्र में विकसित यूनिटेक की रिहायशी परियोजना हार्मनी को हरियाणा के टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग (डीटीसीपी) द्वारा फाइनल कम्पलीशन सर्टिफिकेट जारी कर दिया गया है।



इसके साथ ही हार्मनी यूनिटेक की पहली और अब तक की एकमात्र ग्रुप हाउसिंग सोसायटी बन गई है जिसे फाइनल कम्पलीशन सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ है। विभाग ने 4 जून को जारी पत्र में परियोजना को विभिन्न नियमों एवं शर्तों के अनुरूप पाते हुए यह प्रमाणपत्र जारी किया है। वर्ष 2006 में इस परियोजना का लाइसेंस जारी हुआ था और पिछले लगभग 14 वर्षों से यहां करीब 400 परिवार रह रहे हैं। वर्षों के इंतजार के बाद फाइनल कम्पलीशन सर्टिफिकेट मिलना निवासियों के लिए बड़ी उपलब्धि है। डीटीसीपी द्वारा जारी फाइनल कम्पलीशन सर्टिफिकेट में स्पष्ट किया गया है कि कालोनी के विकास कार्य, सड़कें, जलापूर्ति, सीवरेज और अन्य बुनियादी सुविधाएं निर्धारित नियमों के अनुरूप हैं। साथ ही कालोनाइजर को सार्वजनिक सुविधाओं के रखरखाव और संचालन से संबंधित निर्धारित शर्तों का पालन भी करना होगा। जानकारी के अनुसार, फाइनल कम्पलीशन सर्टिफिकेट मिलने के बाद अब यूनिटेक प्रबंधन सोसायटी के रखरखाव और संचालन की जिम्मेदारी रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) को सौंपने की तैयारी कर रहा है। इससे भविष्य में सोसायटी के प्रबंधन और रखरखाव में निवासियों की भागीदारी और अधिक बढ़ेगी। यूनिटेक प्रबंधन के द्वारा लगातार समन्वय के चलते यह कार्य संभव हो पाया है। हम लंबे समय से विभिन्न लंबित परियोजनाओं को आगे बढ़ाने और उन्हें नियामकीय प्रक्रियाओं के अनुरूप पूरा करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः संपादक देवन प्रसाद मो. 9212228045, 8130691216, (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, 9971557129 रंजीत राय फोन नं-011-45795464,